दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शनिवार, 29 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-अमावस्या, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 339 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

इन दिनों गद्दार को लेकर गदर मचा हुआ है। कोई भी किसी को भी गद्दार कह देता है। नतीजतन कोहराम मच जाता है। बवाल होने के बाद भी ऐसे लोग अपनी बात पर कायम रहते हैं। उनसे माफी मांगने की मांग की जाती है तो हेकड़ी दिखाते हुए पुष्पा की स्टाइल में ये कहते हैं - मैं झूकेगा नहीं...। वे झुक भी नहीं सकते क्योंकि बदजुबानी की उन्हें मोटी फीस मिलती है। व्यर्थ का बवाल खड़ा करने वाले सुपारीबाजों के लिए भले ही यह गंदा है पर उनका धंधा है। पैसे के लिए ये अपने बाप को भी गद्दार कह सकते हैं।

एसीबी ने नौकरी के नाम पर रिश्वत लेते मंडल निरीक्षक को पकड़ा

■ दो महीने के भीतर जिले में दूसरी कार्रवाई

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की कार्रवाई जारी है. एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आज सक्ती जिले में नौकरी लगाने के नाम पर रिश्वत लेते मंडल निरीक्षक को रंगे हाथों पकड़ा। दो महीनेभर के भीतर सक्ती जिले में ट्रैप की यह दूसरी कार्रवाई है।

ग्राम कुटराबोड़ जिला सक्ती के राजेंद्र जांगड़े ने एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में नौकरी के नाम पर रिश्वत लेने की शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि उसका बेटा रवींद्र जांगड़े बालक अनुसूचित जाति बालक आश्रम कुटराबोड़ में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में चौकीदारी और रसोइया का काम करता है।आज से करीब एक माह पूर्व इस छात्रावास में लगे इलेक्ट्रिक बोर्ड को अज्ञात लोगों ने तोड़ दिया था, जिससे उसके बेटे रवींद्र जांगड़े को उसके पद से हटा दिया गया था, जिस पर रवींद्र जांगड़े ने उसे (प्रार्थी राजेंद्र जांगड़े) को विभाग के अधिकारियों से मिलकर काम पर फिर से रखने के लिए निवेदन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एसीबी ने खांडेकर से रिश्वत की रकम जब्त की

रिश्वती रकम को कार में रखते ही पहले से घेराबंदी में लगी एसीबी बिलासपुर की टीम ने आरोपी संदीप खांडेकर को पकड़ लिया और रिश्वती रकम बरामद किया. आरोपी के विरुद्ध एसीबी ने धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की. बता दें कि करीब 2 माह के भीतर ही कुटराबोड जैजैपुर में राजस्व निरीक्षक बद्रीनारायण जांगड़े को भी रिश्वत लेते हुए एसीबी बिलासपुर के टीम ने पकड़ा था. लगातार हो रही इस कार्रवाई से आम जनता ने राहत महसूस की है. एसीबी की सूत्रों के अनुसार भ्रष्टाचार के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई निरंतर आगे भी जारी रहेगी।

सरकार ने उर्वरकों की कीमत स्थिर रखा: जेपी नड्डा

नयी दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय रासायन एवं उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरक की कीमतों में उतार चढाव के बावजूद हमारे यहां कीमतें स्थिर है। नड्डा ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार है जिसमें उर्वरक की दृष्टि से जो भी संभव प्रयास थे वह किये गये हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 से 2018 तक यूरिया का 50 किलो का बोरा 268 रुपये में मिलता था जो वर्तमान में प्रति बोर 245 रुपये में मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार 2012 में एक क्विंटल की बोरी वर्ष 2012 से 2018 तक 536 रुपये में मिलती थी जो वर्तमान में 538 रुपये में मिल रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ दर्ज मुकदमा किया रद्द

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की ओर से सोशल मीडिया पर एक कथित आपत्तिजनक कविता पोस्ट करने के मामले में गुजरात पुलिस की ओर से जनवरी में उनके खिलाफ दर्ज मुकदमा को शुक्रवार को रद्द कर दिया। पीठ कहा कि सांसद द्वारा राज्य के दौरे के दौरान सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई कविता ...ऐ खून के प्यासे बात सुनो... से संबंधित मामले में कोई अपराध नहीं बनता है। पीठ ने फैसले के अंश सुनाते हुए कहा कि पुलिस को ऐसे मामलों में प्राथमिक की दर्ज करने से पहले लिखित या बोले गए शब्दों का अर्थ समझना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि बोलने और अभिव्यक्ति के अधिकार पर उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ दायर याचिका खारिज

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के राष्ट्रीय राजधानी में स्थित सरकारी आवास पर 14-15 मार्च की रात आगजनी की घटना के दौरान कथित रूप से बेहिसाब धन मिलने के मामले में उनके खिलाफमुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस को निर्देश देने की गुहार वाली याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह कहते हुए याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया कि 'इन-हाउस' जांच पूरी हो जाने बाद सभी रास्ते खुले हैं।

म्यांमार में भूकंप, 20 की मौत

आपदा में 13 लोग मारे गये और कम से कम 200 घायल

यांगून (वार्ता)। म्यांमार में शुक्रवार को भूकंप के शक्तिशाली झटके महसूस किये गये, जिसके कारण 20 लोगों की मौत हो गयी। अमेरिकी अखबार 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' ने शुक्रवार को मांडले के एक अस्पताल के हवाले से यह जानकारी दी। अखबार की पहले की रिपोर्ट में संकेत दिया गया था कि आपदा में 13 लोग मारे गये और कम से कम 200 अन्य घायल हो गये।

म्यांमार और बैंकॉक में भूकंप से तबाही, आपातकाल का ऐलान

म्यांमार की सीमा से लगे दक्षिण-पश्चिमी चीन के युन्नान प्रांत में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि युन्नान में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.20 बजे भूकंप महसूस होने पर प्रांतीय राजधानी कुनमिंग के लोग खतरे से बचने के लिए बाहर आ गए और काफी देर तक बाहर ही रहे।

वहीं म्यांमार की सीमा से लगे शिशुआंगबन्ना दाई स्वायत्त प्रान्त के जिंगहोंग शहर के निवासी ली झिहाओ ने कहा कि उन्होंने लगभग एक मिनट तक भूकंप महसूस किया। भूकंप का केंद्र 21.85 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 95.95 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था।

चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र की तरफ से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप 30 किलोमीटर की गहराई पर आया।

भूकंप के बाद आपातकाल का एलान, दहशत में बैंकॉक की जनता

भूकंप पीड़ितों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

थाईलैंड में भूकंप से प्रभावित हुए लोगों के लिए बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन और आपातकालीन संपर्क नंबर जारी किए हैं। थाईलैंड में भारतीय नागरिक किसी भी तरह की मदद के लिए आपातकालीन नंबर +66 618819218 पर संपर्क कर सकते हैं।

बैंकॉक में 90 लापता, बचाव कार्य जारी

थाईलैंड के रक्षा मंत्रालय ने 90 लोगों के लापता होने की पुष्टि की है। सरकार ने बताया कि बहुमंजिला इमारत गिरने के बाद तीन लोगों की मौत हुई, जबकि 90 लोग लापता हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है। म्यांमार में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इस प्राकृतिक आपदा में कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन करने का प्रयास जारी है। रिक्टर पैमाने पर सबसे तेज झटकों की तीव्रता 7.7 मापी गई। चार घंटे से भी कम समय में चार भूकंप के झटकों के कारण जनता डरी हुई है। थाईलैंड में प्रधानमंत्री ने आपातकाल का एलान कर दिया है। भारत ने भी हरसंभव मदद करने का वादा किया है।

बैंकॉक में रहने वाली एक महिला भूकंप के झटकों से आतंकित दिखी। महिला ने कहा कि हर कोई डरा हुआ है, बच्चे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

युद्धक्षेत्र में सफलता से पुतिन उत्साहित

■ यूक्रेन एन प्रायोजित बाहरी शासन के अधीन रहे

वाशिंगटन(वार्ता)। मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को एक बयान दिया जिसमें उन्होंने यूक्रेन को संयुक्त राष्ट्र की देखरेख में बाहरी शासन के तहत रखने का सुझाव दिया। उनका कहना था कि यह कदम एक शांति समझौते तक पहुंचने के प्रयासों के तहत हो सकता है। यूक्रेन के खिलाफ युद्धक्षेत्र में सफलता से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन काफी उत्साहित है। वहीं शुक्रवार की सुबह टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में उन्होंने रूसी परमाणु पनडुब्बी के चालक दल को संबोधित किया। इस दौरान व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को संयुक्त राष्ट्र प्रायोजित बाहरी शासन के अधीन रखा जाए।

यूक्रेन में अस्थायी शासन पर पुतिन की टिप्पणी : पुतिन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के तहत, अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ, वे यूक्रेन में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पुतिन ने जेलेंस्की को बताया अवैध

वहीं इस दौरान व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को अवैध बताया, क्योंकि उनका कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था और उनके अनुसार, कोई भी समझौता जो वर्तमान यूक्रेनी सरकार के साथ किया जाएगा, उसे उनके उत्तराधिकारी चुनौती दे सकते हैं। बता दें कि, यूक्रेन के संविधान के तहत देश में मार्शल लॉ के दौरान राष्ट्रीय चुनाव कराना अवैध है।

पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने फिर फोड़ा लेटर बम

निगम-मंडलों की नियुक्ति को लेकर भाजपा अध्यक्ष नड्डा को लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर की कलम है कि थमने का नाम नहीं ले रही है। वन रक्षक भर्ती के बाद जल जीवन मिशन में गड़बड़ी को लेकर पत्र लिखने के बाद अबकी बार निगम-मंडलों में नियुक्ति को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखा है।

पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर ने बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखे अपने पत्र में 2003-18 तक निगम-मंडलों में दलालों के बैठने की वजह से प्रदेश से भाजपा की सरकार जाने की बात कही है। उन्होंने पूर्व निगम-मण्डल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एक घराने के लिए नियमों में बदलाव किये जा रहे: कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि देश में एक उद्योग घराने को लाभ पहुंचाने के लिए हवाई अड्डा संचालन के नियमों में बदलाव किये जा रहे हैं और इनका निजीकरण किया जा रहा है। कांग्रेस के नीरज डांगी ने सदन में 'वायुयान वस्तुओं में हित संरक्षण विधेयक 2025' पर चर्चा शुरू करते हुए कहा कि हवाई अड्डों का निजीकरण किया जा रहा है। एक उद्योग घराना काबिज होता जा रहा है। एक विशेष उद्योग घराने के हित के अनुरुप नियम बनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय और नीति आयोग की सिफारिशों को दरकिनार किया गया है। हवाई अड्डों को घाटे में दिखाया जाता है और बेच दिया जाता है। इससे पहले नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने सदन में 'वायुयान वस्तुओं में हित संरक्षण विधेयक 2025' चर्चा के लिए पेश किया। यह विधेयक 10 फरवरी को राज्यसभा में पेश किया गया।

बृजमोहन अग्रवाल ने एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा दिलाने का उठाया मुद्दा

■ निवेश और पर्यटन को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ में हवाई कनेक्टिविटी जरूरी

नई दिल्ली/नवप्रदेश। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शुक्रवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान अहम मुद्दा उठाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य में हवाई सेवाओं के विस्तार और रायपुर हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने के लिए संसद में प्रखर अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यह समय की जरूरत है।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ औद्योगिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से देश का एक उभरता हुआ राज्य है। यहां बाल्को, जिंदल, भिलाई स्टील प्लांट, हिंडाल्को, एनएमडीसी, एनटीपीसी जैसे कई बड़े उद्योग स्थापित हैं. इसके अलावा, राज्य में 32प्रतिशत आदिवासी और 12प्रतिशत अनुसूचित जाति समुदाय के लोग निवास करते हैं. रायपुर हवाई अड्डे से प्रतिमाह 60,000 से 70,000 रुपए लोग देश-विदेश की यात्रा करते हैं, साथ ही कई अंतरराष्ट्रीय निवेशक छत्तीसगढ़ में निवेश के इच्छुक हैं।

किन्तु अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की अनुपलब्धता के कारण निवेश की संभावनाओं को पूरी तरह से साकार नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि अगर रायपुर हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा दिया जाए और आवश्यक सुविधाएं, जैसे इमिग्रेशन ऑफिस, एक्साइज ऑफिस, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

वन प्रबंधन

वन आधारित आजीविका पर जनजातीय समुदायों के लिए कार्यशाला

समाज का वन से है गहरा रिश्ता : सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनजातीय समुदायों के लिए वन आधारित आजीविका पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ किया. एक दिवसीय कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ वन-आधारित आजीविका और सतत् वन प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी? मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय समाज का वन से गहरा रिश्ता है। उन्होंने इस आयोजन के लिए वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और नीति आयोग का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वे 60 वर्ष के हो चुके हैं और 35 साल का राजनीतिक सफर देख चुके हैं. उन्होंने अपने बचपन

को याद करते हुए कहा कि तब वनोपज का सीधा लाभ लिया जाता था. इस दौरान देश और जनजातीय समाज में काफी विकास हुआ है. उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के 44प्रतिशत भू-भाग में वन हैं और राज्य की 31प्रतिशत आबादी जनजातीय समुदाय से आती है। उन्होंने कहा कि पहले विधानसभा चुनाव में भाजपा को जनादेश मिला, जिसके बाद छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर हुआ। आज प्रदेश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था पूरे देश में मशहूर है।

उन्होंने कहा कि वनोपज की खरीदी के लिए प्राधिकरण का गठन किया गया और बस्तर एवं सरगुजा संभाग में विकास सुनिश्चित करने के लिए दो प्राधिकरण बनाए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज का काफी विकास हुआ है और सरकार ने वन अधिकार पट्टा देकर उन्हें उनके हक दिलाने का कार्य किया है. इस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वन संपदा देशभर से समृद्ध

कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हमारी जनजातीय संस्कृति और वन संपदा देशभर में समृद्ध है। आने वाले समय में इसे संजोए रखने के लिए लगातार मंथन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के लिए वन आधारित जीवकोपार्जन के अवसरों पर यह कार्यशाला महत्वपूर्ण है. वनों के संरक्षण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इससे भविष्य सुरक्षित रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को भी इसका लाभ मिलेगा. साथ ही, हमारे फॉरेस्ट अधिकारियों को खास ध्यान रखने की जरूरत है।

समुद्री माल परिवहन विधेयक 2024 लोकसभा से पारित

नयी दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा ने समुद्री माल परिवहन विधेयक 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। केन्द्रीय जलमार्ग एवं पोत परिवहन मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने सदन में इस विधेयक पर हुई चर्चा का संक्षिप्त जवाब दिया और इसके बाद इस विधेयक का ध्वनिमत से पारित कर दिया। सदन ने विपक्ष के नेताओं द्वारा लाये गये संशोधनों को बहुमत से खारिज कर दिया। श्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि ये विधेयक स्वतंत्रता पूर्व का कानून के स्थान पर लाया गया है। आज भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र है तो देशवासियों की इच्छा है कि हमारे कानून हमारे दृष्टिकोण से बने। इसे लाने का काम हमारे सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। देश में बहुत बड़ा बदलाव देखा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 95 प्रतिशत लोग और 75 प्रतिशत माल की ढुलाई इस रास्ते की जाती है। सभी पक्षकारों से लंबी चर्चा के बाद सभी के हितों का ख्याल रखा गया है। इस विधेयक में 1925 के कानून को बदलने का प्रयास किया गया है। भारतीय विधिक प्रणाली में ब्रिटिश कालीन कानूनों एवं नियमों की भरमार थी। प्रधानमंत्री ने इन्हें समझ कर आधुनिक बनाया या खत्म किया।

भूकंप के दौरान चंद सेकंड में धराशायी हुई गगनचुंबी इमारत

बैंकॉक/ए.। दक्षिण-पूर्व एशिया में शुक्रवार को आए दो तेज भूकंप के झटकों से जमकर तबाही हुई। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में कई इमारतें हिल गईं। इस दौरान एक निर्माणाधीन ऊंची इमारत देखते ही देखते धराशायी हो गई। बैंकॉक में ऊंची-ऊंची छतों वाले पूलों से पानी बहकर सड़कों पर आ गया और कई इमारतों से मलबा गिरने लगा। इसके अलावा शहर के साथ-साथ पड़ोसी म्यांमार में भी लोग दहशत में देखे गए। प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक, अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मनी के जीएफजेड भूविज्ञान केंद्र ने बताया कि दोपहर के भूकंप का केंद्र म्यांमार में 10 किलोमीटर (6.2 मील) की गहराई में था।

इमारतों में अलार्म बजने लगे

दोपहर 1:30 बजे भूकंप आने पर इमारतों में अलार्म बजने लगे और घबराए हुए लोगों को घनी आबादी वाले मध्य बैंकॉक में ऊंची इमारतों और होटलों की सीढ़ियों से नीचे उतारा गया। वे

प्रधानमंत्री ने बुलाई आपाताकीन बैठक

प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा ने भूकंप के प्रभाव का आकलन करने के लिए आपातकालीन बैठक बुलाई है। ग्रेटर बैंकॉक इलाके में 1.7 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। यहां कई ऊंची इमारते हैं।

भूकंप के बाद दोपहर की तपती गर्मी और आग उगलते सूरज के बीच सड़कों पर ही रहे।

भूकंप देश के लगभग सभी इलाके में महसूस किया गया

थाईलैंड के आपदा निवारण विभाग ने कहा कि भूकंप देश के लगभग सभी इलाके में महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र मध्य म्यांमार में था, जो मोनीवा शहर से लगभग 50 किलोमीटर (30 मील) पूर्व में था। राजधानी नेपीता में भूकंप से धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा। धार्मिक इमारतों के कुछ हिस्से जमीन पर गिर गए और कुछ घर भी क्षतिग्रस्त हुए। म्यांमार से नुकसान की रिपोर्ट अब तक उपलब्ध नहीं हो सकी है, क्योंकि वहां गृहयुद्ध चल रहा है।

कोलकाता, इंफाल और मेघालय में भी महसूस किए गए भूकंप के हल्के झटके

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आने के बाद शुक्रवार को कोलकाता, इंफाल और मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स जिले में भी भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए. भूकंप का केंद्र मध्य म्यांमार में था, जो मोनीवा शहर से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में है. कोलकाता और उसके आस-पास के इलाकों से भूकंप के झटके महसूस किए गए. हालांकि, आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, भूकंप के कारण शहर में संपत्ति या जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है. मणिपुर में भूकंप के झटकों से इंफाल के थंगल बाजार के निवासियों में दहशत फैल गई, जहां कई पुरानी बहुमंजिला इमारतें स्थित हैं। हालांकि, पुलिस ने कहा कि अभी तक किसी नुकसान की खबर नहीं है. अधिकारियों ने बताया कि मणिपुर के उखरुल जिले में दोपहर 1:07 बजे एक और भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 2.5 दर्ज की गई. शिलांग के अधिकारियों ने पुष्टि की कि बैंकॉक भूकंप के एक घंटे बाद मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स जिले में भी हल्की तीव्रता का भूकंप आया. क्षेत्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, यह दोपहर 1:03 बजे आया. आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने कहा, "जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।"

भोजपुर में बॉयलर फटने से हादसा, 3 लोगों की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ. दतेड़ि गांव, पिलखुवा रोड स्थित एक पेपर मिल में बॉयलर फटने से तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई. धमाका इतना तेज था कि पूरी फैक्ट्री में आग फैल गई और आसपास अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी, इसके बाद राहत और बचाव कार्य शुरू हुआ। रात की शिफ्ट में आधा दर्जन से अधिक मजदूर काम कर रहे थे. शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे फैक्ट्री के अंदर अचानक तेज धमाका हुआ. बताया जा रहा है कि बॉयलर में अत्यधिक दबाव के कारण यह विस्फोट हुआ, जिससे आग लग गई और वहां काम कर रहे मजदूर इसकी चपेट में आ गए। मृतकों की पहचान योगेंद्र कुमार, निवासी गांव मुकीमपुर थाना भोजपुर, अनुज, निवासी कृष्णानगर मोदीनगर और अवधेश, निवासी गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है. तीनों मजदूर बॉयलर फटने के कारण गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, लक्की नामक मजदूर, जो गांव सुहाना थाना निवाड़ी का निवासी है, गंभीर रूप से घायल हो गया।

रूस का अमेरिका के साथ रणनीतिक संतुलन है : पुतिन

मरमंस्क(वार्ता)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि अमेरिका के साथ रणनीतिक संतुलन है और रूस अपनी नौसेना को समयबद्ध और सावधानीपूर्वक तरीके से विकसित करेगा। पुतिन ने कहा, हमारा अमेरिका के साथ रणनीतिक संतुलन है।

ऑक्सफोर्ड विवि में ममता बनर्जी का विरोध

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री इन दिनों ब्रिटेन दौरे पर हैं। जहां बुधवार को उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के केलॉग कॉलेज में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले और पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद हिंसा को लेकर लोगों ने सीएम ममता बनर्जी का विरोध किया। इसे भाजपा ने बंगाल के लिए कलंक बताया।भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया। इसमें उन्होंने दावा किया कि बंगाली हिंदुओं ने लंदन के केलॉग कॉलेज में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विरोध किया। लोगों ने आरजी कर में महिला डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या, संदेशखली में महिलाओं के खिलाफ अपराध, हिंदुओं के नरसंहार और व्यापक भ्रष्टाचार के लिए उन पर गुस्सा भरे नारे लगाए। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के खिलाफ कुछ पोस्टर लगाए गए। यह पश्चिम बंगाल के लिए कलंक हैं। हिंदू बंगाली प्रवासी उन्हें बंगाल की विरासत को नष्ट करने और उन्हें इस तरह की बदनामी में डालने के लिए मुख्यमंत्री के पद से हटाना चाहते हैं।

ये दिल्ली है और यहां हर हाल में नमाज़ होगी

नई दिल्ली। ईद और रमजान के आखिरी शुक्रवार की नमाज से पहले, मेरठ पुलिस ने सड़कों पर नमाज अदा करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की है, जिसमें कहा गया है कि उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नियम तोड़ने पर पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किए जा सकते हैं. अब इस पर AIMIM के दिल्ली अध्यक्ष शोएब जमई ने कहा कि ये मेरठ और संभल नहीं हैं। ये दिल्ली है और यहां हर हाल में नमाज़ होगी। घर में, मस्जिद पर, छत पर और सड़क पर भी. अगर भंडारा और कांवड सड़क पर हो सकती है तो नमाज़ क्यों नहीं? शोएब जमई ने कहा कि जो बयानबाजी कर रहे हैं. उन्हें मालूम होना चाहिए कि ये दिल्ली है, मेरठ या संभल नहीं. ईद भी मनाई जाएगी और लोग भी साथ देंगे. अगर मस्जिद में जगह कम पड़ेगी तो सड़क पर भी नमाज होगी, ईदगाह में भी होगी, घर की छतों पर भी होगी. जब भंडारे के लिए रास्ता रोक सकते हैं, धार्मिक अनुष्ठानों के लिए आप सड़कें रोक सकते हैं. कांवड के लिए हाईवे को जाम कर सकते हैं. नमाज के लिए व्यवस्था नहीं कर सकते. दिल्ली के सीएम से कहना चाहूंगा कि अपने बड़बोले नेताओं को कहिए कि दिल्ली का माहौल ना खराब करें।

अशांति फैलाने के मंसूबे के साथ भारत में दाखिल होने वालों से कठोरता से निपटा जाएगा

'भारत कोई धर्मशाला नहीं', घुसपैठियों को गृहमंत्री अमित शाह की दो टूक

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सरकार की प्रवासन नीति को कठोरता और करुणा का मिश्रण करार देते हुए बृहस्पतिवार को लोकसभा में दो टूक कहा कि ''भारत कोई धर्मशाला नहीं है कि कोई भी जब चाहे यहां आकर रह जाए''. उन्होंने सदन में 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भारत में व्यापार, शिक्षा और शोध के लिए आने वालों का स्वागत होगा, लेकिन गलत उद्देश्य से और अशांति फैलाने के मंसूबे के साथ भारत में दाखिल होने वालों से कठोरता से निपटा जाएगा।

प्रवासियों के बारे में भारत का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग

उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए कि पांच हजार साल से प्रवासियों के बारे में भारत का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग रहा है और किसी शरणार्थी नीति की हमें जरूरत नहीं है. उन्होंने कहा, ''भारत भू सांस्कृतिक देश है, भू राजनीतिक देश नहीं है...भारत का शरणार्थियों के प्रति एक इतिहास रहा है. पारसी भारत में आए. इजराइल से यहूदी भागे तो भारत में आ रहे हैं.'' शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में छह पड़ोसी देशों के प्रताड़ित लोगों को भारत ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के माध्यम से शरण दी है।

उन्होंने कहा, ''घुसपैठ करने वालों को रोकेंगे, नागरिकता उन्हें ही मिलेगी जिन्होंने पड़ोसी देशों में विभाजन की विभीषीका झेली है और अत्याचारों का सामना किया है.'' उन्होंने कहा कि जो कानून तोड़ेंगे उन पर सरकार की कड़ी नजर होगी. शाह ने कहा कि जहां भारत प्रवासियों का स्वागत करता है, वहीं भारत से गए प्रवासियों ने दुनिया भर में भारत की समृद्ध विरासत को पहुंचाने का काम किया है. उन्होंने कहा कि विश्व छोटा हो रहा है और पूरी दुनिया के अर्थतंत्र की सूची में भारत एक 'ब्राइट स्पॉट' बनकर उभरा है, एक विनिर्माण केंद्र बनकर उभरा है और ऐसे में देश में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी।

हमारे देश में कौन आता है, देश सुरक्षा के लिए जानना जरूरी

शाह के जवाब के बाद सदन ने कुछ विपक्षी सांसदों के संशोधनों को खारिज करते हुए 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी. उन्होंने कहा, ''हमारे देश में कौन आता है और कितने समय के लिए आता है, देश की सुरक्षा के लिए हमें यह जानने का अधिकार है.'' गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कई बार लोग सवाल उठाते हैं कि शरणार्थी संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर क्यों नहीं किए हैं।

अशांति फैलाने वालों से कठोरता से निपटा जाएगा

उनका कहना था कि यदि विदेशों से लोग भारत के अर्थतंत्र को मजबूत करने, व्यापार करने, शिक्षा और शोध के लिए आते हैं तो उनका स्वागत किया जाएगा। गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यदि बांग्लादेशी और रोहिंग्या अशांति फैलाने के लिए आते हैं तो फिर कठोरता से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रवासन नीति कठोरता और करुणा दोनों के भाव से बनाई गई है. शाह ने कहा, ''मोदी सरकार दो संकल्प के साथ काम कर रही है. पहला संकल्प 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना और दूसरा 2047 तक विकसित देश बनना है।''

भड़काऊ गाने के मामले में इमरान पर दर्ज एफआईआर रद्द

'बोलने की आजादी लोकतंत्र का अभिन्न अंग'

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 'भड़काऊ' गाने के मामले में कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ गुजरात पुलिस की ओर से दर्ज की गई एफआईआर को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र का अभिन्न अंग है। ऐसे ही नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना अदालत का कर्तव्य है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह सुनिश्चित करना भी अदालत का कर्तव्य है कि संविधान और संविधान के आदर्शों का उल्लंघन न हो। कोर्ट ने कहा कि कविता, नाटक, फिल्म, व्यंग्य, कला सहित साहित्य मनुष्य के जीवन को अधिक सार्थक बनाता है। पुलिस को लोगों की बुनियादी अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए।

'सेहतमंद समाज में बोलने की आजादी का सम्मान होना चाहिए'

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि भले ही बड़ी संख्या में लोग किसी दूसरे के विचारों को पसंद न करते हों, लेकिन विचारों को व्यक्त करने के व्यक्ति के अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए और उसकी रक्षा की जानी चाहिए। सेहतमंद समाज में बोलने की आजादी का सम्मान होना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विचारों और दृष्टिकोणों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बिना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत गरिमापूर्ण जीवन जीना असंभव है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा व्यक्त किए गए विचारों का विरोध दूसरे दृष्टिकोण को व्यक्त करके किया जाना चाहिए। भले ही बड़ी संख्या में लोग दूसरे द्वारा व्यक्त किए गए विचारों को नापसंद करते हों, लेकिन व्यक्ति के विचार व्यक्त करने के अधिकार का सम्मान और संरक्षण किया जाना चाहिए। कविता, नाटक, फिल्म, व्यंग्य, कला सहित साहित्य मनुष्य के जीवन को अधिक सार्थक बनाता है।

अग्रिम जमानत के लिए मद्राई हाईकोर्ट पहुंचे कामरा

मद्रास। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का अपने एक कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से अपमान करने को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने अग्रिम जमानत के लिए मद्रास हाई कोर्ट की शरण ली है. कामरा ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है.कामरा ने कहा है कि वह तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले का रहने वाले हैं. उन्होंने आशंका जताई है कि मुंबई पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। कामरा के खिलाफ बीजेपी के एक सदस्य ने महाराष्ट्र विधान परिषद में विशेषाधिकार नोटिस दिया गया है. इस नोटिस का विधान परिषद के सभापति ने स्वीकार कर लिया है.इस नोटिस में उद्धव ठाकरे की शिवसेना के नेता सुषमा अंधारे का भी नाम है. महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति राम शिंदे ने बताया कि उन्होंने 'गद्दार' शब्द के जरिए कटाक्ष को लेकर कुणाल कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस स्वीकार कर लिया है. नोटिस को विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है. प्रस्ताव के संबंध में आगे की कार्रवाई समिति द्वारा तय की जाएगी।

पर्यटक पनडुब्बी डूबने से 6 की मौत

काहिरा(वार्ता)। मिस्र के लाल सागर में गुरुवार को एक पर्यटक पनडुब्बी के डूबने से छह रूसी मारे गए और 39 विदेशियों को बचा लिया गया। रेड सी गवर्नरेट द्वारा अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर दिए गए एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि पनडुब्बी में भारत, रूस, नॉर्वे और स्वीडन के 45 विदेशी और मिस्र के पांच चालक दल के सदस्य सवार थे।

नेपाल में राजशाही की बहाली को लेकर भारी बवाल

■ सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों की बीच हिंसक झड़प

काठमांडू। राजशाही और हिंदू राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग कर रहे काठमांडू में सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं। काठमांडू की सड़कों पर ईंट और पत्थर नजर आ रहे हैं और रोड पर धुओं का गुबार देखा जा रहा है। वीडियो में देखा जा रहा है कि प्रदर्शनकारी सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी कर रहे हैं। रोज पर पत्थर बिखरे नजर आ रहे हैं। खबर लिखे जाने तक हिंसक झड़प में किसी के मारे जाने या घायल होने की सूचना नहीं मिली थी।

शुक्रवार को चार दलों का गठबंधन सोशलिस्ट फोरम भी राजतंत्र समर्थकों का मुकाबला करने के लिए काठमांडू के भृकुटीमंडप इलाके में गणतंत्र व्यवस्था के पक्ष में प्रदर्शन कर रहा है। सीपीएन-माओवादी सेंटर, सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट समेत अन्य दल देश में गणतंत्र व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं। काठमांडू में दो अलग-अलग समूहों द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन को देखते हुए नेपाल पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है और सतर्कता बढ़ा दी है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेताओं समेत राजतंत्र समर्थक 19 फरवरी को लोकतंत्र दिवस के बाद से ही राजतंत्र को बहाल करने की आवाज उठा रहे हैं, जब पूर्व राजा ज्ञानेंद्र ने एक संदेश में कहा था कि अब समय आ गया है कि हम देश की रक्षा करने और राष्ट्रीय एकता लाने की जिम्मेदारी लें।

चार महीने 11 दिन बाद किसान नेता डल्लेवाल ने तोड़ा अनशन

नई दिल्ली। पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अपना अनशन तोड़ दिया है. पंजाब सरकार के मुताबिक डल्लेवाल ने शुक्रवार सुबह पानी पीकर अपना अनशन खत्म किया.किसानों की मांगों पर केंद्र सरकार की ओर से कोई पहल न होता देख संयुक्त किसान मोर्चे के नेता डल्लेवाल ने 26 नवंबर को अपना आमरण अनशन शुरू किया था. वो चार महीने 11 दिन तक आमरण अनशन पर रहे।

सुप्रीम कोर्ट ने की डल्लेवाल की तारीफ

पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ से कहा कि उन्होंने खनौरी और शंभू बॉर्डर पर

प्रदर्शनकारी किसानों को तितर-बितर कर दिया है.उन्होंने बताया कि सभी अवरुद्ध सड़कों और राजमार्गों को यातायात के लिए खोल दिया गया है. पीठ ने डल्लेवाल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वह एक सच्चे किसान नेता हैं जिनका कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है। पीठ ने कहा, ''हम जानते हैं कि कुछ लोग किसानों की शिकायतों का निपटारा नहीं चाहते. हम स्थिति से अनभिज्ञ नहीं हैं. हम सब कुछ जानते हैं.'' पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकार से जमीनी हालात के बारे में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अपना अनशन 26 नवंबर को शुरू किया था।

पुलिस ने किसानों का धरनास्थल खाली करवाया

पुलिस ने 19 मार्च को सरवन सिंह पंधेर और डल्लेवाल सहित कई किसान नेताओं को उस समय कथित रूप से हिरासत में ले लिया था, जब वे चंडीगढ़ में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाले एक केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के बाद लौट रहे थे.पुलिस ने शंभू और खनौरी बॉर्डर से किसानों और वहां स्थापित अस्थायी ढांचों को हटा दिया था. इसके बाद शंभू-अंबाला और संगरूर-जींद राजमार्गों पर वाहनों का आवागमन फिर से शुरू हो गया। किसान पिछले साल 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर उस समय से डेरा डाले हुए थे जब सुरक्षा बलों ने उन्हें दिल्ली जाने से रोक दिया था।

बयान पर तूफान ... जब तक जीवित रहूंगा, तब तक मैं इस बात को वापस नहीं लूंगा

मैंने हल्ला मचाया तो डिस्टर्ब हो जाइएगा...राणा सांगा पर संसद में महासंग्राम, सपा पर भड़के बीजेपी सांसद

नई दिल्ली। राज्यसभा में गुरुवार को राणा सांगा को लेकर समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के विवादित बयान पर जमकर हंगामा हुआ. सुमन ने अपने भाषण में राणा सांगा को ÷गद्दार÷ करार देते हुए दावा किया था कि उन्होंने मुगल बादशाह बाबर को भारत में इब्राहिम लोदी को हराने के लिए आमंत्रित किया था। इस बयान ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया, खासकर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया जताई।

नियोजित तरीके से दिया गया बयानः डॉ. राधा मोहन दास

बीजेपी के राज्य सभा सांसद डॉ. राधा मोहन दास ने कहा कि रामजी लाल सुमन ने जो उस दिन कहा था अगर उन्होंने महसूस कर लिया होता कि गलती से कर दिया या आवेश में उनके मुंह से निकल गया. और उन्होंने सदन के भीतर या बाहर यह सफाई दी होती कि मैं ऐसा नहीं कहना चाहता था. और कह दिया होता कि मैं बयान के लिए शर्मिंदगी महसूस करता हूं, तो यह मामला खत्म हो जातीं। हैरत की बात है कि सांसद का बयान आता है कि मैं मरते मरते मर जाऊंगा लेकिन अपनी बात वापस नहीं लूंगा. जब तक जीवित रहूंगा, तब तक मैं इस बात को वापस नहीं लूंगा. यह बताता है कि जो कुछ उन्होंने कहा था सोच समझकर कहा था. पूरे होश में कहा था. नियोजित तरीके से कहा था। डॉ. राधा मोहन दास जब सदन में अपनी बात रख रहे थे तो विपक्षी सदस्यों की तरफ से उन्हें बीच में कई बार टोका गया जिसके बाद उन्होंने कहा कि अगर मैंने हल्ला मचाया तो आप डिस्टर्ब हो जाइएगा। बीजेपी के अलावा कांग्रेस के नेताओं ने भी बयान की निंदा की है. राजस्थान से कांग्रेस के राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि जो कार्यवाही का हिस्सा नहीं रहा (राणा सांगा पर समाजवादी सांसद रामजी लाल सुमन का बयान वह दोहराया नहीं जाना चाहिए. उसी को आज दोहराया जा रहा है।

खड़गे से इस मुद्दे पर खंडन करने की मांग की

राज्यसभा में गुरुवार को राणा सांगा के मुद्दे पर जमकर नोंकझोक हुई। किरेन रिजिजू ने संसद में कहा कि हम संसद से इसे हटा भी देते हैं लेकिन ये सोशल मीडिया और न्यूज में लगातार चलता रहता है। जिस लहजे में बातें रखी गई वो किसी को मंजूर नहीं हो सकता है। उन्होंने मल्लिकार्जुन खरगे से इस मुद्दे पर खंडन करने की मांग। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आपने जो बातें रखी है उसका हम स्वागत करते हैं। इस देश के लिए जिन्होंने भी लड़ाई लड़ी है। उनका मैं सम्मान करता हूं. लेकिन इसका अर्थ ये नहीं है कि कोई कानून अपने हाथ में लेकर किसी के घर पर तोड़फोड़ करता है इसे में कभी उचित नहीं मान सकता है. इसका मैं विरोध करता हूं। खरगे ने कहा कि दलितों के खिलाफ जो यह कार्रवाई हो रही है यह अपमान जनक है। यह हम कभी नहीं सहन करेंगे।

मुख्य सचिव व डीजीपी ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

बिलासपुर के मोहभट्ठा में आयोजित होगी आमसभा, कार्यक्रम का लोगों को बेसब्री से इंतजार

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिलासपुर के मोहभट्ठा में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस संबंध में आज प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन एवं डीजीपी अरूण देव गौतम ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संपूर्ण तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़ी सभी महत्वूपर्ण व्यवस्थाओं, मुख्य मंच, हेलीपैड, ग्रीन रूम, सांस्कृतिक मंच एवं हितग्राहियों की बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने विद्युत विभाग को पावर बैकअप की व्यवस्था करने तथा ई एण्ड एम विभाग को साउंड एवं कनेक्शन की व्यवस्था को पहले से ही चेक करने के निर्देश दिए ताकि मुख्य कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की समस्या न आए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को मंच एवं बैरिकेट्स की व्यवस्था का भी मानक के अनुसार परीक्षण करने एवं सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम ने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, बैठक व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सुरक्षा में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता एवं तत्परता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल में विशाल संख्या में लोग पहुचेंगे इसे देखते हुए ट्रेफिक प्लान को बेहतर रखें साथ ही साथ मौके पर खड़े जवानों को भी इसकी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को सुरक्षा, सुविधा तथा कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप जिला प्रशासन पूरी तन्मयता से सभी आवश्यक तैयारियों में जुटा है।

पीएम मोदी 33 हजार करोड़ की देंगे सौगात

गौरतलब है कि इस ऐतिहासिक आयोजन में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगभग 33 हजार करोड़ के विकास कार्यो की सौगात देंगे। इनमें पीएम जनमन योजना के तहत विशेष रूप से बिरहोर, बैगा और पहाड़ी कोरवा जैसी जनजातियों के लिए योजनाएं शामिल हैं जो छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों के विकास को नई दिशा देंगे। इस अवसर पर एसीएस एवं कार्यक्रम के प्रभारी मनोज पिंगुआ, एडीजीपी प्रदीप गुप्ता, बिलासपुर संभागायुक्त महादेव कावरे, बिलासपुर आईजी संजीव शुक्ला, एसपी रजनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

लखनऊ रेल मंडल में दोहरीकरण का कार्य कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

बिलासपुर/नवप्रदेश। अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर रेलवे के लखनऊ रेल मंडल के जंघई-फाफा मऊ सेक्शन में दोहरीकरण का कार्य एवं फूलपुर स्टेशन के यार्ड को जोडने का कार्य के लिए नॉन इंटरलोकिंग का कार्य किया जायेगा । यह कार्य के लिए कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । यह कार्य 1 से 07 अप्रैल तक किया जायेगा । इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की एक यात्री गाड़ी को प्रयागराज स्टेशन एवं वाराणसी सिटी स्टेशन में नियत्रित होकर चलाई जाएगी । जिसका विवरण इस प्रकार है- नियत्रित होने वाली गाड़ी- 1 से 04 अप्रैल, को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को प्रयागराज स्टेशन में 60 मिनिट नियत्रित की जाएगी । 5 एवं 6 अप्रैल को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को प्रयागराज स्टेशन में 02 घंटे 30 मिनिट नियत्रित की जाएगी । 6 एवं 7 अप्रैल को छपरा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को वाराणसी सिटी स्टेशन में 2 घंटे 10 मिनिट नियत्रित की जाएगी ।

भारत में कोयला उद्योग ने हासिल की है 1 बिलियन टन उत्पादन की उपलब्धि

कोयला मंत्री ने उत्पादन-उत्पादकता में विशेष प्रयास के लिए 2 एसईसीएल कर्मियों को किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत का कुल कोयला उत्पादन 1 बिलियन टन पहुंचने की उपलब्धि में विशेष योगदान के लिए के केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी एवं केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा 2 एसईसीएल कर्मियों को सम्मानित किया गया है।

27 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित 12वें दौर की वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी कार्यक्रम के दौरान भारत के 1 बिलियन टन कोयला उत्पादन की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनियों के विभिन्न कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारी श्रेणी में हसदेव क्षेत्र के बिजुरी उपक्षेत्र में उपक्षेत्रीय प्रबंधक के रूप में कार्यरत प्रशांत शर्मा (महाप्रबंधक, खनन) को बहेराबांध एवं बिजुरी भूमिगत खदानों के कुशल कार्यसंचालन एवं समय से पूर्व लक्ष्य प्राप्ति के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, कर्मचारी श्रेणी में भटगाँव क्षेत्र की जगन्नाथपुर ओपनकास्ट खदान में कार्यरत वरिष्ठ ओवरमैन राजेश कुमार पाटिल को खदान के ओवरबर्डन (ओबी) लक्ष्य की प्राप्ति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) हरीश दुहन ने दोनों कर्मियों को बधाई देते हुए उनकी लगन, समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना की और इसे पूरे एसईसीएल परिवार के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने सभी कर्मियों को इसी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

बिलासपुर सराफा एसोसिएशन, हिन्दू नव वर्ष और चैत्र नवरात्र उत्सव मनाएगा 30 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर सराफा एसोसिएशन सराफा का वार्षिकोत्सव एवं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरम्भ होने वाले हिन्दू नव-वर्ष तथा चैत्र नवरात्र उत्सव बड़े ही उत्साह एवं उमंग से मनायेगा। रविवार, 30 मार्च को हिन्दू नव-वर्ष के दिन नगर में नव-वर्ष आयोजन समिति द्वारा आयोजित विशाल सनातन शोभा यात्रा का गोल बाजार चौक से सिम्स चौक तक बिलासपुर सराफा एसोसिएशन द्वारा भव्य स्वागत किया जायेगा। आयोजन के दौरान सनातन शोभा यात्रा वाहकों का स्वागत चंदन तिलक कर पुष्प वर्षा के साथ किया जायेगा। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि हिन्दू नव-वर्ष के अवसर पर विशाल सनातन शोभा यात्रा का भव्य स्वागत करने के साथ-साथ बिलासपुर नगर की सनातन विभूतियों एवं सराफा के वरिष्ठ जनों का सम्मान भी किया जायेगा। सनातन सेवा सम्मान

समारोह का आयोजन शोभा यात्रा के समक्ष श्री श्याम, सराफा काम्प्लेक्स, सदर बाजार, बिलासपुर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले विभूतियों एवं वरिष्ठों में सर्वश्री मंगतराय अग्रवाल (अध्यक्ष जय श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट), प्रबल प्रताप सिंह जूदेव (सनातन संस्कृति रक्षा समिति), अब्बास कपासी, महेन्द्र जैन, विनोद सोनी (सभापति, नगर निगम) तथा सराफा परिवार के वरिष्ठगण बृजमोहन सोनी, महेन्द्र शाह, छेदीलाल सराफ, दिलीप खण्डेलवाल, भीम सोनी, विजय शाह, जयंती भाई, लक्ष्मण भगतानी आदि शामिल रहेंगे।

दो आईएएस और मेडिकल सुपरिंटेंडेट को हाईकोर्ट का अवमानना नोटिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के इकलौते सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक डा प्रवेश शुक्ला, सिस्टम के भेंट चढ़ गए हैं। पीड़ा इस बात की है कि एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी), डॉ. एनबी (डॉक्टरेट ऑफ नेशनल बोर्ड सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी) सुपर स्पेशलिस्ट कोर्स की डिग्री है और वह गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सर्जन के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध चिकित्सक होने के साथ ही प्राइवेट प्रैक्टिस के बजाय उसने सरकारी अस्पताल में काम करने को प्राथमिकता दी। डीकेएस अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे थे। कलंकपूर्ण आरोप लगाते हुए राज्य सरकार ने सेवा से बाहर कर दिया है। कलंकपूर्ण आदेश से व्यथित होकर डा शुक्ला ने राज्य शासन के फैसले को चुनौती देते हुए अधिवक्ता संदीप दुबे के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य शासन के आदेश को निरस्त कर दिया था। कोर्ट के आदेश के बाद भी सेवा में बहाली नहीं की गई और ना ही बकाया सैलेरी का भुगतान किया। न्यायालयीन आदेश की अवहेलना करने के आरोप में डा शुक्ला ने दोबारा हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अवमानना याचिका पर जस्टिस अरविंद्र कुमार वर्मा के सिंगल बेंच में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए दो आईएएस अफसर व डीकेएस अस्पताल की मेडिकल सुपरिंटेंडेंट को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब पेश करने कहा है। जारी नोटिस में कोर्ट ने पूछा है कि क्यों ना उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाए।

आदेश को डॉ. शुक्ला ने दी थी चुनौती

डा. शुक्ला ने अपनी याचिका में कहा कि वह एक सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर है। उसके पास एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी), डॉ. एनबी (डॉक्टरेट ऑफ नेशनल बोर्ड सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी) सुपर स्पेशलिस्ट कोर्स की डिग्री है। और वह गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सर्जन के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध डॉक्टर है। प्राइवेट प्रैक्टिस के बजाय उसने सरकारी अस्पताल में काम करने को प्राथमिकता दी है। वह छत्तीसगढ़ का एकमात्र डॉक्टर है जो डीकेएस अस्पताल में तैनात था। इसके पहले वह जीबी पंत सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, नई दिल्ली में सीनियर रेजिडेंट के रूप में काम कर चुके हैं। उसके बाद वह एम्स भोपाल में सहायक प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

दुर्ग- हटिया स्पेशल ट्रेन 26 फेरों के लिए चलेगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। गर्मी में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे स्पेशल ट्रेनों के फेरों में बढ़ोतरी कर रहा है। इसी कड़ी में दुर्ग-हटिया-दुर्ग द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 26 फेरों तक बढ़ा दिया गया है। पहले यह ट्रेन 28 मार्च तक चलनी थी, लेकिन अब इसे 27 जून तक चलाने का फैसला लिया गया है। ट्रेन नंबर 08185 हटिया-दुर्ग द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन अब 1 अप्रैल से 26 जून तक चलेगी। वहीं ट्रेन नंबर 08186 दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 2 अप्रैल से 27 जून तक किया जाएगा।

सेवानिवृत्त हो रहे मंडल रेल परिवार के एक अधिकारी सहित 30 सदस्यों को दी गई विदाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत् उप-मुख्य परिचालन प्रबंधक(गति शक्ति यूनिट) सहित 30 रेल परिवार के सदस्य माह मार्च में अपनी रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत्त सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मंडल कार्मिक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे समस्त कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई । इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी रुहीना तुफैल खान द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे

अधिकारी व कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज़, सेवा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा कार्मिक निपटारा शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थे। मंडल के सेवानिवृत्त हो रहे 30 रेल परिवार के सदस्यों में परिचालन विभाग से 08, इंजीनियरिंग विभाग से 06, विद्युत विभाग से 05, यांत्रिक विभाग से 02, मेडिकल विभाग से 02, कार्मिक विभाग से 02, सिग्नल व दूरसंचार से 02, वाणिज्य विभाग से 02 तथा सुरक्षा विभाग से 01 कर्मचारी शामिल हैं ।

बिलासा कला मंच का 35 वां बिलासा महोत्सव आज से

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासा कला मंच द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित दो दिवसीय 35 वा बिलासा महोत्सव आज 29 मार्च को लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान, शनिचरी, बिलासपुर में रात्रि 7 बजे शुभारम्भ होगा। बिलासा कला मंच बिलासपुर के संस्थापक डा. सोमनाथ यादव ने बताया कि विगत 34 वर्ष से लगातार लोकसंस्कृति, लोककला पर केंद्रित बिलासा महोत्सव आयोजित हो रहा है। आज 29 मार्च को महोत्सव के मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल विधायक बिलासपुर होंगे, अध्यक्षता पूजा विधानी महापौर नगर निगम बिलासपुर करेंगी वही

पश्चिम बंगाल के छाऊ नृत्य के साथ अन्य लोकविद्या की होगी प्रस्तुति

विशिष्ट अतिथि के तौर पर विनोद सोनी सभापति नगर निगम बिलासपुर उपस्थित रहेंगे। लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में आयोजित महोत्सव में कार्यक्रम के साथ लोककला, साहित्य, समाज सेवा पर बिलासा सम्मान दिया जाएगा जिसमें बिलासा कला सम्मान से भोजराम पटेल, तखतपुर और प्रभा कटारे रायपुर को, बिलासा साहित्य सम्मान से गुलाल वर्मा रायपुर को तथा बिलासा सेवा सम्मान से नीरज गेमनानी संचालक शांता फाउंडेशन बिलासपुर को प्रदान किया जाएगा। बिलासा महोत्सव में विभिन्न लोक कला मंडली द्वारा गीत,संगीत, नृत्य के कार्यक्रम होंगे जिसमें पश्चिम बंगाल के कलाकारों द्वारा छाऊ नृत्य की प्रस्तुति होगी। वहीं सुश्री प्रभा कटारे रायपुर तथा हिलेंद्र ठाकुर बिलासपुर द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत, संगीत, नृत्य के साथ ही चंद्रशेखर चकोर रायपुर एवं टीम द्वारा नाट्य शैली में खोखन खल्लू की प्रस्तुति और राधेश्याम कौशिक तखतपुर एवं टीम द्वारा लोकनाट्य गम्मत की प्रस्तुति दी जाएगी।

विशाखापटनम-कोरबा लिंक एक्सप्रेस का रायगडा स्टेशन की समय सारणी में संशोधन

बिलासपुर/नवप्रदेश। यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा गाडी संख्या 18518 विशाखापटनम-कोरबा एक्सप्रेस ट्रेन का ईस्ट कोस्ट रेलवे के वाल्टेयर रेलवे मंडल के अंतर्गत रायगडा रेलवे स्टेशन की समय सारणी में आशिंक परिवर्तन किया गया है । इस गाड़ी के अन्य रेलवे स्टेशनों की समय सारणी यथावत रहेगी। 1 जून से 18518 विशाखापटनम-कोरबा एक्सप्रेस रायगडा रेलवे स्टेशन की संशोधित समय सारणी के अनुसार रायगडा स्टेशन में 00.05 बजे पहुचकर 00.10 बजे रवाना होगी।

आगमन छत्तीसगढ़ में ग्रिड को मजबूत करने और बिजली की उपलब्धता बढ़ाने कई बिजली उत्पादन और संचारण परियोजनाएं शुरू होंगी

पीएम मोदी 33,700 करोड़ से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की रखेंगे आधारशिला

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री बुनियादी ढांचे के विकास और सतत आजीविका को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप बिलासपुर में 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली बिजली, तेल तथा गैस, रेल, सड़क, शिक्षा और आवास क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

प्रधानमंत्री देश भर में बिजली क्षेत्र में सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके अनुरूप, सस्ती और विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने और छत्तीसगढ़ को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए जाएंगे। वह बिलासपुर जिले में स्थित एनटीपीसी की सीपत सुपर थर्मल पावर परियोजना चरण- थ्री (1×800एमडब्ल्यू) की आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत 9,790 करोड़ रुपये से अधिक है। यह पिट हेड परियोजना उच्च बिजली उत्पादन दक्षता के साथ अत्याधुनिक अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित है। वह छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) की 15,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पहली सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना (2गुणा660एमडब्ल्यू) के कार्य की शुरुआत करेंगे। वह पश्चिमी क्षेत्र विस्तार योजना (डब्ल्यूआरईएस) के तहत 560 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पावरग्रिड की तीन विद्युत पारेषण परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। भारत के शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्यों, वायु प्रदूषण में कमी लाने और स्वच्छ ऊर्जा समाधान प्रदान करने के अनुरूप, प्रधानमंत्री कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर और सरगुजा जिलों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की सिटी गैस वितरण (सीजीडी) परियोजना

अंबिकापुर-पत्थलगांव खंड को 2 लेन में अपग्रेड कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे

छत्तसीगढ़ में सड़क के बुनियादी ढांचे को बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री एनएच-930 (37 किलोमीटर) के झलमला से शेरपार खंड और एनएच-43 (75 किलोमीटर) के अंबिकापुर-पत्थलगांव खंड को 2 लेन में अपग्रेड करके राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री एनएच-130डी (47.5 किमी) के कोंडागांव-नारायणपुर खंड को 2 लेन में अपग्रेड करने की आधारशिला भी रखेंगे। 1,270 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली ये परियोजनाएं आदिवासी और औद्योगिक क्षेत्रों तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार लाएगी जिससे क्षेत्र का समग्र विकास होगा। सभी के लिए शिक्षा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री दो प्रमुख शैक्षिक पहलों को समर्पित करेंगे जिनमें राज्य के 29 जिलों में 130 पीएमश्री स्कूल और रायपुर में विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) शामिल हैं।

सुविचार

भले ही चेहरा सुंदर न हो लेकिन शब्द हमेशा सुंदर रखना चाहिए क्योंकि लोग अक्सर चेहरा भूल जाते हैं किंतु शब्द हमेशा याद रखते हैं। - अज्ञात

घुसपैठ को लेकर आरोप प्रत्यारोप

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में घुसपैठ की समस्या पर बोलते हुए कहा है कि भारत देश कोई धर्मशाला नहीं है कि यहां कोई भी घुसपैठ कर सके। उन्होंने घुसपैठ के लिए बंगाल की ममता बनर्जी सरकार और असम की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। गृह मंत्री शाह का आरोप है कि ममता बनर्जी और असम की कांग्रेस सरकार ने अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को प्रश्रय दिया। यहां तक की घुसपैठियों के नाम वोटरलिस्ट में भी जुड़वाये गये और इन घुसपैठियों को मूलभुत सुविधायें भी सुलभ कराई गई। किन्तु अब केन्द्र सरकार घुसपैठियों के खिलाफ कड़े कदम उठाएगी। इधर विपक्षी नेताओं को आरोप है कि देश में घुसपैठ रोकना केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी है और वह अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए गैर भाजपा सरकारों पर आरोप लगाती है। कुल मिलाकर घुसपैठ को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप ही चल रहा है। घुसपैठियों के खिलाफ नई दिल्ली और मुंबई में छिटपुट कार्यवाही होने के अलावा कभी कोई बड़ी कार्यवाही नहीं हो पाई है। अव्वल तो वर्षो से यहां बसे घुसपैठियों की पहचान करना ही कठिन काम है। खासतौर पर उस स्थिति में जबकि उनके पास वोटर आईडी कार्ड भी राशन कार्ड हो और अन्य कागज भी हो ऐसे में उन्हें घुसपैठिया साबित करना आसान नहीं है। पूर्व में असम और बंगाल में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ कर चुके हैं और वहां से नई दिल्ली तथा मुंबई सहित देश के कई शहरों में जाकर बस गये हैं। असम सरकार जरूर इन घुसपैठियों के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है। लेकिन बंगाल की ममता बनर्जी सरकार घुसपैठियों के खिलाफ कार्यवाही के नाम पर सिर्फ लीपापोती ही कर रही है। यही वजह है कि घुसपैठियों को देश से बाहर करने का काम कठिन हो गया है। ये घुसपैठिए देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक है। इनमें से ज्यादातर आपराधिक गतिविधियों में ही लिप्त रहते हैं लेकिन राजनीति दलों को संरक्षण प्राप्त होने के कारण पुलिस इनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं कर पाती। देश की राजधानी नई दिल्ली में अपने एक दशक के कार्यकाल के दौरान तात्कालीन आम आदमी पार्टी की सरकार ने बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को तमाम तरह की सहुलियतें प्रदान की थी आम आदमी पार्टी के विधायक ने तो इनकी अवैध बस्तियां बसा रखी थी। अब उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू की गई है। ऐसी कार्यवाही खासतौर पर बंगाल में की जानी चाहिए जहां लाखों की संख्या में घुसपैठिये लंबे समय से आबाद हैं। सीमा पार से घुसपैठ अभी भी जारी है जिसे रोकने के लिए केन्द्र सरकार को भी भारत बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा के और ज्यादा कड़े इंतजाम करने होंगे। इसके साथ ही देश में जो घुसपैठिए हैं उनके खिलाफ भी युद्ध स्तर पर अभियान चलाना होगा। घुसपैठ की समस्या को लेकर सिर्फ जुबानी जमा खर्च करने और इसके लिए आरोप प्रत्यारोप लगाने से इस समस्या का समाधान नहीं होगा। दुनिया के अन्य देशों में घुसपैठियों के खिलाफ कड़े कानून हैं। कई देशों में तो उन्हें सीधे गोली मार दिया जाता है। इसी तरह का भारत में भी कड़ा कानून बनाना होगा तभी घुसपैठ की विकट समस्या का समाधान होगा। अन्यथा सीमा पार से घुसपैठ बदस्तूर जारी रहेगी। और भारत सचमुच एक धर्मशाली बन जाएगा। संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने घुसपैठ को लेकर जो तीखे तेवर दिखाये हैं उसे देखते हुए यह उम्मीद की जानी चाहिए कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन रहे घुसपैठियों के विरूद्ध केन्द्र सरकार जल्द से जल्द सख्त कदम उठाएगी।

वनों की कटाई पर सुको की तल्ख टिप्पणी

भारत में वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण जल जंगल और जमीन खतरे में पड़ती जा रही है जिसकी वजह से जलवायु परिवर्तन भी होने लगा है और पर्यावरण संतुलन बिगड़ने लगा है। जिसकी वजह से आने वाले समय में प्राकृतिक आपदाओं का खतरा भी देश पर मंडराने लगेगा। अभी वनों की कटाई के कारण ही कभी भीषण गर्मी तो कभी वर्षा और कभी अल्प वर्षा के रूप में प्राकृतिक आपदाएं सामने आती रहती है जिससे निपटने के लिए सरकार को हर साल हजार करोड़ रूपये खर्च करने पड़ते हैं। वनों की अवैध कटाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की है और पेड़ों की कटाई को अवैज्ञानिक दृष्टिकोण का परिचायक बताया है। गौरतलब है कि देश के कई राज्यों में विकास परियोजनाओं के लिए लाखों की संख्या में वृक्षों की अनियंत्रित कटाई की जा रही है जिसका वहां के लोग विरोध करते हैं तो उनके खिलाफ सरकारें कड़ी कार्यवाही करती है। ऐसे मामलों में संबंधित राज्य सरकारें विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता देती हैं जबकि जल जंगल और जमीन हमारे सुरक्षा कवच हैं। यदि इनका अस्तित्व नष्ट हो जाएगा तो देश में पर्यावरण संतुलन बिगड़ जाएगा और इसका खामियाजा हमारी भावी पीढ़ी को भुगतना पड़ेगा जो इस अपराध के लिए हमें कतई माफ नहीं करेगी। यह ठीक है कि विकास परियोजनाएं भी आवश्यक है किन्तु इसके लिए बड़े पैमाने पर वृक्षों की बली चढ़ाना भी उचित नहीं है। पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए ही विकास की नीति बनाई जानी चाहिए। बहरहाल यह मामला जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा है और इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है तो यह उम्मीद की जानी चाहिए कि केन्द्र सरकार और संबंधित राज्य सरकारें विकास परियाजनाओं के नाम पर वनों की अंधाधुंध कटाई पर रोक लगाने के लिए गंभीरतापूर्वक विचार करेंगी।

प्रेरक प्रसंग

एक व्यक्ति ने संत फरीद से पूछा- "महाराज! मैं अपनी बुरी आदतें छुड़ाने के लिए क्या करूँ ?" संत फरीद बोले- "बेटा! मैं तुम्हें इसकी युक्ति तो बाद में बताऊँगा; क्योंकि अभी तो मुझे तुम्हारा अंत समय निकट दिखाई पड़ता है। तुम्हारे जीवन में मात्र एक माह बचा है।"

इतना सुनते ही वह व्यक्ति चिंता में डूब गया और उसने शेष माह मात्र प्रायश्चित और भजन करने में गुजारा।

उनतीसवें दिन संत फरीद ने उसे अपने पास बुलाया और उससे पूछा "बेटा! तेरी बुरी आदतों का क्या हुआ?" उस व्यक्ति ने उत्तर दिया- "महाराज ! मेरे ऊपर मौत का भय इतना ज्यादा था कि सारी बुरी आदतें अपने आप छूट गई।"

संत फरीद बोले- "हर घड़ी मृत्यु को याद रखकर कर्म करोगे तो कभी भी बुरा कार्य नहीं हो सकेगा। तुम्हारा जीवन अभी शेष है, इसी सोच को लेकर जीवन जीओ।" उस व्यक्ति का जीवन सदा के लिए बदल गया।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:20, सूर्यास्त : 06:33, चन्द्रोदय : 29:55, चन्द्रास्त : 17:27, अयन, उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (काल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : अमावस्या, नक्षत्र : उत्तराभाद्रपद, योग : ब्रह्म, प्रथम करण : विष्टि (09:32 तक), द्वितीय करण : शकुनि (19:55 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : मीन (16:47 से), मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पश्चिम , वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:57 से 12:47, अमृत काल : 14:57 से 16:24, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:15, गोधूलि मुहूर्त : 18:32 से 18:55, सायाह्न सन्ध्या : 18:33 से 19:43, निशिता मुहूर्त : 23:58 से 24:45, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:28 से 17:00, दुर्मुहूर्त : 08:39 से 09:29, होमाहुति : केतु (22:09 से सूर्य), दिशाशूल : पश्चिम, नक्षत्र शूल : दक्षिण (22:09 तक), अग्निवास : पृथ्वी (19:55 तक), भद्रावास : मृत्यु (09:32 तक)।

सहकारिता के क्षेत्र में बड़े बदलाव की तैयारी

-डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

'कोऑपरेटिव टैक्सी सर्विस' जैसी पहल से टैक्सी, ऑटो, बाइक और रिक्शा चालकों को न केवल उचित मेहनताना व सम्मान मिलेगा बल्कि आम जनता को भी अपेक्षाकृत सस्ता परिवहन उपलब्ध हो सकेगा। सहकारी मॉडल का इंश्योरेंस क्षेत्र में प्रवेश का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि निजी क्षेत्र में काम कर रही बीमा कंपनियों की मनमानी पर रोक लगेगी। यह इसलिए भी क्योंकि बीमा आज सबके लिए जरूरी हो गया है। वैसे भी सहकारिता आंदोलन को आज हर क्षेत्र में पुनर्जीवित करने की जरूरत है। वैसे तो गांवों में भी ग्राम सेवा सहकारी समितियां कार्यरत हैं लेकिन इनमें भी राजनीति घुसने लगी है।

एक तथ्य यह भी है कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की पहुंच ने वस्तु व सेवाओं के हर क्षेत्र में एकाधिकार सा कायम करना शुरू कर दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सहकारिता को बढ़ावा देने के प्रस्तावित प्रयास ठोस व सुनियोजित तरीके से शुरू होंगे ताकि सहकार भावना से काम करने वाली संस्थाओं को संजीवनी मिल सके।

भारत में सहकारिता आंदोलन की जड़ें बहुत गहरी हैं, जो वसुधैव कुटुम्बकम के प्राचीन भारतीय लोक व्यवहार से प्रेरणा लेती हैं, जिसका अर्थ है ÷समस्त विश्व एक परिवार है।÷ एकता और आपसी सहयोग के इस स्थायी सिद्धांत ने सहकारी समितियों के विकास को महत्वपूर्ण संस्थाओं के रूप में बढ़ावा दिया है जो स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाती हैं और जमीनी स्तर पर विकास को आगे बढ़ाती हैं।

सहकारिता क्षेत्र में व्यापक बदलाव की तैयारी है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मानना है कि देश को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सहकारी संस्थाओं की प्रमुख भूमिका होगी। सहकारिता की मूल भावना है- 'एक सबके लिए, सब एक के लिए।' इसी भावना पर चलते हुए सहकारिता आंदोलन के जरिए देश में कई उद्यमों ने कीर्तिमान कायम किए हैं। लेकिन एक तथ्य यह भी है कि निजीकरण की बाढ़ में पिछले सालों में सबसे ज्यादा चोट सहकारी आंदोलन को ही पहुंची है। संतोष की बात यह है कि अब केन्द्र सरकार दो बड़े क्षेत्रों में सहकारिता को दाखिल कराने जा रही है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता मॉडल की टैक्सी सर्विस और कोऑपरेटिव इंश्योरेंस कंपनी की शुरुआत का ऐलान किया है।

सहकारी समिति एक स्वैच्छिक संगठन है जहां साझा ज़रूरतों वाले व्यक्ति आम आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक साथ आते हैं। ये समितियां स्व-सहायता और पारस्परिक सहायता के सिद्धांतों पर आधारित हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य लाभ कमाने के बजाय समाज के वंचित वर्गों के हितों की सेवा करना है। सदस्य अपने संसाधनों को एकत्रित करते हैं और साझा लाभ प्राप्त करने के लिए उनका सामूहिक रूप से उपयोग करते हैं, जिससे सहकारी संरचना सामुदायिक कल्याण पर अपने जोर में विशिष्ट बन जाती है।

भारत में सहकारी समितियां कृषि, ऋण और बैंकिंग, आवास और महिला कल्याण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में काम करती हैं। वे किसानों और छोटे उद्यमियों को ऋण प्रदान करके वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में सहायक हैं, जिन्हें पारंपरिक बैंकिंग सेवाओं तक पहुंचने में कठिनाई हो सकती है। ये समितियां ग्रामीण विकास, स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने और सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कृषि, ऋण, डेयरी, आवास और मत्स्य पालन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में 800,000 से अधिक सहकारी समीतियों के साथ भारत का सहकारिता नेटवर्क विश्व के सबसे बड़े नेटवर्कों में से एक है।

भारत में आधुनिक सहकारी आंदोलन 19वीं सदी के उत्तरार्ध के संकट और उथल-पुथल के जवाब में आकार लेने लगा। औद्योगिक क्रांति के बाद ग्रामीण आबादी का व्यापक विस्थापन हुआ, जिसमें कई लोगों ने आजीविका के एकमात्र साधन के रूप में कृषि की ओर रुख किया। हालाँकि, भूमि विखंडन जैसे मुद्दों से कृषि कार्य प्रणालियां

बाधित हुई, जिसने खेती को अलाभकारी, और भूमि राजस्व के संग्रह को कठोर बना दिया। किसानों को अनियमित वर्षा, खराब फसल उपज और साहूकारों पर बढ़ती निर्भरता जैसी चुनौतियों का बार-बार सामना करना पड़ा, जो अक्सर उच्च ब्याज वाले ऋण देते थे या शोषणकारी कीमतों पर फसल खरीदते थे। इन कठोर परिस्थितियों ने किफायती ऋण की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे किसानों और ग्रामीण समुदायों के लिए वित्तीय सहायता के वैकल्पिक साधन के रूप में सहकारी आंदोलन को औपचारिक रूप देने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) में व्यापक सामुदायिक विकास के लिये सहकारी समितियों को बढ़ावा दिया गया। बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 बहु-राज्य सहकारी समितियों के गठन एवं उसकी कार्यप्रणाली हेतु प्रावधान किया गया। वर्ष 2021 में केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की कई। इस मंत्रालय ने सहकारी मामलों की ज़िम्मेदारी संभाली, जिसकी देख-रेख पहले कृषि मंत्रालय करता था।

6 जुलाई 2021 को स्थापित सहकारिता मंत्रालय (एमओसी) ने भारत में सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने इस क्षेत्र की उन्नति के लिए एक मजबूत प्रशासनिक, कानूनी और नीतिगत ढांचा बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और पहलों का नेतृत्व किया है। एमओसी बहु-राज्य सहकारी समितियों को बढ़ावा देने और सहकारी समितियों के लिए ÷कारोबार को सुगम बनाने÷ को बढ़ाने के लिए प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने पर विशेष जोर दे रहा है। मंत्रालय के प्रयास सहकारी समितियों के आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण, कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से पारदर्शिता को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने पर केन्द्रित हैं। इसके अतिरिक्त, समावेशी विकास सुनिश्चित करने पर विशेष रूप से वंचित ग्रामीण समुदायों पर जोर दिया जाता है। अपनी पहलों के माध्यम से, एमओसी का उद्देश्य हर गांव को सहकारी समितियों से जोड़ना है, 'सहकार से समृद्धि' के बैनर तले आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देना है, जो देश के समग्र विकास में योगदान देता है।

भारत में सहकारिता आंदोलन के इतिहास पर नजर डालें तो सहकार के जरिए कारोबार का सबसे बड़ा उदाहरण गुजरात की दुग्ध क्रांति को कहा जा सकता है। त्रिभुवन पटेल और डॉ. वर्गीज कुरियन के नेतृत्व में यह आंदोलन एक बड़ी सफलता बनकर उभरा और आज दुग्ध व दुग्ध उत्पादों का बड़ा उद्योग देशभर में इस आंदोलन के जरिए खड़ा हो गया है। इस सहकारिता क्रांति ने न केवल दूध उत्पादकों को सशक्त किया, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देने का काम किया है, इसमें संशय नहीं है।

पिछले सालों में केन्द्र सरकार के 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के तहत भी सहकारिता के क्षेत्र में कई गतिविधियां हुई हैं जिनसे किसानों व महिलाओं को बड़ी संख्या में सहकारिता आंदोलन से जोड़ा गया है। फिर भी चिंता की बात यह है कि आज के वैश्विक व्यापारिक परिदृश्य में छोटे उद्योगों और असंगठित क्षेत्र के लिए चुनौती दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। इसकी वजह कारोबारी प्रतिस्पर्धा में पिछड़ना भी रहा है। सहकारिता के माध्यम से टैक्सी सर्विस शुरू होने पर बड़े असंगठित वर्ग को सुरक्षा कवच मिलेगा, यह उम्मीद की जानी चाहिए। निजी क्षेत्र की टैक्सी सेवाओं में इनसे जुड़े लोगों का कितना शोषण होता है, यह किसी से छिपा नहीं है।

भारत के सहकारिता आंदोलन की जड़ें अपने सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में गहराई से समाई हुई हैं, सहाकारिता आंदोलन समावेशी विकास, सामुदायिक सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए एक शक्तिशाली साधन के रूप में विकसित हुआ है। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना और इसकी हाल की पहलों के माध्यम से, सरकार ने एक सहकारिता-संचालित मॉडल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है जो देश के हर कोने तक पहुंचे, उपेक्षित समुदायों के लिए स्थायी आजीविका और वित्तीय समावेशन की सुविधा प्रदान करे।

-चिकित्सक एवं लेखक

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1867 में 29 मार्च के दिन ही ब्रिटिश संसद ने कनाडा के गठन के लिए उत्तरी अमेरिका अधिनियम पारित किया था। 1901 में आज ही के दिन ऑस्ट्रेलिया में पहला संघीय चुनाव हुआ था। 1932 में 29 मार्च के दिन ही अमेरिका में जैक बेनी ने पहली बार रेडियो पर अपने कार्यक्रम की शुरुआत की थी। 1943 में आज ही के दिन स्वतंत्रता सेनानी और नेता लक्ष्मण नायक को बरहामपुर की जेल में फांसी पर लटका दिया गया था। 1954 में 29 मार्च के दिन ही भारतीय लोक प्रशासन संस्थान का उद्घाटन किया गया था। 1967 में आज ही के दिन फ्रांस ने पहली बार अपनी परमाणु पनडुब्बी की शुरुआत की थी। 1981 में 29 मार्च के दिन ही पहला लंदन मैराथन नार्वेजियन इजेज सिमंसेंन द्वारा जीता गया था। 1982 में आज ही के दिन तेलुगु देशम पार्टी का एन. टी. रामाराव के द्वारा गठन हुआ था। 1999 में 29 मार्च के दिन ही अमेरिकी शेयर इंडेक्स डाऊ जोंस पहली बार 10,000 अंक के पार गया था। 2004 में आज ही के दिन आयरलैंड कार्यस्थलों पर ध्रूम्रपान प्रतिबंधित करने वाला पहला देश बना था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नजरें जब

नजरें जब मिली हमरी लब सिली। हवा आए जुल्फों से समझो मन खिली। सुर्ख लब मदहोश हम को जाम मिली। महके जो मन बगिया उसमें है अकड़ ढीली। आँखें जब चार हो होती जज्बात रँगीली। - **सुरेश वैष्णव**

ज़िंदगी से गिला

ज़िंदगी से गिला कुछ नहीं। पास अब तो रहा कुछ नहीं। ज़ख्म देने लगे अब मज़ा भर सके जो दवा कुछ नहीं। रूह को चैन आने लगा यादों का सिलसिला कुछ नहीं। दर्द ने ये जता ही दिया कहकहों में मज़ा कुछ नहीं। आदमी की अना ने सुनो घर उजाड़ा बसा कुछ नहीं। आप देंगे अगर प्यार से ज़ह्र भी हो मना कुछ नहीं। जीते जी के हैं झगड़े सभी बाद का मसअ'ला कुछ नहीं। तुम इजाज़त तो लेकर गए लौटने का पता कुछ नहीं। 'अंशु' तुझको मिली हर सज़ा जब्कि तेरी ख़ता कुछ नहीं।

– **अंशु विनोद गुप्ता**

ख़ास पाती | ये ग़म, शे'रों में ढलते जा रहे

ये ग़म, शे'रों में ढलते जा रहे हैं नये पहलू निकलते जा रहे हैं ये देखो नफ़रतों की आँधियों में चिराग़-ए-इश्क़ जलते जा रहे हैं तुम्हारे हिज्र में इस सोज़-ए-ग़म से कई लावे पिघलते जा रहे हैं भले ही दरमियाँ इक फ़ासला है मगर हम साथ चलते जा रहे हैं मेरे दिल में कई अरमान अब भी अबस यूँ ही मचलते जा रहे हैं समय के सांचे में जो ढल न पाये वो अपने हाथ मलते जा रहे हैं - **अजय अज्ञात**

दौर खामोशी का है मगर धड़कन

दौर खामोशी का है मगर धड़कन में शोर है नज़र से हो बयां जज़्बात तो ये बात और है। पतंग ए दिल के अरमां आसमां में मचलते हैं मगर अफसोस मुफलिसी की नाजुक सी डोर है। मौसम ए धुंध का पहरा सूरज निगल गया आम के पेड़ पर छाया हुआ सोने सा बौर है। ये दुनिया है बड़ी संगदिल रास आई नहीं हमको तुम्हारे दिल में रहना है कहो क्या दिल में ठौर है। किसी से क्या गिला हमको हम अपनी धुन में जीते हैं फर्क क्या है मुझे संग कोई मोर है या चोर है। झुका दें हर जगह पर सर गवारा हम नहीं करते मगर मालूम है हमको जानिब सर झुकाने का दौर है। – **पावनी दीक्षित जानिब**

मैं कुछ हास्य पंक्ति कहता हूं,

मैं कुछ ÷हास्य÷ पंक्ति कहता हूं, आपश्री के स्वागत में पुष्प की ÷हार÷ भेंट करते हैं। हम व्यक्ति का उत्साह वर्धन बढ़ाने के लिए फूलों के ÷हार÷ से अभीव्यक्त करते हैं। जो कोई भी विजेता जीत कर आता है, हम उसका प्रसून ÷हार÷ से स्वागत करते हैं। विवाह मंगलाष्ट में भी हम वरद्धवधु को एक दूजे को कुसुम के ÷हार÷ से संकल्पित करते हैं। – **गौरी पटले**

तुझको शुमार कर लेंगे.. नींदे

तुझको शुमार कर लेंगे.. नींदे बीमार कर लेंगें ! मुस्कुराती तस्वीरों से ही, हम आँखें चार कर लेंगें...

आने की कसमें देकर, वादे हजार कर लेंगे ! मुद्दतों से रूठी पलकों पे, आँसू निसार कर लेंगें..! धड़कने दिल की बढ़ाकर इश्क़िया बुखार कर लेंगे! इबादत में तेरी दफ़्न हो, रूह को मज़ार कर लेंगें ! ककिरण की ख्वाहिंशे आला, खुद को बाज़ार कर लेंगें!! – **किरण मिश्रा**

मेहमान जा रहा है, ये मेहमान जा

मेहमान जा रहा है, ये मेहमान जा रहा रमज़ान जा रहा है, ये रमज़ान जा रहा रुख़सत करो खुशी से ,ज़रा इसको मोमिनों फ़रमान जा रहा है, ये फ़रमान जा रहा अफ़्तारी में मिली, मिली सहरी में है खुशी अरमान जा रहा है, ये अरमान जा रहा रहमत ओ मग़्फ़िरत के लिये, रब ने भेजा था फ़ैज़ान जा रहा है, ये फ़ैज़ान जा रहा सबके घरों का बनके रहा, नूर माह भर ज़ीशान जा रहा है, ये ज़ीशान जा रहा जो नेकियाँ लिखी गईं, ये साथ है लिये दीवान जा रहा है, ये दीवान जा रहा कुरबान दिल ओ जान है, रमज़ान अलविदा कुरआन को दिया जो , ये मेहमान जा रहा पैग़ाम दे गया जो, सभी के लिये 'ऐनुल' रमज़ान जा रहा है, ये रमज़ान जा रहा

– **'ऐनुल' बरौलवी**

अगर आर्थिक रूप से आप

अगर आर्थिक रूप से आप आत्मनिर्भर नहीं हैं... तो सब कुछ कोरी बकवास है। बात स्त्री और पुरुष दोनों पर ही लागू होती है। कोई कितना भी कहे पैसे से कुछ नहीं होता पर अगर आप जंगल में ध्यानमग्न नहीं हैं तो आपके तीन ही मित्र हैं... शक्ति, सम्पत्ति, शिक्षा और तीनों के लिए पैसे की ही जरूरत है। पैसा सबकुछ नहीं पर बहुत कुछ होता है भई.... – **मीना सोनी**

QUIZ TIME

1) भारत की पहली अण्डरवाटर मेट्रो सुरंग का उद्घाटन कहाँ किया गया?

2) आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेण्टर का उद्घाटन किस भारतीय संस्थान के परिसर में किया गया?

3) टाटा ट्रस्ट्स ने किस राज्य में भारत के पहले छोटे पशु अस्पताल का उद्घाटन किया?

4) 26 जनवरी 2024 को 40 वर्षों पश्चात् किस परम्परा को पुनर्जीवित किया गया?

5) वह महिला स्क्वाड्रन लीडर कौन थी, जिसने 75वें गणतंत्र दिवस पर आईएएफमार्चिंग दल का नेतृत्व किया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कोलकाता (2) भारत का सुप्रीम कोर्ट (3) मुंबई (4) बग्गी (5) रश्मि ठाकुर

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरूजी

मेषः सामाजिक दृष्टिकोण से आज का दिन मान-सम्मान दिलाने वाला रहेगा लेकिन अहम् की भावना भी अधिक रहेगी।

वृषः आज के दिन आपके अंदर परोपकार की भावना रहेगी। लेकिन सामजिक व्यवहारों के प्रति नीरसता दिखायेगे।

मिथुनः आज के दिन आप धार्मिक गतिविधियों में अधिक सक्रियता दिखाएंगे तंत्र मंत्र एवं गुड़ विषयो के नए अनुभव मिलेंगे।

कर्कः आज के दिन आपके सभी कार्य आशा के विपरीत रहने वाले है। स्वास्थ्य भी अचानक बिगड़ने से कार्य करने में असहजता होगी।

सिंहः आज के दिन आप अधिक व्यस्त रहेंगे व्यवसाय एवं घर के कार्य एक साथ आने से थोड़ी परेशानी रहेगी।

कन्याः आज के दिन आपकी सोची योजनाएं असफल होने की संभावना है कार्यो में पहले सफलता मिलती नजर आएगी लेकिन अंत समय में कोई व्यवधान आएगा।

तुलाः आज के दिन आप यात्रा की योजना बनाएंगे परन्तु अंत समय में निर्णय की स्थिति के कारण स्थगित करनी पड़ सकती है।

वृश्चिकः आपके लिये आज का दिन कष्ट वाला रहेगा। घरेलु कलह के कारण दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी। असंयमित खान पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

धनुः आज के दिन आप आत्मनिर्भर होकर कोई भी कार्य नहीं कर पाएंगे अधिकांश कार्यो में किसी की सहायता की आवश्यकता पड़ेगी।

मकरः आज के दिन परिस्थितियों में थोड़ा सुधार रहेगा। नौकरी व्यवसाय सम्बंधित कार्यो के प्रति अधिक गंभीर रहेंगे।

कुंभः आपका आज का दिन मिला जुला रहेगा। मन के विचार पल में बदलने से निर्णय लेने में परेशानी होगी।

मीनः आज के दिन आपकी राशि से द्वादश चंद्र सम्बन्धो अथवा आर्थिक मामलो में अवश्य हानि कराएगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हरिकीर्तन के समय उच्चारित एक शब्द, भस्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वार 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

1		■	2	3	■	4	5	6
	■	7			■	■	8	
9			■	10		11	■	
■	■	12			■	13	14	
15	16		■	■	■	17		■
18		■	19	20			■	21
■	22	23			■	■	■	
■	■		■	■	24	■	25	
26			■	27				

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 342 का हल

वि	ज	य	■	ब	नि	या	■	दे
वा	■	ती	त	र	■	रा	जी	व
ह	मा	म	■	स	प	ना	■	ता
■	न	■	■	■	टा	■	■	■
दा	व	त	■	वि	ना	श	■	अ
य	■	ह	त्या	■	■	ह	जां	ना
रा	ह	त	■	न	ज	र	■	व
■	वा	■	■	■	मी	■	ना	श्य
दु	ला	रा	■	जा	न	की	■	क

संक्षिप्त खबरें

प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर महापौर और पार्षद दल की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देने और एक विशाल आम सभा को बिलासपुर के मोहभट्ठा में आगामी 30 मार्च को पदभार रहे हैं ऐसे में भारतीय जनता पार्टी द्वारा तैयारियां जोरों पर है इसी कड़ी में आज रायपुर शहर जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया उक्त बैठक में रायपुर शहर की महापौर मीनल चौबे सहित सभी 60 भाजपा पार्षद उपस्थित थे ।बैठक में उपस्थित पार्षद दल को जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर रायपुर शहर महापौर मीनल चौबे और नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौड ने संबोधित किया एवं कार्यक्रम संबंधी उचित दिशा निर्देश दिए ।जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी की उपस्थिति देखकर यह निश्चित है कि रायपुर से मोदी की सभा में हजारों लोगों के पहुंचने का अनुमान है ऐसे में कार्यकर्ताओं के परिवहन और अन्य व्यवस्थाओं संबंधित आज यह बैठक आहूत की गई है हम सभी एक साथ रायपुर से काफिले की शक्ल में बिलासपुर पहुंचेंगे और विशाल सभा का आनन्द लेंगे आज की बैठक में आप सभी पार्षदों को सभा संबंधित विभिन्न दायित्व सौंपे जा रहे हैं ताकि सभा स्थल तक रायपुर शहर जिला के कार्यकर्ता सरलता से पहुंच सकें आप सभी पार्षदों को अपने अपने क्षेत्र से सभा के लिए कार्यकर्ताओं से संपर्क कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेना है उन्होंने बताया कि बुधवार को रायपुर शहर जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक के पश्चात आज रायपुर नगर निगम महापौर और पार्षद दल के साथ ही सभी 20 मंडलों में बैठके संपन्न हो चुकी है ।

अपने शीर्ष नेतृत्व के स्वागत हेतु हम सभी आतुर भाजपा पार्षद दल तैयार : मीनल चौबे

रायपुर। नगर निगम महापौर मीनल चौबे ने उपस्थित पार्षद दल को संबोधित करते हुए कहा कि अपने शीर्ष नेतृत्वकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत हेतु हम सभी उत्साहित और आतुर हैं रायपुर निगम के सभी 60 पार्षदों ने अपने अपने क्षेत्र में आम सभा संबंधित दिए गए दायित्वों की तैयारियां पूरी कर ली है और हम सभी विशाल वाहन रैली की शक्ल ने बिलासपुर के चकरभाठा के लिए प्रस्थान करेंगे और सभा स्थल पहुंचकर अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महती उद्बोधन सुनेंगे । आज की उक्त बैठक में जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर , जिला महामंत्री सत्यम दुवा, अकबर अली सहित पार्षद आशु चंद्रवंशी, गायत्री नौरंगे, कृतिका जैन, अनामिका सिंह, मनमोहन मनहरे, नन्द किशोर साहू, अम्बिका साहू, गोपेश साहू, देवदत्त द्विवेदी, महेंद्र खोडियार, प्रफुल्ल विश्वकर्मा , गज्जू साहू, मरमिला साहू, सोहन साहू, मीना ठाकुर, अवतार बागल, राजेश गुप्ता, पुष्पा साहू, प्रभा विश्वकर्मा, प्रदीप वर्मा, श्वेता विश्वकर्मा, आनंद अग्रवाल, अम्बर अग्रवाल, संतोष कुमार साहू, महेश ध्रुव, विनय निर्मलकर, विनय प्रताप सिंह ध्रुव, सचिन मेघानी, स्वपनिल मिश्रा, रमेश सपहा, रवि सोनकर, बद्री प्रसाद गुप्ता, प्रमोद कुमार साहू, ममता तिवारी, दुर्गा साहू, महेंद्र औसर सभी पार्षद उपस्थित रहे ।

महाराष्ट्र मंडल के स्पोर्ट्स क्लब का लोकार्पण 30 को

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल का स्पोर्ट्स क्लब 30 मार्च, रविवार को शाम छह बजे शुरू होने जा रहा है। पहले चरण में स्पोर्ट्स क्लब में बैडमिंटन, कैरम और शतरंज जैसे खेलों को शामिल किया जा रहा है। क्लब की सदस्यता केवल महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद और उनके बच्चे ही ले सकते हैं।संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने बताया कि इससे पहले भी महाराष्ट्र मंडल में स्पोर्ट्स क्लब में नियमित रूप से क्रिकेट, बैडमिंटन, कैरम सहित विविध खेल खेले जाते थे। मंडल का नया भवन बनने के बाद फिर से स्पोर्ट्स क्लब शुरू किया जा रहा है। जल्दी ही शुरू होने वाली ग्रीष्मकालीन छुट्टी के कारण बच्चों के बड़ी संख्या में क्लब में शामिल होने की संभावना है। स्पोर्ट्स क्लब चौबे कॉलानी स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन के प्रथम तल पर लॉन एरिया में संचालित किया जाएगा। इसी तरह कैरम खेलने वालों के लिए अंतरराष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप कैरम बोर्ड की व्यवस्था की गई है। परितोष के अनुसार अप्रैल माह में मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में वालीबॉल और रॉक बॉल का कैंप शुरू किया जाना है। यह कैंप खेल समिति के माध्यम से समन्वयक गीता दलाल के मार्गदर्शन में शुरू किया जाएगा। यह शालेय व महाविद्यालयीन स्तरीय निःशुल्क शिविर राजधानी स्तरीय होगा।

तैयारियों का कलेक्टर-एसएसपी डीआरएम ने लिया जायजा

रायपुर से अभनपुर तक पहली मेमू ट्रेन को 30 मार्च को मिलेगी हरी झंडी

- **कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अभनपुर से रायपुर तक निरीक्षण वैन से यात्रा कर रेलवे ट्रैक और अन्य सुविधाओं की जांच की**

रायपुर/नवप्रदेश। अभनपुर-रायपुर के बीच नई रेल सेवा के शुभारंभ को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। 30 मार्च 2025 को शाम 4:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस बहुप्रतीक्षित मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसी सिलसिले में आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कार्यक्रम स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अभनपुर से रायपुर तक निरीक्षण वैन से यात्रा कर रेलवे ट्रैक और अन्य सुविधाओं की जांच की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लोगों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक (रायपुर) दयानंद ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अधिनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि इस नई रेल सेवा के शुरू होने से यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने को लेकर एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया।

यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

नई रेल सेवा के तहत रायपुर से अभनपुर के बीच मेमू ट्रेन चलाई जाएगी, जिसमें रायपुर आरवी ब्लॉक हाट, मंदिर हसौद, उद्योग नगर, सीबीडी, मेला ग्राउंड केंद्री और अभनपुर जैसे प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव होगा। नया रायपुर अटल नगर में तैयार किए गए सीबीडी रेलवे स्टेशन में आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध हैं।

इस नई रेल सेवा से रायपुर और अभनपुर के बीच आवागमन आसान होगा, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ कुमार विश्वरंजन, अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव न देने पर बर्खास्तगी की धमकी से मचा बवाल

रायपुर/नवप्रदेश। आसन्न आबकारी सत्र से ग्राम खौली में शराब दूकान खोलने पर आमादा प्रशासन ग्रामीणों व पंचायत की मनाही के बाद अब धमकी - चमकी पर उतर आया है । पंचायत द्वारा प्रस्ताव न देने पर एक अधिकारी द्वारा कथित तौर पर बर्खास्तगी की? धमकी की जानकारी मिलते ही ग्राम में बवाल मच गया है । आनन - फानन में बीते कल गुरुवार की सुबह ग्रामीण सभा की एक बैठक आहूत कर इसकी निंदा करते हुये किसी भी हालत में शराब दूकान न खुलने देने का निर्णय लिया गया और पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि वे किसी के भी दबाव में न आये और फिर दबाव डालने की स्थिति में इसका उल्लेख करते हुये मुख्यमंत्री को अपना स्तीफा सौंप दें ।

इधर इस घटनाक्रम से बौखलाये ग्रामीणों ने आनन-फानन में एक ज्ञापन तैयार कर व पूर्व में पंचायत द्वारा शराब दूकान खोलने की अनुमति न देने संबंधी आवेदन को इस ज्ञापन के साथ संलग्न कर एक प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से जिलाधीश को सौंप इसकी प्रति क्षेत्रीय विधायक व सांसद रहे पूर्व राज्यपाल रमेश बैस सहित वर्तमान क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल व क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह सहित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डाक्टर लाल उमेद सिंह , अनुविभागीय अधिकारी पुष्पेन्द्र शर्मा व कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग को सौंप पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी है व अनुचित दबाव व धमकी दे पंचायत प्रस्ताव लेने की कोशिश की निंदा करते हुये बिना विधिवत पंचायत प्रस्ताव के शराब दूकान खोलने पर आंदोलनात्मक रुख अपनाने के प्रति आगाह किया है । प्रतिनिधि मंडल में ग्राम प्रमुख नारायण चंद्राकर , उमेश चंद्राकर , गयाराम चंद्राकर , शोभाराम चंद्राकर , जयप्रकाश चंद्राकर व जयराम साहू आदि शामिल थे ।

प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पास्मो प्राक्सीवान प्लस के साथ आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया।

टेबलेट को गुजरात की एक कंपनी से डाक घर से स्पीड पोस्ट के माध्यम से मंगाया जाता था। आरोपियों के कब्जे से कुल 200 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पास्मो प्राक्सीवान प्लस जब्त किया गया है। इसकी कीमत एक लाख रुपये आंकी गई है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है।एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि थाना सिविल लाइन क्षेत्रांतर्गत ग्राम खादी उद्योग भंडार अशोक विहार पास स्थित मैदान में दोपहिया वाहन सवार दो अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखें है। कहीं जाने की फिराक में है। इस पर पुलिस मुखबीर के बताए स्थान पर जाकर हुलिये के व्यक्ति और वाहन की पतासाजी की। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम सैबी ए बेंजामिन और अश्वनी पाल निवासी रायपुर का होना बताया। उनके पास से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पास्मो प्राक्सीवान प्लस मिला।आरोपी सैबी ए बेंजामिन और अश्वनी पाल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 200 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पास्मो प्राक्सीवान प्लस, 02 नग मोबाइल फोन, नगदी रकम 8,500 रुपये और वाहन जब्त किया गया। इसकी कीमत लगभग एक लाख रुपये है।

प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन मतगणना तक आचार संहिता लागू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव प्रक्रिया के तहत आज दिनांक 27 मार्च दिन बुधवार को प्रत्याशियों की अंतिम सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के हस्ताक्षर युक्त का प्रकाशन शाम 6:00 बजे किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी प्रकाश गोलछा, के. सी. माहेश्वरी, अनिल कुचेरिया (जैन), संजय देशमुख, मनोज शर्मा एवं चेम्बर चुनाव कार्यालय प्रभारी एस.एम.रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने स्पष्ट किया है कि चूंकि 3 जिलों में मतदान होना बाकी है अतः मतदान और मतगणना संपन्न होने तक आचार संहिता लागू है एवं जिन पदों पर केवल एक एक प्रत्याशी है वे सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना उपरांत प्रमाण पत्र जारी किए जाने तक अभी भी प्रत्याशी ही हैं, और स्वयं को 'निर्विरोध निर्वाचित' लिखकर प्रचार प्रसार न करें।

नामांकन वापसी उपरांत प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष पद हेतु केवल एक एक प्रत्याशी क्रमशः सतीश कुमार थौरानी, अजय भसीन एवं निकेश बरडिया हैं अतः इन पदों के लिए चुनाव नहीं होंगे और निर्विरोध निर्वाचन होगा.

जिला रायपुर के लिए प्रत्याशियों के नामः-

जिला उपाध्यक्ष पद हेतुः लोकेश जैन, निलेश मूंदड़ा, शंकर बजाज, टी.श्रीनिवास रेड्डी, राज कुमार तारवानी, मनोज कुमार जैन, कन्हैयालाल गुप्ता, अशोक अग्रवाल.

जिला मंत्री पद हेतुः-

रविन्द्र सिंह चावला, अमर बरलोटा, दीपक विधानी, भरत पमनानी, राकेश वाधवानी, प्रशांत गुप्ता, कांति पटेल, आकाश धावना।

रायपुर में अवैध पार्किंग, नशाखोरी, कचरा डंपिंग की शिकायतें अनसुनी, लोगों में बढ़ता जा रहा है विरोध

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के देवपुरी में वर्धमान नगर के रहवासियों द्वारा अवैध पार्किंग, नशाखोरी, जुआखोरी, कचरा डंपिंग के विरुद्ध किया जा रहा विरोध बढ़ता ही जा रहा है।

समस्या से परेशान यहां के रहवासी विरोध कर रहे हैं, शिकायत भी कर रहे हैं। मगर, समाधान करने वाले मामले को देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं। अब तक कार्रवाई पूरी तरीके से बेनतीजा रही है। जिम्मेदार अधिकारी आपस में पत्राचार कर एक दूसरे के ऊपर मामला डालते जा रहे हैं। बता दें कि पांच जनवरी को इसी मामले को लेकर सोसायटी के अध्यक्ष विवेकानंद भट्टाचार्य और अवैध तरीके से गाड़ी पार्क करने वाले योगेश सैनी के बीच बातों ही बातों में मारपीट भी हो गई थी, जिसके बाद मामला थाने भी गया था।

जनवरी में ही रहवासियों के अनुरोध पर क्षेत्रीय विधायक मोतीलाल साहू ने आयुक्त नगर निगम को आदेश जारी कर यह भी कहा था कि यहां के रहवासियों की समस्या का समाधान किया जाए। वहीं, एसडीएम द्वारा भी नगर निगम और संबंधित थाने को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। सब कुछ होने के बाद भी इस मामले पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

अतिक्रमण कर मार्ग बाधित करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इस क्षेत्र में भी अवैध पार्किंग व अतिक्रमण को लेकर समय-समय पर कार्रवाई की जाती रही है। इस मामले को भी संज्ञान में लेकर कार्रवाई की जाएगी। गुरजीत सिंह, डीएमपी, यातायात हो रही है अवैध वसूली भी देवपुरी में गुंडागर्दी के साथ अवैध वसूली भी की जाती है। यहां के रहवासी बताते हैं कि कुछ लड़के अवैध तरीके से पार्किंग के नाम पर वसूली करते हैं। वो सड़कों पर गाड़ी भी खड़ी कराते हैं, जबकि पूरा क्षेत्र नो पार्किंग जोन है। नगर निगम को भी इसकी जानकारी दी गई है। मगर, निगम के अधिकारी और कर्मचारी मामले को देखने तक नहीं आए। रूटीन निरीक्षण के दौरान मैंने देवपुरी का भी भ्रमण किया है। मामले को संज्ञान में लेकर लोगों की परेशानी दूर करने के लिए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नवा रायपुर में अब चलेंगी ई-बसें

ई- बसों का टेंडर जारी कर दिया

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर में अब जल्द इलेक्ट्रिक बसें दौड़ती नजर आएंगी। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) ने आम लोगों की सुविधा के लिए ई-बसें चलाने का निर्णय लिया है।

एनआरडीए (नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण)ने ग्रास कास्ट कांट्रेक्ट मॉडल (जीसीसी) पर 40 ई- बसों का टेंडर जारी कर दिया है। जीसीसी मॉडल के अंतर्गत ई-बसें और चार्जिंग प्वाइंट बस मालिक की रहेगी। एनआरडीए प्रति किलोमीटर के हिसाब से कॉन्ट्रेक्टर को पेमेंट करेगा। बस टूटने, फूटने चार्जिंग प्वाइंट बनाने की जिम्मेदारी कॉन्ट्रेक्टर की होगी। एनआरडीए इसे नवा रायपुर के अलावा माना, अभनपुर और रायपुर स्टेशन तक चलाने की योजना बनायी है। एनआरडीए अफसरों के मुताबिक इलेक्ट्रिक बस चलाने के लिए निविदा निकाली गई है। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद कॉन्ट्रेक्टर को तीन महीने के भीतर बसें उपलब्ध करानी पड़ेगी।

नवा रायपुर के सेक्टर इलाके और रायपुर स्टेशन, पचपेड़ी नाका, कमल विहार जैसी जगहों पर अभी बीआरटीएस की 30 बसें संचालित हो रही हैं। इन बसों अनुबंध समाप्तहोने वाला है। इसलिए एनआरडीए ने अब इन बसों की जगह पर 40 ई-बस का टेंडर जारी किया है। नवा रायपुर से रायपुर स्टेशन ई-बसों का किराया प्रारंभिक तौर पर 30 रुपये निर्धारित किया गया है।10 साल के लिए होगा टेंडर नवा रायपुर में ई-बस चलाने वाली कंपनी को 10 साल का टेंडर दिया जाएगा। इसके साथ ही कॉन्ट्रेक्टर ही जरूरत के हिसाब से चार्जिंग स्टेशन बनाएगा। एनआरडीए ठेका एजेंसी को जमीन और बिजली की व्यवस्था उपलब्ध कराएगी। बिजली बिल ठेका एजेंसी को ही अदा करना पड़ेगा। अफसरों की माने तो ई-बसों का संचालन सबसे ज्यादा सेक्टर इलाके में किया जाएगा। इससे एक सेक्टर से दूसरे सेक्टर में आना-जाना आसान होगा।

एनआरडीए के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि ई-बस चलाने के लिए जीसीसी मॉडल पर निविदा निकाली गई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद नवा रायपुर में ई-बसों का संचालन होगा। इससे प्रदूषण पर अंकुश लगेगा।

राजनीति ... सभी जिलों में मोदी और केंद्र सरकार का पुतला फूंका

सीबीआई की कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा की केंद्र सरकार के इशारे पर राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राष्ट्रीय सचिव एवं विधायक देवेन्द्र यादव सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के निवास एवं कार्यालय में की गई द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों में केंद्र और राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। सीबीआई भारतीय जनता पार्टी के एजेंट की भांति काम कर रही है। भाजपा राज्य में विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है। सीबीआई के अधिकारी भी अपने शासकीय कर्मचारी होने की मर्यादा को भूलकर भाजपा कार्यकर्ता की भांति काम कर रही है। कांग्रेस इसका विरोध करती है।

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है। सीबीआई की टीम पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल, राष्ट्रीय सचिव एवं विधायक देवेन्द्र यादव सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के निवास एवं कार्यालय में की गई द्वेषपूर्ण कार्यवाही करना जांच नहीं है राजनीतिक प्रतिशोध है, जो साफ दिख रहा है। अगर भाजपा यह सोच रही है कि कांग्रेस को डराया या रोका जा सकता है, तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। कांग्रेस न झुकी है, न झुकेगी अब हर षड्यंत्र का जवाब और भी दमदार होगा।

आज रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई, बेमेतरा, राजनांदगांव शहर, राजनांदगांव ग्रामीण, कवर्धा, जगदलपुर शहर, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डगांव, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा शहर, कोरबा ग्रामीण, जांजगीर चांपा, रायगढ़ शहर, रायगढ़ ग्रामीण, जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया में केंद्र और राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार का पुतला फूंका गया।

महाराष्ट्र मंडल में विश्व रंगमंच दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में कालेले सम्मानित

- **'नाम में क्या रखा है' कहना गलत, सभी कुछ नाम में ही तो रखा है: प्रसन्न**

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व रंगमंच दिवस पर महाराष्ट्र मंडल में गुरुवार की देर शाम 84 वर्षीय वरिष्ठ रंगसाधक अनिल श्रीराम कालेले का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, सचिव चेतन गोविंद दंडवते, मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन, दिव्यांग बालिका विकास गृह के प्रभारी प्रसन्न निमोणकर, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर, कला एवं संस्कृति समिति के प्रभारी अजय पोतदार वंदना निमोणकर, अस्मिता कुसरे, प्रिया बक्षी, गौरी क्षीरसागर, सुमीत मोडक, रविंद्र ठेंगड़ी, प्रवीण क्षीरसागर समिति अनेक रंगसा4 उपस्थित रहे।66 वर्षीय महाराष्ट्र नाट्य मंडल के संस्थापक सदस्य 84 वर्षीय वरिष्ठ रंगसाधक अनिल श्रीराम कालेले ने कहा कि हम जो टकटकी लगाकर नहीं देखते, वही नाटक है।

न्यूज गैलरी

सुरक्षाबलों ने आईईडी बरामद कर किया नष्ट

बीजापुर। बीजापुर जिले के चेरपाल-पालनार मार्ग पर माओवादियों द्वारा लगाए गए 45 किग्रा के आईईडी को सुरक्षा बलों ने समय रहते पहचानकर नष्ट कर दिया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।28 मार्च 2025 को केरिपु 222 वाहिनी की टीम पालनार कैंप से एरिया डॉमिनेशन ड्यूटी पर निकली थी। एडी ड्यूटी से वापसी के दौरान आज सुबह लगभग 8:00-8:30 बजे चेरपाल से 02 किमी दूर चेरपाल-पालनार मार्ग पर माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी का पता चला।सुरक्षा बलों की तत्परता और सूझबूझ से बीडीएस बीजापुर और केरिपु 222 वाहिनी की बीडी टीम ने मौके पर पहुंचकर आईईडी को सुरक्षित तरीके से नष्ट किया। बताया गया है कि माओवादियों ने ढ्ढश्वष्ठ को सुरक्षा बलों के वाहन को निशाना बनाने के लिए इस मार्ग पर लगाया था। आईईडी में कमांड स्वीच सिस्टम का इस्तेमाल किया गया था, लेकिन सुरक्षा बलों की सावधानी के कारण माओवादी योजना विफ्ल हो गई।

कृषि विभाग में अनुपस्थित चौकीदार को कर्तव्य में तत्काल उपस्थित होने के निर्देश

जगदलपुर । अनुविभागीय कृषि अधिकारी जगदलपुर द्वारा कार्यालय में पदस्थ चौकीदार श्री सुकालू राम यादव को सूचित किया गया है कि विगत 03 अक्टूबर 2024 का आकस्मिक अवकाश आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात आज पर्यंत लगातार बिना किसी सूचना के अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से स्वेच्छापूर्वक अनुपस्थित हैं। इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 593 दिनांक 22 अक्टूबर 2024 एवं 614 दिनांक 05 नवम्बर 2024 एवं 640 दिनांक 28 नवम्बर 2024 एवं अंतिम स्मरण पत्र क्रमांक 803 दिनांक 15 जनवरी 2025 द्वारा सम्बन्धित को तत्काल कार्य पर उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया, किन्तु आज पर्यंत सम्बन्धित अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुए हैं। अतएव इस सूचना के माध्यम से सम्बन्धित कर्मचारी को अंतिम बार सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर अपने कर्तव्य पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें, अन्यथा यह माना जाएगा कि सम्बन्धित को शासकीय सेवा की आवश्यकता नहीं है और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण संहिता के नियमों के तहत सम्बन्धित की सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए सम्बन्धित स्वयं जिम्मेदार होंगे।

प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता

जगदलपुर । कलेक्टर श्री हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को चार लाख रूपए की आ

बस्तर की लोक संस्कृति को मिल रही है नई पहचान : कश्यप

■जनजातीय व्यंजन, आभूषण, वेशभूषा और शिल्पकला का हुआ भव्य प्रदर्शन

कोण्डागांव/नवप्रदेश। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य की चहुमुखी विकास हो रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य के आदिवासी संस्कृकति लोक कलाओं एवं लोक परंपराओं सहित बस्तर की संस्कृति को संरक्षण और संवर्धन करने की दिशा में बेहतर काम कर रही है इससे बस्तर की लोक संस्कृति को देश और दुनिया में एक नई पहचान मिली है। मंत्री श्री कश्यप ने जिला कोण्डागांव में आयाजित बस्तर पंडुम प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए इस आशय के विचार व्यक्त किए। इस आयोजन में जिले के पांचों विकासखंडों से आए लोक कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से जनजातीय संस्कृति को जीवंत बना दिया। वहीं जनजातीय व्यंजन, आभुषण, वेशभूषा और शिल्पकला का भव्य प्रदर्शनी लोगों में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि बस्तर की जीवनशैली में जनजातीय गीत-संगीत, नृत्य और खानपान अनूठी पहचान है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में इस विलुप्त होती लोकसंस्कृति को बस्तर पंडुम के माध्यम से संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के चलते छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्ति की ओर बढ़ रहा है, जिससे विकास के नए द्वार खुलेंगे और बस्तर की समृद्ध संस्कृति को देश-दुनिया में पहचान मिलेगी।

उन्होंने कहा कि बस्तर के कोदो, कुटकी और रागी जैसे पोषक अनाजों को अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनाया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि बस्तर पंडुम नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध संस्कृति को समझने और अपनाने का अवसर देगा। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने जानकारी दी कि जिला स्तरीय आयोजन में विकासखंड स्तर पर चुने गए आठ विधाओं के विजेता प्रतिभागी शामिल हुए हैं। यहां से चयनित प्रतिभागी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इस पहल से बस्तर की संस्कृति को नई पहचान मिल रही है।

जल जीवन मिशन के कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश

■ जिले में पीएम जन मन एवं नियद नेल्लानार योजना क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश

जगदलपुर/नवप्रदेश । कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करें। इस दिशा में मैदानी अमले को सक्रिय रखकर उनकी बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करें और नियमित तौर पर मॉनिटरिंग कर उपलब्धि हासिल करें। कमिश्नर गुरुवार को नारायणपुर जिले के प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने जिले में नियद नेल्लानार और पीएम जनमन योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर क्रियान्वित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं हर महीने के तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यालय एवं कार्यालय परिसर में साफ-सफाई किए जाने अधिकारियों-कर्मचारियों को सहभागिता निभाने प्रोत्साहित किया।

कमिश्नर ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास, सड़क, आंगनबाड़ी एवं स्कूल भवन, राजस्व नक्शे सुधार कार्य समय सीमा में पूर्ण कराने निर्देशित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, वनाधिकार पट्टा, जल जीवन मिशन, राजस्व, परिवहन, पशु चिकित्सा, शिक्षा सहित नक्सल प्रभावित परिवारों एवं समर्पित नक्सलियों के पुनर्वास हेतु किये जा रहे विशेष प्रयास की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कमिश्नर ने आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाने सम्बन्धी कार्यवाही सहित गौशाला एवं कांजी हाऊस संचालन की जानकारी ली और आवश्यकता के अनुसार आवारा मवेशियों को रखे जाने हेतु गौशाला एवं कांजी हाउस का विस्तार भी किये जाने कहा। उन्होंने नक्सली पीड़ित परिवारों के पुनर्वास हेतु शासन की नीति के तहत कार्यवाही कर प्रभावितों को सहायता प्रदान करने सहित शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किये जाने संवेदनशीलता के साथ पहल करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मैदानी क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों को अपने मुख्यालय में उपस्थिति सहित दायित्वों के प्रति सजग रखें, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत गामीणों को मिल सके। उन्होंने जिले में संचालित नियद नेल्लानार योजनांतर्गत चलाए जा रहे मूलभूत सुविधा जैसे सड़क, बिजली, पानी, राशन, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित आंगनबाड़ी केन्द्रों में संचालित योजनाओं का समीक्षा करते हुए अंदरूनी ईलाके के लोगों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए सकारात्मक प्रयास किए जाने कहा। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि वर्षा के पूर्व पौधा तैयार करें ताकि बरसात प्रारंभ होने पर स्कूल,आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा अन्य स्थानों में रोपण किया जा सके। कमिश्नर ने बैठक में वनाधिकार मान्यता पत्रों का डिजिटाइजेशन एवं फौती-नामांतरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत नवीन पंजीकृत किसानों का ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग, जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति एवं पूर्ण योजनाओं को आरंभ करने सहित राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार प्रकरणों का निराकरण, भू-अर्जन अवार्ड के अनुरूप राजस्व अभिलेखों का दुरुस्तीकरण एवं सम्बन्धित विभागों को संशोधित अभिलेख प्रदाय करने, राजस्व नक्शे में सुधार के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु अभियान इत्यादि की बिंदुवार समीक्षा की गई।

आईईडी की चपेट में आने से बस्तर फाइटर का एक जवान घायल

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिले के कोहकमेटा थाना अंतर्गत कुतुल-बेड़माकोटी मार्ग में बस्तर फाइटर का एक जवान नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी विस्फोट की चपेट मे आने से घायल हो गया है। जिसे तत्काल घटना स्थल से पुलिस कैंप लेकर जाकर उसका प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल पंहुचाया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना कोहकामेटा क्षेत्रांतर्गत कैम्प कुतूल से आईटीबीपी, डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन हेतु बाईक के माध्यम से कुतुल एवं नवीन कैम्प बेड़माकोटी के मध्य रवाना हुई थी। सर्चिंग के दौरान लगभग 9:30 से 10:00 बजे के मध्य कैम्प कुतूल से 1.5 किमी. की दूरी पर कुतुल-बेड़माकोटी मार्ग में नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी में विस्फोट हुआ। आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से बस्तर फाइटर्स के 1 जवान के घायल हो गया, जवान के सिर, हाथ और पैर में चोट आई है। जिसके बाद उसे साथी जवानों ने मौके से निकाला और पुलिस कैंप लेकर गए। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। फिर घायल जवान को बेहतर उपचार के लिए नारायणपुर जिला अस्पताल पंहुचाया गया है। विदित हो किउस इलाके में हाल ही में सुरक्षाबलों का कैंप स्थापित किया गया है, जिससे नक्सली बौखलाए हुए हैं।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि जवान की स्थिति खतरे से बाहर है। फिलहाल उस इलाके में पुलिस सर्च अभियान चला रही है।

शहर की सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर दे : आयुक्त नगर निगम चिरमिरी

एमसीबी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निर्देशानुसार नगर निगम के महापौर रामनरेश राय के मार्गदर्शन में प्रतिदिन की भांति गुरूवार की सुबह भी नगर निगम के आयुक्त रामप्रसाद आचला ने नगर के पोड़ी बड़ानाला, कोरिया एवं गेल्हापानी के एस.एल.आर.एम. सेन्टर व कोरिया में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आयुक्त आचला ने भ्रमण के दौरान एस.एल.आर.एम. सेन्टर का अवलोकन कर पूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्वच्छता दीदियों द्वारा सेंटर परिसर में संपादित कार्यों का विस्तार से जानकारी प्राप्त की। वहीं कोरिया कॉलरी में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता को देखा और संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को कार्य की गुणवत्ता और वर्क क्वालिटी पर विशेष ध्यान रखते हुए समय-सीमा के भीतर कार्य को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान नगर निगम के स्वच्छता निरीक्षक रामगोपाल मलिक व निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

जल संरक्षण की दिशा में कोरिया प्रशासन की अनूठी पहल 'आवा पानी झोंकी'

जिला प्रशासन ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों को बरसाती पानी को रोकने, बचाने और भूजल स्तर को बढ़ाने के संबंध में दी जानकारी

ग्रामीणों ने अभियान को सराहा

कोरिया /नवप्रदेश। बरसात के पानी को सहेजने और जल संकट से निपटने के लिए कोरिया जिला प्रशासन ने जनभागीदारी आधारित पहल 'आवा पानी झोंकी' शुरू की। ग्राम पंचायत पोटेडांड में आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो, ग्राम पंचायत पोटेडांड और ग्राम पंचायत डोहड़ा के सरपंच व बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

घेरा बनाकर ग्रामीणों ने पेड़ में दी जलः इस अभियान के तहत ग्रामीणों ने अपने घरों से पानी लाकर जामुन के पेड़ के नीचे मिट्टी का घेरा बनाकर जल संचयन का अभ्यास किया, जिससे यह संदेश दिया गया कि अगर समय रहते बरसात के पानी को रोका जाए, तो भूजल स्तर को बनाए रखा जा सकता है।

नारी और पानी का अदभुत संयोगः कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि 'जल ही जीवन है' और इसे बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। वर्षा जल को बहने देने की बजाय, अगर हम इसे संरक्षित करें, तो जल संकट की समस्या से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांवों में छोटे-छोटे तालाब, कुएं और परंपरागत जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना जरूरी है, ताकि बारिश का पानी बर्बाद न हो। उन्होंने 'नारी और पानी' के संबंध पर जोर देते हुए कहा कि 'महिलाएं घर और खेतों में पानी का अधिकतम उपयोग करती हैं, इसलिए जल संरक्षण में उनकी भूमिका अहम है।' उन्होंने सभी से प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने की अपील की।

बरसात का पानी ही भूजल का सबसे बड़ा स्त्रोतः जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि बरसात का पानी ही भूजल का सबसे बड़ा स्त्रोत है। अगर हम इसे रोकने और संरक्षित करने की दिशा में प्रयास करें, तो सूखे और जल संकट से बच सकते हैं।

सुकमा में दो-दो लाख के इनामी तीन नक्सलियों ने किया सरेंडर

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर के सीमावर्ती इलाके में सक्रिय 2 महिला समेत 3 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। इन तीनों पर 2-2 लाख रुपये का इनाम घोषित था, यह कई बड़ी नक्सली वारदातों में शामिल रहे थे। नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर किया इन्होंने सरेंडर किया है।

योजना के तहत इन्हें प्रोत्साहन राशि दी गई है और पुनर्वास नीति का लाभ दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ के नक्सली इलाकों में जवानों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। मिशन 2026 के तहत नक्सलियों से प्रदेश को मुक्त करने के लिए सरकार सभी कदम उठा रही है।

जवानों की हत्या के आरोपित दो लाख के इनामी सहित दो नक्सली गिरफ्तार

जगरगुंडा थाना के सिंगाराम में 25 मार्च 2023 को हुए मुठभेड़ में तीन जवान बलिदान हो गए थे। तीनों जवानों के हत्या के आरोपित दो लाख के इनामी सीएनएम कमांडर मुचाकी सन्नू व दो मिलिशिया कमांडर मुचाकी हुर्रा को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार बुधवार को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा तोमेश वर्मा व कैम्प कमारगुडा से सहायक कमांडेंट हरिकेश नाथ ने बैनपल्ली से प्रकरण के आरोपित मुचाकी सन्नू व मुचाकी हुर्रा को घेराबंदी कर पकड़ा।

यह सामान बरामद हुआ

आरोपितों ने पूछताछ में अपराध स्वीकार किया, जिनकी निशानदेही पर सन्नू के कब्जे से काला नीला पिट्ठु के अंदर दो बीजीएल सेल व व हुर्रा के कब्जे से काला रंग के कपड़े में बांध कर रखा हुआ दो जिलेटिन राड व डेढ़ मीटर काडेक्स वायर बरामद किया गया।गिरफ्तार नक्सली मुचाकी हुर्रा पर गोंदपल्ली के ग्रामीण की हत्या व सड़क निर्माण के दौरान आईईडी विस्फोट कर जेसीबी वाहन चालक को घायल करने का अपराध भी थाने में पंजीबद्ध है। दोनों आरापितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

प्रथम पेज का शेष

एसीबी ने नौकरी के नाम...

करने के लिए भेजा था। वह आदिवासी विकास विभाग जिला सक्ती के जैजैपुर कार्यालय में पदस्थ मंडल निरीक्षक संदीप खांडेकर से मिला तो मंडल निरीक्षक ने रवींद्र जांगड़े को पुनः सेवा में लेने के एवज में 1.5 लाख रुपए रिश्वत की मांग की। शिकायत का सत्यापन कराए जाने के दौरान आरोपी 50000 रुपए प्रार्थी से प्राप्त कर लिया था और अगले किश्त के रूप में 50000 रुपए और लेने के लिए सहमति दी गई थी. शिकायत के आधार पर कार्रवाई की योजना बनाकर एसीबी बिलासपुर की टीम ने आज आरोपी संदीप खांडेकर को रिश्वती रकम 50000 देने के लिए प्रार्थी को रिश्वती रकम सहित भेजा था. आरोपी द्वारा प्रार्थी को जेठा जिला सक्ति कलेक्ट्रेट से लगे आदिवासी विकास विभाग के कार्यालय में बुलाए जाने पर प्रार्थी ने वहां जाकर आरोपी को रिश्वती रकम 50000 रुपए देने पर आरोपी ने उसे अपनी मारुति कार में रखवाया.

म्यांमार में भूकंप, 20...

भूखे हैं...घरों के बाहर बैठे हैं...स्थिति बहुत खराब है। प्रधानमंत्री ने आपातकाल की घोषणा की है। इस महिला ने सभी लोगों से बैंकॉक के लिए प्रार्थना करने की अपील भी की।

युद्धक्षेत्र में सफलता ...

अस्थायी शासन स्थापित करने पर विचार कर सकते हैं, ताकि वहां लोकतांत्रिक चुनाव हो सकें और एक ऐसा सरकार बनी जो जनता का विश्वास हासिल करे। इसके बाद ही शांति समझौते पर बातचीत की जा सकती है।

मैक्रों के शांति सम्मेलन के बाद पुतिन का बयान

रूस के राष्ट्रपति का यह बयान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की तरफ से आयोजित शांति सम्मेलन के बाद आया, जिसमें यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए सैनिकों को तैनात करने पर चर्चा हुई थी। हालांकि, रूस ने चेतावनी दी है कि वह नाटो देशों के सैनिकों को शांति सेना के रूप में स्वीकार नहीं करेगा। पुतिन ने इस दौरान मांग की है कि कीव उन चार क्षेत्रों से अपनी सेना वापस ले ले, जिन पर मॉस्को ने आंशिक रूप से कब्जा कर लिया है। वह यह भी चाहते हैं कि यूक्रेन नाटो में शामिल होने से इनकार करे, अपनी सेना में भारी कटौती करे और देश को मॉस्को की कक्षा में रखने के लिए कानूनी रूप से रूसी भाषा और संस्कृति की रक्षा करे।

सभी मोर्चों पर बढ़त बना रही है रूस की सेना

इस बीच, रूस और यूक्रेन के बीच हाल में ऊर्जा ढांचों पर हमले और झड़पें जारी रही हैं, जिससे शांति समझौते की दिशा में आगे बढ़ने में कठिनाइयां आ रही हैं। पुतिन ने यह भी कहा कि रूस की सेना सभी मोर्चों पर आक्रामक बढ़त बना रही है और युद्ध के परिणामों को अपने पक्ष में मोड़ने के लिए संघर्ष कर रही है। हमारे सैनिक संपर्क की रेखा के साथ-साथ रणनीतिक पहल कर रहे हैं।

निगम-मंडलों की नियुक्ति को ...

अध्यक्ष और सदस्यों पर निशाना साधते हुए नए लोगों को मौका देने का जेपी नड्डा से अनुरोध किया है।

बृजमोहन अग्रवाल ने एयरपोर्ट ...

कार्गो टर्मिनल, बेहतर पार्किंग और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का संचालन किया जाए, तो इससे छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रगति को नया आयाम मिलेगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्र सरकार और नागरिक उड्डयन मंत्रालय से रायपुर हवाई अड्डे को शीघ्र अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने और राज्य के प्रमुख शहरों-बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर और जगदलपुर में हवाई सेवाओं के विस्तार की मांग की। उन्होंने कहा कि यह सुविधा मिलने से छत्तीसगढ़ के नागरिकों को सुगम हवाई यात्रा का लाभ मिलेगा और छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होने की दिशा में और अधिक मजबूती से आगे बढ़ेगा।

समाज का वन से है गहरा...

कार्यशाला का उद्देश्य यह समझना है कि वनोपज के माध्यम से जनजातीय समाज का विकास और कैसे किया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और भारत सरकार के नीति आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में आज "Forest based livelihood opportunities for Tribal Communities" विषय पर दंडकारण्य सभागार, अरण्य भवन, वन मुख्यालय, नवा रायपुर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. कार्यशाला में जनजातीय समुदायों में वन आधारित आजीविका एवं सतत् वन प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विषयों यथा अकाष्ठीय वनोपज, इको-टूरिज्म, जैव विविधता संरक्षण, संयुक्त वन प्रबंधन इत्यादि पर राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञों द्वारा विचार-विमर्श एवं सफल प्रयासों की जानकारी प्रस्तुत की जावेगी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद पण्डरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

क्र./155/न.पा.परि./लो.नि.वि./2024-25 पण्डरिया, दिनांक 28.03.2025

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

नगर पाालिका परिषद पण्डरिया में प्लेसमेंट में श्रमिक प्रदाय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है -

क्र.	सिस्टम नम्बर	विवरण	अनुमानित राशि (लाख में)	निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि
1	166437	PLACEMENT AGENCY	72.00	21/04/2025

शर्तें - उपरोक्त कार्यों हेतु नियम एवं शर्तें, अमानत राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से एवं ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पण्डरिया

समक्ष श्रीमान नोटरी पब्लिक महोदय अंतागढ़ जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

शपथ-पत्र

शपथकर्ता :- चमरा राम पिता-मुरहा राम उम्र 40 वर्ष, जाति गोड़, निवासी ग्राम भैंसगांव, तहसील अंतागढ़, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

उपरोक्त शपथकर्ता सत्य एवं निष्ठा से निम्न कथन करता हूं -

01) यह कि मेरे पुत्र रूपेश कुमार के नाम पर भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड क्रमांक 7037, 7448 3285 जारी किया गया है।

02) यह कि मेरे पुत्र के उक्त आधार कार्ड मेरे पुत्र नाम भूपेश सलाम उल्लेखित किया गया है जो कि गलती से उल्लेखित किया गया है।

03) यह कि मेरे पुत्र वास्तविक एवं सही नाम रूपेश कुमार है जो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में भी वास्तविक एवं सही नाम रूपेश कुमार ही उल्लेखित है।

04) यह कि मेरे पुत्र के उक्त आधार कार्ड में उल्लेखित नाम भूपेश सलाम के स्थान पर वास्तविक एवं सही नाम रूपेश कुमार लिखा एवं पढ़ा जावें, तदाशय का शपथ पत्र निष्पादित करता हूं।

सत्यापनः-मैं उक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठापूर्वक सत्यापन करता हूं कि कि उक्त शपथ पत्र के कंडिका 01 से 04 में वर्णित सभी तथ्य सत्य एवं सही है। आज दिनांक 17.03.2025 स्थान अंतागढ़ के पढ़/समझ कर हस्ताक्षर किया हूं।

शपथकर्ता

■ न्यूज गैलरी

तेज़ रफ्तार बाइकर्स बिना हेलमेट बिना लायसेंस वाहनों पर कार्यवाही

कांकेर/नवप्रदेश । जिले मे आए दिन बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाने हेतु यातायात पुलिस कांकेर द्वारा इस सप्ताह तेज़ रफ़्तार बिना हेलमेट बिना लायसेंस तीन सवारी स्टंट बाइकर्स पर लगाम लगाने ताबड़तोड़ कार्यवाही किया गया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. के. एलिसेला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा के निर्देशानुसार दीपक सॉव यातायात प्रभारी कांकेर उप निरीक्षक रामेश्वर चतुर्वेदी एवं यातायात टीम के द्वारा जिले मे आये दिन बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाने हेतु यातायात पुलिस द्वारा शहर मे व शहर के बाहर तीन-चार टीम बनाकर लगातार सप्ताह भर 185 मोटर व्हीकल एक्ट (शराब सेवन कर वाहन चालान करना) को फोकस करते हुए मे बिना हेलमेट, तीन सवारी, मोडिफाई साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न पर 45 प्रकरण पर 13500/- रूपये चलानी कार्यवाही की गयी व 185 मोटर व्हीकल एक्ट शराब सेवन कर वाहन चालन करना) 06 प्रकरण माननीय न्यायलय के के समक्ष पेश करने पर माननीय न्यायलय द्वारा अर्थदंड 60000/- की राशि लेकर कार्यवाही की गई. साथ सड़क दुर्घटनाओ को रोकने आगे कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

स्व. दीपक कर्मा की जयंती पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

दंतेवाड़ा। युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्व. दीपक कर्मा की 48वीं जयंती पर उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस भवन में सर्वप्रथम स्व. दीपक के चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवित किया गया साथ ही दीपक कर्मा अमर के नारे लगाए गए। इस मौके पर युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा ने कहा कि दीपक कर्मा हम सभी युवाओं के लिए एक आदर्श थे। उनसे हमें हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एवं सेवा भाव से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। स्व. कर्मा के दिखाए मार्ग पर चलकर हमें उनके सपने को पूरा करना ही हमारे जीवन का पहला लक्ष्य होना चाहिए। गणेश ने कहा कि स्व. दीपक ने अपना पूरा जीवन बस्तर में शांति बहाली के लिए लगा दिया। उनके द्वारा जिले को संवारने कई ऐसे प्लान तैयार हुए जो आज मिल का पत्थर साबित हो रहे हैं। इस मौके पर जिला महामंत्री विमल सलाम,अजय मरकाम , जितेन्द्र कश्यप, अनिल कर्मा, भास्कर राठौर, राधा नाग, एन नागराज, इंदिरा ठाकुर, शिवकुमारी ध्रुव, प्रशांत बंसोड़ ,संदीप राठौर, पप्पु गुप्ता, गायेंद्र सिंह , शैलेन्द्र यादव, उमेश राणा, विवेक कर्मा, सचिन पटेल, आयुष यादव, त्रिशांक सिंह ठाकुर, छविन्द्र नेताम, अरूण सोनानी, वशीम खान, राजकुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

जिला अस्पताल में किया गया फल वितरण: स्व. दीपक कर्मा की जयंती के मौके पूर्व विधायक देवती कर्मा एवं जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। इस मौके पर देवती व सुलोचना ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल भी जाना।

आश्रम में दिया राशन और बच्चों के साथ काटा केक: पूर्व सरपंच अनिल कर्मा एवं जिला अध्यक्ष गणेश दुर्गा द्वारा गुमरगुण्डा आश्रम में अध्यनरत बच्चों के साथ मिलकर केक काटा साथ ही बच्चों के लिए आश्रम में राशन सामान भी दान दिया। अनिल कर्मा ने बताया कि स्व. दीपक कर्मा को बच्चों से काफी लगाव था इस कारण हर वर्ष उनके जन्मदिन के मौके पर हम सभी युवा यहां आते हैं।

पूर्व सीएम बघेल, देवेंद्र यादव पर सीबीआई की दबिश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

■ **जिला कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने भाजपा सरकार का किया पुतला दहन**

कांकेर/नवप्रदेश। केन्द्रीय जांच एजेंसी सीबीआई के द्वारा प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल एवं राष्ट्रीय सचिव व भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव के निवास सहित विभिन्न स्थानों पर किए गए छापेमारी की कार्यवाही के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा पुराना बस स्टैंड में भाजपा सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा सरकार के द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियो का दुरुपयोग न केवल लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रहा है बल्कि हमारे संविधान की मूल भावना पर भी हमला कर रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभद्रा सलाम ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी ई.डी. एवं सीबीआई जो एक स्वतंत्र जांच एजेंसी होनी चाहिए, आज भाजपा के लिए एक राजनीतिक हथियार बन गई है। इसका प्रयोग विपक्षी दलों को कमजोर करने, उनके नेताओं को डराने और लोकतांत्रिक आवाज को कुचलने के लिए किया जा रहा है। ताकि कि वे जनता के मुद्दों को उठाने से पीछे हट जाए।

यह केवल हमारे शीर्ष नेतृत्व तक सीमित नहीं है, बल्कि कांग्रेस पार्टी केकार्यकर्ताओं,नेताओं और समर्थकों को भी लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। बिना किसी ठोस आधार के उन्हें नोटिस भेजे जा रहे हैं गिरफ्तार किया जा रहा है और छापेमार की कार्यवाही करके मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। भाजपा सरकार अपनी विफलताओं को छुपाने और विपक्ष को दबाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। देश अघोषित आपातकाल के दौर से गुजर रही है। आज के इस पुतला दहन कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, प्रदेश उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर,प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर,प्रदेश सचिव जनकनंदन कश्यप,सरजू शोरी, सुनील गोस्वामी,मनोज जैन,मृदुला भास्कर, लोमेन्द्र यादव कमोद हिरवानी,अजय रेणु, अजय भासवानी, इसहाक अहमद, यास्मीन खान, चन्द्रलोक ठाकुर,राजू दुबे, खोमेन्द्र उईके,गणेश सोनी, ,लतीफ मेमन,तारस सिन्हा,देवेन्द्र साहू,शेष गजबिए,अमित साहू, अमन गायकवाड़,निरंजन लाटिया,उमेश साहू, निरंजन भास्कर उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री के छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर भाजपाइयों का कमल सदन में बैठक

कांकेर /नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल कांकेर व्दारा सम्मान व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मां. नरेन्द्र मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर बैठक कमल सदन मे रखी गई जिसमें नगरपालिका परिषद कांकेर में विजयी अध्यक्ष अरुण कौशिक का महामंत्री दिलीप जायसवाल उपाध्यक्ष उत्तम यादव का भरत मटियारा ने फूलमाला व भाजपा गमछा पहना कर स्वागत अभिनन्दन किया इसी क्रम मे आमापारा के पार्षद नरेन्द्र साहू, मांझापारा पार्षद हितेंद्र खटवानी, अन्नपूर्णा पारा पार्षद टिकेंद्र ठाकुर, सुभाष वार्ड पार्षद विकास अंभोरे, अलबेला पारा पार्षद उगेश्वरी उइके, एम जी वार्ड पार्षद मीरा सलाम, जवाहर वार्ड पार्षद चित्ररेखा जैन, शिव नगर वार्ड पार्षद शंकुतला जैन, पार्षद सुश्री मंजू सारथी का फूलमाला व भाजपा गमछा पहना कर सम्मानित किया गया सभी से अपील कि गई कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी का आगमन छत्तीसगढ़ के धरा बिलासपुर में 30 मार्च को हो रहा है आप सभी अधिक से अधिक संख्या में बिलासपुर पहुंचे।बैठक में प्रमुख रूप से शहर मंडल प्रभारी जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पूर्व विधायिका सुमित्रा मारकोले, प्रदेश कार्य समिति सदस्य पूर्व अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड भरत मटियारा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हलधर साहू, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री अशोक वलेचा, पूर्व जनपद अध्यक्ष राम चरण कोर्राम, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी, भाजपा शहर मंडल महामंत्री गिरधर यादव, राजेन्द्र गौर, जयप्रकाश गेड़ाम, पार्षद टिकेन्द्र ठाकुर हितेंद्र खटवानी, नरेन्द्र साहू, सलिम मेमन, विकास अंभोरे, उगेश्वरी उइके, मीरा सलाम चित्ररेखा जैन, शंकुतला जैन, मंजु सारथी, मीना साहू, मनोज ध्रुव, रमशीला साहू, प्रदीप कुमार चन्द्रोल, विवेक परते, राकेश चोपड़ा, योगेश साहू, दीपक शंकर जैन, राकेश शर्मा, पूष्पेन्द्र सिंह, राजेश साहू, प्रशांत लक्की ठाकुर, बृजमोहन तिवारी, शैलेन्द्र शोरी, जतिन अटभैया, आकाश सोनी, श्रध्देश चौहान, हर्षल गजपिये, घनेन्द्र ठाकुर, पीयूष वलेचा, राकेश यादव, मनीष जैन, दीपांशु जैन, अनिता सोनी, सरिता यादव, नरेश भीमगंज, निधी संचेती, जितेश्वरी भीमगंज, विजय लक्ष्मी कौशिक, मोहन नाविक, अंजु नेगी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सरकार की योजनायों को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए : कमलेश

कांकेर /नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष महेश जैन के आह्वान पर कांकेर ग्रामीण मंडल भाजपा के जनप्रतिनिधियों प्रदेश जिला मंडल मोर्चा प्रकोष्ठ,बुथ के अध्यक्ष व समिति एवं समस्त बुथ के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का कमल सदन जिला भाजपा कार्यालय अलबेलापारा कांकेर में बैठक संपंन हुआ। भारतीय जनता पार्टी कांकेर ग्रामीण मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह मंडल अध्यक्ष कमलेश उसेंडी ने कांकेर ग्रामीण मंडल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि वर्तमान में संपंन पंचायत चुनाव में जितने भी भाजपा के कार्यकर्ता विजयी होकर आये है उनको बधाई एवं षुभकामनयें दिया और उन्हे अपने कार्य क्षेत्र में बेहतर कार्य करने को प्रेरित किया। कमलेष उसेण्डी ने कहा कि जितने भी सरकार की योजनायें संचालित है उन्हे लोगों को प्रसारित करे और सभी वर्ग को इसका लाभ दिलाने का प्रयास करे। बैठक के दौरान पंचायत चुनाव मे जीत के आये भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का भब्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिसमें जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष श्रीमति पुर्णिमा कावड़े, कोकपुर उपसरपंच चुनेष्वर जैन व ब्यासकोगेंरा से पंच अषोक नेताम सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता षामिल है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह अजजा अध्यक्ष ईष्वर कावड़े, जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष श्रीमति पुर्णिमा कावड़े,दषरथ साहू,सुरेष जैन, आादि उपस्थित थे।

मनेंद्रगढ़ में नवनिर्वाचित सरपंचों के लिए अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

एमसीबी/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार विगत 27 मार्च 2025 को जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के सभागार में विकासखंड अंतर्गत 72 ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंचों के लिए एक दिवसीय अभिमुखीकरण एवं परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवनिर्वाचित सरपंचों को पंचायत संचालन, प्रशासनिक कार्यों, वित्तीय प्रबंधन एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की बारीकियों से अवगत कराना था।

प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत पूर्व निर्धारित समयानुसार जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री वैशाली सिंह द्वारा की गई। उन्होंने सभी सरपंचों का स्वागत करते हुए पंचायतों की भूमिका, शासन की प्राथमिकताओं एवं विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

कलेक्टर ने दिया सेवानिवृत्ति शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने जिले के सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए पेंशन प्राधिकार पत्र प्रदाय किया। शिक्षा विभाग के बिसनाथ बघेल, बुदलू राम उसेण्डी और वन विभाग के श्रवण कुमार नाग का सेवानिवृत्त होने पर शाल एवं श्रीफल भेंट करते हुए पीपीओ प्रदाय किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने सेवानिवृत हो रहे समस्त कर्मचारियों को स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

नगर में चहूंओर मवेशी राज, आए दिन होते रहते हैं हादसे, नगर पालिका बेपरवाह

दो दिनों बाद नवरात्रि हो रहा प्रारंभ, श्रद्धालुओं की बढेगी भीड़

दंतेवाड़ा /नवप्रदेश। दिनों दिन नगर में सड़कों पर मवेशियों का जमावाड़ा एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। ये देखने में भले ही एक छोटी सी समस्या लगती हो पर जब इनकी वजह से घटनाएं होती है जानमाल का नुकसान होता है तब लोगों को समझ में आता है, कि ये कोई छोटी नहीं बल्कि बहुत बड़ी और गंभीर समस्या है। जब तक कोई हादसा न हो जाए तब तक प्रशासन, पालिका, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी या फिर आम व्यक्ति किसी का ध्यान इस समस्या की ओर नहीं जाता। जनहित तथा गौ माता के हित में यह खबर प्रकाशित करना बेहद आवश्यक था। यूं तो समय समय पर नगर पालिका प्रशासन का ध्यानाकर्षण इस ओर खबरों के माध्यम से कराया जाता रहा है मगर बेपरवाह पालिका प्रशासन पर इसका कोई असर अब तक नहीं हुआ। एक बार पुनः इस ताजा चित्र के माध्यम से नगर प्रशासन को जगाने की कोशिश होगी। अगर समय रहते जिमेदार जाग जाएंगे तो निश्चित तौर पर न केवल आने वाले हादसों से बचा जा सकता है वरन पशुओं एवं आम इंसान की जान भी बचाई जा सकती है।

गौरतलब है कि नगर के सड़कों पर, चौक चौराहों पर गाय, भैंसों का जमावाड़ा कोई आज की समस्या नहीं बल्कि कई दशकों से यह समस्या विद्यमान है शासन प्रशासन इस समस्या का स्थाई हल आज तक नहीं खोज पाई हैं। तमाम जतन व उपाय के बावजूद इस गंभीर समस्या से आज भी आम इंसान परेशान है। सड़कों पर मवेशियों के बैठने से कई हादसे नगर में पहले भी घटित हो चुके हैं । हादसे में कई पशुओं की मौत हुई है तो कई इंसानों की जान भी चली गई है।

कार्यालय नगर पंचायत बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

cmobodla@rediffmail.com Pho. 07740253505

क्रमांक/1830/लो.नि.वि./न.पं./2024-25 बोड़ला, दिनांक 28/03/2025

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

main Portal :- http://eproc.cgstate.gov.in

एकीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार कार्य हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का नाम	अनुमानित/प्राक्कलन राशि (लाख रु.में)	अमानत टी.डी.आर./एफ.डी.आर. (राशि रु. में)	आनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि	निविदा खोलने की तिथि
1	166415	Supply of Skilled/semi-skilled/unskilled laber in Various work Finicial Year 2025-26	38.00	29000.00	21.04.2025	23.04.2025

निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्तें उल्लेखित वेबसाईट एवं विभागीय वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बोड़ला

महीने भर पहले हुई चोरी के आरोपी मध्यप्रदेश से पकड़ाया

30 हज़ार नगद मोबाइल फोन सहित चोरी में शामिल हथौड़ा जब्त

कांकेर/ नवप्रदेश। चारामा पुलिस ने 08 फरवरी को बंद घर में पड़े 78 हज़ार की चोरी के घटना को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई है। महीने भर पहले हुई चोरी के घटना में शामिल आरोपी को लांजी मध्यप्रदेश से गिरफ़्तार कर

चोरी के पैसे लेकर लौट आई है। आरोपी नषे के श्शौंक पूरा करने के लिये चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी से चोरी की नगदी रकम तीस हजार एक नग मोबाइल और चोरी में इस्तेमाल करने हथौड़ा को जब्त कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

चारामा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 08 फरवरी 2025 को प्रार्थी थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सुबह 07.00 बजे स्कूल गया था और वापस दोपहर करीबन 12.40 बजे घर आया तो देखा कि घर का सामने का ताला टुटा हुआ था घर का सामान ईधर उधर बिखरा पड़ा था कमरे के अंदर जा कर देखा तो आलमारी खुला हुआ था आलमारी में रखे नगदी रकम 72,000/- (बहत्तर हजार रुपये) नहीं थे, कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, कि रिपोर्टपर अपराध क्रमांक 24/25 धारा 305(ए) 331(1) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उमनि0 एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर आई. के. ऐलिसेला (भा.पु.से.)के निर्देषन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेष कुमार सिन्हा (रा.पु.से.)के मार्गदर्षन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान (रा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर अज्ञात आरोपी चोर का पता तलाष किया गया, पता तलाष के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि रोहित जैन उक्त दिनांक घटना के समय संदिग्ध अवस्था में गांव में घुम रहा थाकि सूचना पर उक्त व्यक्ति का मोबाईल नम्बर का सायबर सेल कांकेर से कॉल डिटेल एवं लोकेषन प्राप्त किया गया जो घटना दिनांक के बाद से रोहित जैन का लोकेषन म0प्र0 में होना पता चलने पर संदेही का पता तलाष हेतु सउनि0 प्रदीप यादव के हमराह में पुलिस टीम मध्यप्रदेष भेजा गया, जो उक्त संदेही व्यक्ति के मोबाईल लोकेषन के आधार पर ग्राम बाड़ोद जिला आगर म0प्र0 में दबिष दिया गया जो संदेही व्यक्ति मिला नाम पता पूछने पर अपना नाम राहित जैन पिता हीरालाल जैन उम्र 24 साल निवासी वार्ड क्रमांक 06 थाना पारा चारामा थाना जिला कांकेर बताया एवं गोल मोल जवाब देने से अपने अभिरक्षा में लेकर थाना चारामा लाये, जिसे विस्तृत पूछताछ करने पर मजदूरी का काम करना एवं 28 जनवरी 2025 तक माकड़ी में स्थित हील टॉप हॉटल में वेटर का काम करता था, चारामा से रोज आना जाना करता था, हॉटलसे काम छोड़ दिया था, और चारामा में अपने परिचित दोस्तों के साथ नषा करते घूमता रहता था, नषे के लिए ज्यादातर जैसाकर्रा में तलाब के पास दोस्तों के साथ जाता था, पैसे की तंगी हो गयी हो गयी थी, जब भी जैसाकर्रा जाता था गांव के बाहर मोबाईल टॉवर के पास बने एक मकान में दिन के समय में हमेषा ताला लगा रहता था तो उस सूने मकान में चोरी करने का प्लान किया, दिनांक 08.02.2025 को सुबह 11:00 बजे के लगभग जैसाकर्रा गया तो देख कि मकान के सामने गेट में ताला लगा था आसपास कोई व्यक्ति नहीं था मकान के पीछे की ओर से घर के अंदर गया और बहर में लगे सी.सी.टीव्ही के तार को काटा दिया उसके बाद घर के अंदर गया जहां पर कमरे में लकड़ी के आलमारी को खोल कर देखा तो एक कत्थे रंग के बैग में पैसा रख था जिसे चोरी करके घर से बाहर निकल गया, बाहर आकर बेग में रखे पैसे को गिन कर देखा तो 72,800रूपये (बहात्तर हजार आठ सौ रूपये) नगद था, चोरी के पैसे लेकर उसी दिन बस से अपनी पत्नि को लेने ससुराल लॉजी मध्य प्रदेष चला गया।आरोपी द्वारा अपराध धारा का घटित करना स्वीकार कर चोरी का रकम 30000/-रुपये व चोरी के पैसे से खरीदा हुआ आई-फोन कीमती 17000/-रुपये को पेष करने पर जप्त किया गया। आरोपी राहित जैन पिता हीरालाल जैन उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 06 थाना पारा चारामा थाना चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ0ग0) द्वारा अपराध घटित करना स्वीकर करने पर 28.03.2025 को गिर0 न्यायालय पेष किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू, सउनि0 प्रदीप यादव, आर. जितेन्द्र नाग बलराम सिन्हा का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र./उ.शाखा/2025 दिनांक 20.03.2025

कार्य क्र. 1 से 2 तक के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु एवं क्र. 4 हेतु आईटम दर पर (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
1	नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत नाली, सड़क, भवन एवं भवन में विद्युतीकरण हेतु वार्षिक दर निर्धारण (निगम मद) (प्रथम निविदा)	00.00	15.04.2025 (T.No. 166118)
2	नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत बी.टी. सड़क का मरम्मत एवं संधारण कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण (निगम मद (प्रथम निविदा)	00.00	15.04.2025 (T.No. 166120)
3	नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विद्युत कार्यो के मरम्मत एवं संधारण कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण (निगम मद) (प्रथम निविदा)	00.00	15.04.2025 (T.No. 166121)
4	नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत 2डी एवं 3डी वाल पेटिंग एवं म्यूरल आर्ट हेतु वार्षिक दर का निर्धारण कार्य (निगम मद) (प्रथम निविदा)	00.00	15.04.2025 (T.No. 166150)

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in एवं www.korba.urbanecg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

पुलिस ने हिंदू नववर्ष पर शोभायात्रा को लेकर जारी की एडवाइजरी और ट्रैफिक प्लान

कोरबा/नवप्रदेश। हिंदू नववर्ष के अवसर पर रविवार के समारोह और शोभायात्रा को लेकर पुलिस ने एडवाइजरी के साथ ट्रैफिक प्लान जारी किया है। इस दौरान जुटने वाली भारी भीड़ में आम लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने विशेष इंतजाम कर रखा है।

असामाजिक गतिविधियों पर निगाह रखने के साथ लोगों को कुछ भी अवांछित महसूस होने पर सतर्क और जिम्मेदार नागरिक की तरह तत्काल सूचित करने की गुजारिश की है। श्रद्धालुओं के लिए यह भी जरुरी होगा कि दिन विशेष के लिए बनाए गए ट्रैफिक प्लान और आवागमन के रूट चार्ट को अपने दिमाग में कैद कर लें, ताकि किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।

30 मार्च रविवार को हिंदू नववर्ष धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान व्यवस्था बहाल रखने यातायात डायवर्ट रहेगा। परिवर्तित मार्ग से यातायात संचालन होगा। इस दौरान सीसीटीवी कैमरों, वीडियोग्राफी एवं स्पाटर्स के माध्यम से निगरानी की जाएगी। पुलिस द्वारा जन सामान्य से सावधानी-सतर्कता बरतने की अपील की गई है। अपराधियों के संबंध में मिली सूचना पुलिस से साझा कर जागरूकता का परिचय देने भी कहा गया है। पुलिस ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहकर ध्यान न दें। शांति एवं सौहार्द के साथ-साथ उल्लासपूर्वक आयोजन के सहभागी बनें। शहर में हिन्दू नव वर्ष के मौके पर दो अलग-अलग रैलियों का आयोजन किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में दर्शकों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहती है। दोनों शोभायात्राओं को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

शोभायात्रा को हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पूरे शहर विशेषकर शोभायात्रा के मार्गों पर सीसीटीव्ही कैमरों एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से निगाह रखी जाएगी।

बदमाशों की पहचाने करने स्पॉटर्स और वालेंटियर्स की मदद

रैली की आड़ में आसामाजिक तत्वों, जेब कतरों तथा शरीर से जेवर चोरी-छिनने वालों की निगरानी रखी जाएगी। बदमाशों पर निगाह रखने के लिए शोभायात्रा संचालन समितियों द्वारा अपने वालेंटियर्स के माध्यम से तथा पुलिस द्वारा ऐसे बदमाशों को पहचानने वाले स्पॉटर्स लगाकर असामाजिक तत्वों, चोरों, जेबकतरों एवं बदमाशों की पहचान एवं कार्यवाही की जाएगी। पुलिस के द्वारा मैप जारी कर परिवर्तित मार्ग और पार्किंग स्थल की जानकारी दी गई है।

ध्यान रखें, ऐसे रहेगा शोभायात्रा का रूट और पार्किंग सुविधा

शोभायात्रा कोसाबाड़ी स्थित हनुमान मंदिर से निकलकर, सुभाष चौक, घंटाघर चौक, महाराणा प्रताप चौक, जैन चौक, सीएसईबी चौक, आईसीआईसीआई बैंक से टैगोर उद्यान टीपी नगर में समाप्त होगी। शोभायात्रा सीतामढ़ी से पुराना बस स्टैंड, रेल्वे क्रासिंग, सुनालिया चौक, टीपी नगर से नया बस स्टैंड तक के बीच गरिमापूर्ण ढंग से निकाली जाना है। इस दौरान पार्किंग के लिए निर्धारित स्थल के रूप में सुभाष चौक मैदान, एमपी नगर मैदान, सीएसईबी ग्राउंड, सुनालिया मल्टीस्टोरी पार्किंग के सामने, सीतामणि शनि मंदिर चौक के पास पार्किंग, बुधवारी सर्कस मैदान और स्टेडियम चौक में पार्किंग व्यवस्था दी जा रही है। दोपहर एक बजे से बड़ी गाड़ियों की नो एंट्री। बडी गाड़ी रोकने का स्थान व समय भी तय किया गया है जो दोपहर 1 बजे से शोभायात्रा समाप्ति तक जारी रहेगा।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने जल जतन अभियान के कार्यों का लिया जायजा

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भाठागांव में पहुँचकर जल जतन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम भाठागांव बी में नहर-नाली से नया तालाब में पानी भराई के कार्य का अवलोकन भी किया। जिससे कि ग्रामीणों के निस्तारी एवं मवेशियों के पीने के लिए समुचित मात्रा में पानी की प्रबंध सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के तहत ग्राम भाठागांव बी में किए जा रहे जल जतन अभियान के इस बेहतर कार्य की सराहना की। मौके पर उपस्थित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के परियोजना अधिकारी ने बताया कि जल जतन अभियान के अंतर्गत पूर्व में ग्राम भाठागांव बी के एक और तालाब में पानी भरा गया है। इस दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने ग्राम भाठागांव बी के सेमरिया नाला में पहुँचकर वहाँ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के अंतर्गत निर्मित किए गए चेक डेम का भी अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के परियोजना अधिकारी एवं ग्रामीणों से इस चेक डेम में पानी के ठहराव तथा सिंचाई एवं अन्य कार्यों के लिए ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधा के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि सेमरिया नाला की कुल लंबाई 10 से 12 कि.मी. है। उन्होंने बताया कि दिसंबर माह तक इस चेक डेम में पानी उपलब्ध रहता है। जिसका उपयोग आसपास के किसान सिंचाई एवं आवश्यक कार्यों के लिए करते हैं। इसके अलावा इस चेक डेम के माध्यम से मवेशियों के पीने के लिए भी पानी उपलब्ध हो जाता है। इस मौके पर एसडीएम श्रीमती प्रतिमा ठाकरे झा, तहसीलदार श्री कोमल ध्रुव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 16 जोड़ों का विवाह

बालोद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत बालोद जिले में वर्ष 2023-24 में कुल 234 जोड़े का विवाह कराया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि नवविवाहित 234 जोड़े के विवाह में शासन के नियमानुसार प्रति जोड़ा 50 हजार रूपए के मान से कुल 01 करोड़ 16 लाख 85 हजार 32 रूपए का व्यय किया गया है। जिसमें 27 लाख 90 हजार 296 रूपए का व्यय जिला स्तर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में दी जाने वाली विभिन्न सामग्रियों के क्रय हेतु किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि परियोजना बालोद अंतर्गत कुल 16 जोड़े का विवाह संपन्न हुआ है। जिसमें कुल 05 लाख 60 हजार रूपए का व्यय किया गया है। इससे अधिक राशि का व्यय नहीं हुआ है।

कलेक्टर ने किया सरभोंका के बालक आश्रम का निरीक्षण

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम सरभोंका में स्थित बालक प्री-मैट्रिक आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम की सुविधाओं, स्वच्छता, और विद्यार्थियों की समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने आश्रम अधीक्षक को निर्देशित किया कि आश्रम में अध्ययनरत छात्रों को गुणवत्ता वाली शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं निर्धारित मीनू अनुसार सुनिश्चित की जाएं।

कलश यात्रा निकाल कर माता कर्मा के लगाए जयकारे

परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलरगांव ने मनाई कर्मा जयंती, वार्षिक सम्मेलन

नगरी/नवप्रदेश। बेलरगाँव ,साहू समाज के आराध्य देवी शिरोमणि भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती 25 मार्च को बेलरगाँव भुमका जोन क्रमांक 2 में परिक्षेत्रिय साहू समाज बेलरगाँव के द्वारा बड़ी धूम धाम से मनाया गया।इस मौके पर साहू समाज के गौरव जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा बेलरगांव पहुंच कर कर्मा जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन समारोह में शामिल हुए जहां पर साहू समाज के नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सार्वा एवं जनपद सदस्य नंदनी साहू ,उपसंरपच मोहनी साहू,गणेश राम साहू उपसंरपच ग्राम पंचायत नवागांव,महेंद्र साहू उप सरपंच ग्राम पंचायत भुरसीडोंगरी का समाजिक जनों के द्वारा बड़े ही आत्मीयता से स्वागत और सम्मान किया गया। इसी कड़ी में बेलरगाँव परिक्षेत्र के ग्राम भुमका मे भक्त माता कर्मा की जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन समारोह में साहू समाज के लोग बेलरगाँव से भुमका मोटर साईकल रैली, भव्य कलश यात्रा निकाल कर माता कर्मा की जय जय कार करते व डीजे धुन पर नाचने हुए गलियों का भ्रमण करते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां पर माता कर्मा की पूजा अर्चना किया गया ।तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम मे आए मुख्य अतिथि अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी ,अध्यक्षता मनीराम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रिय साहू समाज बेलरगाँव,विशेष अतिथि नरोत्तम लाल साहू संरक्षण , डॉक्टर जय किशन नाग ,नंदनी साहू जनपद सदस्य ,सतरूपा नेताम सरपंच ग्राम पंचायत हिर्रीडिही भुमका, रीता नेताम सरपंच ग्राम पंचायत बेलरगाँव, संगीता मरकाम उपसरपंच ग्राम पंचायत हिर्रीडिही,मोहिनी साहू उप सरपंच ग्राम पंचायत बेलरगाँव मनोहर दास मानिकपुरी अध्यक्ष भाजपा मंडल बेलरगाँव ,कैलाशनाथ प्रजापति अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगाँव,अमर सिंह पटेल ग्राम पटेल बेलरगाँव चेतन लाल नाग ग्राम पटेल भूमका ,मयाराम मरकाम अध्यक्ष कृषि एवं ग्राम विकास समिति भूमका ,लिलांबर सिंह ,असकरण नेताम के साथ अन्य अतिथियों का मंच के माध्यम से पुष्पहार ,मां कर्मा की चित्र छाया व श्रीफल के साथ अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया गया।वहीं कार्यक्रम में छोटी छोटी बच्चियों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर माता कर्मा की खिचड़ी खिलाते हुए झांकी प्रस्तुत किए, इसके बाद समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आज के किसान व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अरुण सार्वा ने कहा कि हमें समाज को आगे बढ़ाने के लिए एक अच्छी शिक्षा की बहुत जरूरी है। समय के साथ-साथ अपने कृषि को भी उन्नत बनाने की जरूरत है ।आज के समय में हमें समाज को एकजुट कर अपने अपने घरों में एक अच्छे संस्कार की सृजन करने की आवश्यकता है। तभी हमारा पीढ़ी और समाज उन्नति के शिखर तक पहुंचेगा,उन्होंने भक्त माता कर्मा की जीवन गाथा पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्गदर्शन पर चलने की बात कही सभा मे माताओ को व्यवसाय व कृषि , सामाजिक कार्य में सभी को बढ़-चढ़कर भाग ले।

कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर फसल उत्पादन के कार्य का लिया जायजा

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कसौंदा में प्रगतिशील कृषक जयेश टांक के खेतों में पहुँचकर शाक-सब्जी के उत्पादन कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रगतिशील कृषक श्री जयेश टांक द्वारा आधुनिक तरीके से किए जा रहे खेती-किसानी के कार्य की भूरी-भूरी सराहना की। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित कृषक जयेश टांक से इस स्थान पर उपलब्ध कुल कृषि भूमि के संबंध में जानकारी ली। किसान जयेश टांक ने बताया कि यहाँ पर उनके पास कुल 60 एकड़ कृषि भूमि उपलब्ध है। जिसमें से वे कुल 56 एकड़ भूमि पर ही खेती-किसानी का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे इस कृषि भूमि को रायपुर एग्रीकल्चर फर्म एंड कंपनी से लीज पर लिए हैं। किसान जयेश टांक ने बताया कि वर्तमान में वे लौकी, करेला, टमाटर, लहसुन, प्याज, तरबूज-खरबूज, बाजरा, गेहुँ आदि फसल का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे अपने उत्पादित फसलों की बिक्री नेपाल के अलावा दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पं. बंगाल आदि प्रदेशों में भी करते हैं। किसान जयेश टांक ने बताया कि वे फसल उत्पादन कार्य के अलावा किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन देने का भी कार्य करते है। इस कार्य में उन्हें कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के द्वारा समुचित मार्गदर्शन एवं शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान भी किया जा रहा है। पिछले वर्ष उन्हें उद्यानिकी विभाग के एनएचएम मल्चिंग योजना के अंतर्गत 32 हजार रूपये की सब्सिडी एवं टमाटर क्षेत्र विस्तार योजना के अंतर्गत 40 हजार रूपये की सब्सिडी प्रदान की गई है। इसके अलाव वे ड्रिप एरिकेशन एवं मल्चिंग से धान, अरहर, गेहुँ, लहसुन, प्याज की सफल खेती भी कर चुके हैं।

सुपर-40 बागबाहरा के 9 बच्चों ने नवोदय के लिए मारी बाजी

बागबाहरा/नवप्रदेश। विकासखंड में शिक्षकों का एक समूह जरूरतमंद छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सुपर 40 की टीम बनाकर गरीब व जरूरतमंद छात्रों को निशुल्क कोचिंग दिया जा रहा है। इस टीम ने साल दर साल छात्रों को नवोदय, एकलव्य, सैनिक स्कूल, प्रयास आवासीय विद्यालय में चयनित करने का बीड़ा उठाया है। जिसमें सत्र 2024 - 25 के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा में 33 बच्चों को सफल कर अपना लोहा मनवाया है। इस वर्ष सुपर 40 के 09 बच्चों का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। जिसमें कु त्रिशा पटेल, नाम्या पटेल, टिंकल साहू, योगिता चक्रधारी, मोक्ष चौधरी, केशर रैदास, दिवाकर साहू , प्रतीक सेन,युवराज बरिहा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली के लिए हुआ है। इनमें से अधिकांश छात्र 25 से 30 किलोमीटर की दूरी तयकर अपने पालकों के साथ बागबाहरा आते थे। ये उनके उत्साह और समर्पण को दर्शाता है। शिक्षकों के उचित मार्गदर्शनऔर बच्चों की मेहनत के साथ- साथ उनके पालकों के समर्पण के संयुक्त प्रयास से यह सफलता प्राप्त हुई है। बच्चों की इस शानदार सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत,सहायक संचालक द्वय सतीश नायर, नंदकुमार सिन्हा, डीपीसी रेखराज शर्मा,एपीसी संपा बोस,विकासखंड शिक्षा अधिकारी के के वर्मा,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता मन्नाडे ,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भूपेश्वरी साहू ,सुपर 40 बागबाहरा के संयोजक हीरासिंग नायक प्राचार्य सेजेस कोमाखान,सचिव केदारनाथ साहू,कुलदीप साहू,जगदेव साहू,रश्मि शर्मा, आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 7 अप्रैल तक

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन अंतर्गत धाराशिव केन्द्र क्रमांक-02 में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गये थे। परियोजना स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना धाराशिव केन्द्र क्रमांक-02 आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद के लिए सूची जारी क़ी गई है। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

हल्बा समाज का वार्षिक अधिवेशन सम्मेलन

नगरी/नवप्रदेश। बिरगुड़ी में अखिल भारतीय आदिवासी बोलोधीय हल्बा समाज का हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी वार्षिक अधिवेशन सम्मेलन सम्पन्न हुआ जिसमें समाज के अध्यक्ष अमृत लाल बारला के अध्यक्षता में वार्षिक सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी समाजिक गतिविधिया एवं वार्षिक आय व्यय का विवरण दिया गया उनके पश्चात सभा मे सभापति के रूप मे ईश्वर रावटे का सम्बोधन हुआ जिसमे समाज का विकास करने का मुख्य मुद्दे पर जोर दिया गया उसके बाद समाज के संरक्षक फूलचंद अगोंछिया एवं रणजीत धनेलिया के दवारा भी संबोधन में सभा का प्रत्येक व्यक्ति शिछा एवं शासन के योजना का लाभ दिलानो बात कहीं गई उसके बाद अध्यक्ष के द्वारा समाज के गौरव दिलने वाले समाज के व्यक्ति को सम्मानित किया गया जिसमे श्री अनिश ताराम को व्यापार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किये उसके बाद राधेश्याम ठाकुर को उनके कार्य विद्युत में क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किये गया उसके बाद चमन घनेलिया को शिक्षा जगतं मे प्रयास मे उत्तीर्ण होने के लिए एवं देवकुमार औरसा को शासकीय नौकरी CCRPP मे चयन के लिए समानित किये गये।

कलेक्टर ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का लिया जायजा

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में पहुँचकर वहाँ चल रहे छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में मूल्यांकन हेतु निर्धारित कक्ष में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं मूल्यांकन केन्द्राध्यक्ष को उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन कार्य को निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित मूल्यांकन केन्द्राध्यक्ष श्री अरूण साहू से मूल्यांकन केन्द्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन हेतु प्राप्त कुल उत्तर पुस्तिकाओं के संबंध में जानकारी ली। मूल्यांकन केन्द्राध्यक्ष श्री अरूण साहू ने बताया कि मूल्यांकन केन्द्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मूल्यांकन हेतु कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के कुल 43 हजार 347 एवं कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के कुल 25 हजार 290 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के निर्देशानुसार प्रत्येक मूल्यांकन कर्ताओं के द्वारा प्रतिदिन कक्षा 10वीं एवं 12वीं दोनों कक्षाओं के 40-40 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है।

सरकारी योजनाएं ...

योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान पंजीयन अनिवार्य

किसानों का फार्मर पंजीयन 31 तक, योजनाओं क़ा लाभ लेने पंजीयन जरुरी

अब तक जिले के 102797 किसानों ने कराया पंजीयन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा कृषक पंजीयन डिजिटल पब्लिक इन्फास्ट्रक्चर के तहत एक महत्वपूर्ण पहल किया गया है जिसका उद्देश्य कृषि स्वामी की एक व्यापक और एकीकृत पंजीयन बनाना है। फार्मर रजिस्ट्री मे किसानों का पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित किया गया है।इस पंजीयन के माध्यम से सरकारी योजनाएँ और लाभ सही लाभार्थियों तक कुशलता पूर्वक पहुंच सकेगी।योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान पंजीयन अनिवार्य किया गया है। पंजीयन नहीं कराने पर योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ेगा। अब तक जिले के 102797 किसानों ने पंजीयन करा लिया है।

जिले में सभी किसानों का निःशुल्क पंजीयन लोक सेवा केन्द्र (सीएससी), प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर फार्मर आईडी बनाई जा रही है । जिसमें कृषि विभाग से संबंधित ग्राम के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं राजस्व विभाग से पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही लिंक https://cgfr.agristack.gov.in/farmer-registry-cg/ का प्रयोग कर किसान स्वयं पंजीयन कर सकते है।फार्मर आईडी बनवाने हेतु अनिवार्य दस्तावेज-किसान को अपने सभी भूमि का बी-1 खसरा, ऋण पुस्तिका और आधार से लिंक मोबाईल नंबर की आवश्यकता होगी।

ग्राम पंचायतों में लग रहा पंजीयन शिविर

एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी बनाने हेतु राजस्व, कृषि, सहकारिता विभाग के सहकारी समितियों तथा लोक सेवा केन्द्र (सीएससी) को 31 मार्च, 2025 तक पंजीयन का कार्य करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर डिजिटल फार्मर आईडी (किसान कार्ड) बनाई जा रही है। किसानों के सहयोग एवं फार्मर आईडी बनाने के प्रचार-प्रसार हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं पंजीयन को अप्रुवल करने के लिए पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला अन्तर्गत ग्रामों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, सहकारी समिति एवं सीएससी के माध्यम से कार्यालयीन अवधि के साथ रात्रिकालीन शिविर लगाकर कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जा रहा है।

ग्राम पदमपुर में हिंदू जागरण मंच का गठन

नगरी/नवप्रदेश। समुचे राष्ट्र के आंतरिक शांति व्यवस्था बढ़ रहे अवैध गतिविधि एवं भूमि अतिक्रमण जैसे विषयों को लेकर हिंदू जागरण मंच द्वारा नगरी खंड के ग्राम पदमपुर में युवाओं का समीक्षा लिया गया साथ ही हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक पुरूषोत्तम निषाद, जिला सह संयोजक डाकेश्वर साहू, जिला कार्य कारणी सदस्य अतीश शर्मा, नगरी खंड संयोजक करण सेन ने संगठन का गठन किया गया ग्राम पदमपुर में सर्व सम्मति से हिंदू जागरण मंच का संयोजक टोमेश्वर सेन सह संयोजक शैल यादव, आशीष मरकाम दायित्व दिया गया शिवांश साहू, जितेंद्र ध्रुव, नेहरू बिसेन,अरविंद नेताम, मंगेश्वर,हर्ष देव, तुलसी राम, परमेश्वर कुमार,वेद प्रकाश,अमन,करण, गणेश मरकाम, गजेन्द्र, निखिल, पंकज,शेष कुमार, परमेश्वर कुमार, अरविंद नेताम, गणेश मरकाम, युवराज नेताम,डोमार, हेमंत निषाद,मोहन निषाद शिव नाथ ध्रूव मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल रमेन डेका का जिला कार्यक्रम रद्द

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका अपने दो दिवसीय प्रवास पर गुरुवार को सरगुजा जिला पहुंचे थे। श्री डेका द्वारा मैनपाट के पर्यटन स्थलों का दौरा किया गया तथा केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन का अवलोकन किया गया। उन्होंने इस दौरान स्थानीय जनों से भी मुलाकात की। इसके पश्चात उन्होंने मैनपाट के करमा रिसोर्ट में रात्रि विश्राम किया। राज्यपाल श्री डेका को गुरुवार रात्रि में अचानक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या होने पर सरगुजा जिले में तय सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 30 मार्च को बिलासपुर जिले में प्रस्तावित कार्यक्रम के वजह से भी राज्यपाल श्री डेका को आकस्मिक रूप से रायपुर हेतु प्रस्थान करना पड़ा। वे शुक्रवार प्रातः सड़क मार्ग से राजधानी रायपुर के लिए रवाना हुए। बता दें राज्यपाल के प्रोटोकॉल के अनुसार शुक्रवार को तिब्बती मॉनेस्ट्री का भ्रमण और अम्बिकापुर स्थित सैनिक स्कूल के छात्रों से संवाद। इसके अलावा, एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम प्रस्तावित था।

दिव्यांगजनों के लिए मोटराईज्ड ट्रायसायकल वितरण हेतु शिविर

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के दिव्यांगजनों को सीएसआर योजना अंतर्गत निःशुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल एवं सुगम्य केन प्रदान करने हेतु चिन्हांकन के लिए तीनों विकासखण्डों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने शिविर के आयोजन हेतु संबंधित विकासखण्डों के सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ने बताया कि 11 अप्रैल को जनपद पंचायत पथरिया के सभाकक्ष में, 12 अप्रैल को जनपद पंचायत लोरमी के सभाकक्ष में और 13 अप्रैल को जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

पेयजल व शिक्षा की समस्याओं पर जनपद सदस्य की गंभीर पहल

सेतगंगा/मुंगेली। जनपद सदस्य जानकी बोगी बारमते ने नागोपहरी जनपद पंचायत क्षेत्र में पेयजल की गंभीर समस्या और शिक्षा की बदहाली व्यवस्था को दुरुस्त करने जनपद पंचायत सीईओ का ध्यान आकृष्ट कराया है। नागोपहरी जपं क्षेत्र में इन दिनों पेयजल की समस्या भयावह होती जा रही है। परिक्षेत्र में संचालित हैंडपंप जवाब दे चुकी है। जिसके चलते ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इन दिनों जहां भू जल 100 से 300 फीट में पानी की अच्छी उपलब्धता थी ।

महतारी वंदन योजना ने दी आर्थिक संबल

कौशल विकास योजना से गुड़िया बन रहीं आत्मनिर्भर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण लेकर गुड़िया सोनी अपने पैरों पर खड़ी होने की राह पर हैं, तो वहीं महतारी वंदन योजना से उन्हें आर्थिक सहायता भी मिल रही है, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। अंबिकापुर के भगवानपुर में रहने वाली गुड़िया सोनी अपने पति सचिन सोनी और दो बच्चों के साथ किराए के मकान में रहती हैं। उनके पति एक निजी दुकान में कार्यरत हैं, जिससे उनके परिवार का खर्च चलता है। गुड़िया बताती हैं कि वे काफी समय से आत्मनिर्भर बनने का सपना देख रही थीं, ताकि अपने पति की आर्थिक रूप से मदद कर सकें। इसी बीच उन्हें मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के बारे में जानकारी मिली, जिसमें विभिन्न रोजगारमूलक प्रशिक्षण दिए जाते हैं। इस योजना के तहत वे जन शिक्षण संस्थान से ब्यूटी पार्लर का छह महीने का प्रशिक्षण ले रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान वे ब्यूटी पार्लर से जुड़ी महत्वपूर्ण तकनीकें जैसे बैकस, थ्रेडिंग, फेशियल और मेकअप सीख रही हैं। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद वे खुद का ब्यूटी पार्लर खोलकर अपने पति की आर्थिक सहायता करने की योजना बना रही हैं। गुड़िया सोनी बतातीं हैं कि, महतारी वंदन योजना से उन्हें हर महीने आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे परिवार की जरूरतों को पूरा करने में आसानी हो रही है। अब तक उन्हें इस योजना के तहत 13 किस्तें मिल चुकी हैं, जिससे उनके बच्चों की जरूरतें और अन्य घरेलू खर्च पूरे हो रहे हैं। वे बताती हैं कि इस योजना ने उनके आर्थिक तनाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने हितग्राही मूलक योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

महिलाओं को सशक्त बना रही हैं सरकार की योजनाएं

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाएं महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और आर्थिक समृद्धि की दिशा देने का काम कर रही हैं। शासन की विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को न केवल स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं, बल्कि उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को भी सुधार रही हैं। गुड़िया सोनी जैसी कई महिलाएं हैं जो इन योजनाओं से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं और अपने परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं।

संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर व एसपी ने किया राज्यपाल का स्वागत

महिला हितग्राहियों से की चर्चा, मेहता प्वाइंट में लिया सनसेट का आनंद

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका अपने दो दिवसीय प्रवास में सरगुजा मैनपाट पहुंचे, जहां संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर विलास भोसकर, एसपी योगेश पटेल ने उनका स्वागत किया। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, एसडीएम फागेश सिन्हा, नीरज कौशिक सहित पुलिस विभाग एवं प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे।

राज्यपाल रमेन डेका ने पर्यटन स्थल उल्टा पानी पर्यटन स्थल का दौरा किया और वहां के प्राकृतिक नजारे का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल डेका ने पर्यटन स्थल पर स्थित दुकानों में महिलाओं से मुलाकात की और शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात, उन्होंने मेहता प्वाइंट का दौरा

किया, जहां उन्होंने सनसेट (सूर्यास्त) का आनंद लिया। राज्यपाल ने पर्यटन स्थल के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विस्तार पर भी चर्चा की, जिससे पर्यटकों को और अधिक आकर्षित किया जा सके। गौरतलब है कि राज्यपाल 28 मार्च को तिब्बती मॉनेस्ट्री का भ्रमण करेंगे और अम्बिकापुर स्थित सैनिक स्कूल के छात्रों से संवाद करेंगे। इसके अलावा, राज्यपाल श्री डेका एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करेंगे।अपने प्रवास के दौरान राज्यपाल रमेन डेका केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेंगे।

मोंटेसरी कक्षाओं का ग्रेजुएशन डे में बच्चों को किया सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। सेंट जेवियर स्कूल में मोंटेसरी कक्षाओं का ग्रेजुएशन डे समारोह संपन्न हुआ। जिसमें नन्हे स्नातकों को सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुंगेली शहर की प्रतिष्ठित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रियंका जांगड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। सरस्वती पूजा के उपरांत शाला के प्राचार्य शुभेन्दू मंडल ने बताया कि यह कार्यक्रम मांटेसरी पद्धति की सफलता और बच्चों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं जिज्ञासु बनने की यात्रा को समर्पित था। डॉ. प्रियंका ने विद्यालय में आने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह बच्चों को देखकर बहुत प्रसन्न है और उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किया। उन्होंने विद्यालय के प्रति आभार प्रकट करते हुए अभिभावकों और शिक्षकों को मांटेसरी शिक्षा के सकारात्मक प्रभाव को समझाया व सभी के सम्मिलित प्रयास की आवश्यकता बताते हुए कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में उप प्राचार्य डॉल्फी मंटोरियो ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम बच्चों में सीखने के प्रति लगन और उनके उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष के स्नातकों की सफलता मांटेसरी शिक्षा की उत्कृष्टता का प्रमाण है।

छग में हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी परीक्षा का मूल्यांकन प्रशिक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा 2025 के लिए गुणवत्ता युक्त मूल्यांकन प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम 26 मार्च को पीएमश्री बीआरसाव शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी चंदकुमार घृतलहरे के मार्गदर्शन में मूल्यांकन केंद्र अधिकारी पीसी दिव्य, जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि जीतेन्द्र कुमार बावरे और सहायक मूल्यांकन केंद्र अधिकारी राजेन्द्र सिंह सहित सभी विषयों के मुख्य परीक्षक, उप मुख्य परीक्षक एवं वरिष्ठ मूल्यांकनकर्ता उपस्थित थे।मास्टर ट्रेनर्स राजेन्द्र सिंह और दिनेश कुमार ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया, जिसका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण और त्रुटिरहित मूल्यांकन को सुनिश्चित करना था।

इस प्रशिक्षण में सभी परीक्षकों को मूल्यांकन प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं और आवश्यक दिशानिर्देशों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में भाग लेते हुए 200 परीक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मूल्यांकन कार्य 26 मार्च से 17 अप्रैल तक चलने वाला है, जिसमें पहले चरण में लगभग 75,000 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाना है। इस कार्य को समय पर और कुशलता से संपन्न करने के लिए सभी परीक्षक पूरी तरह से तैयार हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परीक्षाएँ पारदर्शिता और गुणवत्ता के उच्च मानकों के साथ सम्पन्न हों, ताकि छात्रों को सही मूल्यांकन मिल सके।

प्रेम आर्य और प्रवीण वैष्णव निर्विरोध चयनित

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स में प्रेम आर्य निर्विरोध प्रदेश उपाध्यक्ष बने एवं जिला इकाई के मंत्री पद पर प्रवीण वैष्णव का सर्वसम्मति से चयन हुआ। व्यापारियों ने दोनों निर्विरोध निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी। प्रदेश में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की चुनावी गतिविधियां जारी है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स मुंगेली से सर्वसम्मति से प्रदेश उपाध्यक्ष पद हेतु प्रेम आर्य एवं जिला इकाई के मंत्री पद पर प्रवीण वैष्णव को निर्विरोध चुना गया है।

भूपेश और अन्य नेताओं के आवासों पर छापेमारी के खिलाफ पुतला दहन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में नगर के पड़ाव चौक में पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

बीते दिन एआईसीसी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, एआईसीसी के सचिव एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सहित कई कार्यकर्ताओं के निवास और कार्यालयों पर सीबीआई द्वारा छापेमारी की गई थी। यह कार्रवाई 26 मार्च 2025 की सुबह रायपुर स्थित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सरकारी आवास और भिलाई स्थित निजी आवास पर की गई। इससे पहले भी प्रवर्तन

निदेशालय (ईडी) द्वारा छापेमारी की गई थी। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले से जुड़ी हुई है। इस पूरे मामले पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वेषपूर्ण राजनीति कर रही है और कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। सरकार विपक्ष को दबाने का प्रयास कर रही है। इससे पहले भी ईडी ने छापेमारी की थी, जिसका प्रदेशभर में कड़ा विरोध हुआ था। कांग्रेस इस तरह की कार्रवाई का पुरजोर विरोध करती है और आने वाले समय में प्रदेश की जनता इसका करारा जवाब देगी। विरोध प्रदर्शन में आत्मा सिंह क्षत्रिय, रोहित शुक्ला, संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू, चुरावन मंगेसकर, संजय यादव, स्वतंत्र मिश्रा, दिलीप बंजारा, श्याम जायसवाल, दिलीप सोनी, कौशल सिंह , अनीता राजा ठाकुर, पुरषोत्तम मार्को, लोकराम साहू सहित बडी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

मनरेगा कर्मियों का सुरक्षित भविष्य, मुंगेली में रैली और ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। मनरेगा कर्मियों ने अपने सुरक्षित भविष्य के लिए जिला मुख्यालय में रैली निकालकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। 19 वर्षों से सेवा देने के बाद भी इन कर्मचारियों के लिए न तो मानव संसाधन निधि बन पाई और न ही इनको सम्मानजनक नौकरी नसीब हो रही है।

छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अजय क्षत्रिय ने बताया कि 30 वर्ष उच्च शिक्षा प्राप्त की तब जाकर नौकरी मिली। मनरेगा योजना में जितने भी पद है

वो किसी न किसी विषय मे दक्ष है। सहायक परियोजना अधिकारी, प्रोग्रामर, कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, लेखापाल, ऑपरेटर से लेकर रोजगार सहायक तक के सभी कर्मचारियों को निर्माण कार्यो के तकनीकी पहलुओं की जानकारी के साथ एवं ऑनलाइन कार्यो की दक्षता अनिवार्य है। यह दक्षता हासिल करने मे 30 वर्ष लग जाते है तब जाकर कहीं मनरेगा योजना में नौकरी लगी है। नौकरी के 19 वर्ष में इन कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण विकास को स्थापित करने और आगे बढ़ाने में अपनी जवानी खपा दी। योजना में कार्य करने वाले बहुत से कर्मचारी वर्तमान में बुढ़ापे की दहलीज पर हैं। जिनकी उम्र 50 के आसपास अथवा इससे भी अधिक की हो गई है।

उम्र के इस पड़ाव में उन्हें अपना भविष्य असुरक्षित नजर आ रहा है। चूंकि इन कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, मृत्यु उपरांत सम्मान भी नहीं मिल पा रहा है। 28 मार्च को प्रदेश स्तर पर रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा के नाम से ज्ञापन सौंपेंगे।

आयोजन | रामगढ़ और देवगढ़ भाजपा मंडल की संयुक्त बैठक रेस्ट हाउस उदयपुर में आयोजित

पीएम मोदी के बिलासपुर दौरे को लेकर उदयपुर में भाजपा की बैठक

लखनपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के ब्लॉक उदयपुर अंतर्गत रामगढ़ और देवगढ़ भाजपा मंडल की संयुक्त बैठक रेस्ट हाउस उदयपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रबोध कुमार सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष, जिला मंत्री राधेश्याम सिंह ठाकुर और मंडल प्रभारी दीपक सिंघल उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आगामी बिलासपुर दौरे की रूपरेखा को तैयार करना था। जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद, पीएम मोदी का यह पहला आगमन है, और इस कार्यक्रम में उदयपुर मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा, ÷हम सभी को प्रधानमंत्री जी के देशहित संवाद को सुनना है। केंद्र सरकार की छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। मंडल प्रभारी दीपक सिंघल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरे जोश और ऊर्जा के साथ पीएम के कार्यक्रम में भाग लेंगे। जिला मंत्री राधेश्याम ठाकुर ने प्रधानमंत्री

मोदी को एक सच्चे देशभक्त बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश का मान विश्व स्तर पर बढ़ा है। बैठक में अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद थे, जिनमें संतोष जायसवाल, कन्हाई राम बंजारा, बलदेव सिंह, श्यामलाल जायसवाल, कल्पना भदोरिया, तपस्या बाई, दिनेश यादव, कमलेश जायसवाल, मुन्ना सिंह, विजय यादव, अर्जुन सिंह, मणिदास, बुद्ध मोहन सिंह, पप्पू कश्यप, नवल सिंह, तपेश्वर यादव, संजय यादव और अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। इस बैठक के माध्यम से सभी ने पीएम मोदी के दौरे को सफल बनाने की तैयारी की बात की।

स्वास्थ्य विभाग का लू से बचने दिशा निर्देश जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। डाक्टरों ने कहा- बरतें सावधानी, जल्द चलेगी लू दिनोंदिन गर्मी बढतें ही जा रही है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचने के लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए है। आगामी महीने अप्रेल, मई और जून में पडने वाली गर्मी में लू का खतरा बढ जाएगा। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पडेगा। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक धूप और गर्मी में ज्यादा देर रहनें के कारण शरीर मे पानी और नमक कि कमी हो जाती है। इससे लू लगने का खतरा बढ जाता है।

सलाह देते हुए एमडी डॉ. सितार ने बताया कि लू से बचना जरूरी रहता है। कई बार इसके गंभीर परिणाम सामने आते है, ऐसे में अभी से लू से बचने की कवायद की जा रही है। लू लगने से सिर में भारीपन और दर्द होने लगता है।तेज बुखार के साथ मुंह सूखने लगता है। चक्कर और उल्टी आने साथ ,कमजोरी आने लगती है। शरीर का तापमान अधिक होने के कारण पसीने का न आना। अधिक प्यास लगना और पेशाब न आना, भूख कम लगना। धूप में बाहर निकलने से पहले सिर व कानों को कपडे से ढक लें। बहुत अनिवार्य हो तो ही घर से बाहर निकलें। पानी अधिक पीयें, ज्यादा समय धूप मे न रहे। गर्मी के समय नरम व सूती कपडे पहने ताकि हवा और कपडे पसीने को सोखतें रहे।

हर किसी को ईद के चांद का इंतजार, ईद की नमाज के लिए ईदगाह में तैयारियां

30 को चांद दिखा तो 31 को मनाई जाएगी ईद, मोहब्बत और खुशियां बांटने का मौका

बिलासपुर/नवप्रदेश। रमजान का महीना अपने आखिरी दिनों में है। अब हर किसी को ईद के चांद का इंतजार है। चांद नजर आते ही मुसलमानों का सबसे बड़ा त्यौहार ईद-उल-फितर मनाया जाएगा। यह त्यौहार न केवल इबादत और शुक्राने का दिन है, बल्कि भाईचारे, मोहब्बत और खुशियों को बांटने का भी मौका है। ईद-उल-फितर की नमाज ईदगाह में सुबह 8 बजे होगी। नमाज की इमामत हजरत अल्लामा व मौलाना सैय्यद जाहिरूल कादरी साहब किबला फरमाएंगे। हजरत मौलाना यूसुफ रजा बरकाती और हजरत मौलाना शब्बीर अहमद इफ्तेखारी नायब इमाम की हैसियत से ईदगाह में मौजूद रहेंगे।

सुब्हानिया अंजुमन कमेटी के नायब सदर हाजी मोहम्मद इस्माइल रिजवी ने ईद की नमाज की जानकारी देते हुए बताया कि ईद-उल-फितर मुसलमानों का बड़ा त्योहार है, जो रमजानुल मुबारक के 30 रोजे रखने के बाद हिजरी कैलेंडर के शव्वाल महीने की पहली तारीख को मनाया जाता है। इस रोज शहर और आसपास के मुसलमान ईदगाह में जमा होकर नमाज अदा करेंगे। नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते है। ईद-उल-फितर खुशी और भाई चारे का त्योहार है। उन्होंने बताया कि 29 रमजान 30 मार्च को है। अगर चांद नजर आया या चांद देखे जाने की शरई तसदीक हासिल हुई तो सोमवार 31 मार्च को ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा। अगर 29 रमजान को चांद नजर नहीं आया तो 30 रोजे पूरे करने के बाद मंगल 1 अप्रैल को ईद-उल-फितर मनाया जाएगा। ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज सुबह आठ बजे 8 बजे अदा की जाएगी। अगर चांद की तसदीक आने में देरी हुई या नमाज के वक्त तेज बारिश हुई तो नमाज का समय आधे घंटे से 1 घंटे तक बढ़ाया जा सकता। ईदगाह में इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। साफ-सफाई कराई जा रही है। वजू खाना व पानी का इंतजाम भी वहां पर होगा।

सेवइयों का सजा बाजार

ईद के दिन मीठी सेवई जरूर बनती है, शहर के विभिन्न जगहों में सेवइयों और फैनी की दुकानें सज गई हैं। जहां कई प्रकार की सेवई मिल रही हैं, जिनकी कीमत 120 रुपए से लेकर 400 रुपए प्रति किलो है। ईद के पास आते ही दुकानों में खरीदारों की भीड़ उमड़ती जा रही हैं। कपड़े, टोपी, इत्र की दुकानों में लोगों को उत्साह के साथ खरीदारी करते हुए देखा जा सकता है। बच्चे, बड़े, महिलाएं सभी ईद के मुबारक मौके में कोई कमी नहीं रहने देना चाहते हैं। ईद के मुबारक मौके पर शहर के गोलबाजार, सदर बाजार, बुधवारी बाजार और शनिचरी में मुस्लिम समुदाय के लोगों की खरीदारी करने भीड़ देखी जा सकती है।

मस्जिदों में होगी नमाज

ईद-उल-फितर की नमाज ईदगाह के अलावा शहर के विभिन्न मोहल्लों मौजूद मस्जिदों में भी ईद-उल-फितर की नमाज का इंतजाम होगा, जो लोग समय की कमी या किसी और वजह से ईदगाह तक नहीं पहुंच पाते हैं वे लोग मोहल्ले की मस्जिदों में जाकर नमाज अदा करते हैं। मस्जिदों में नमाज का समय ईदगाह की नमाज के बाद का रखा गया है। इसी तरह से रेलवे मुस्लिम मजलिस द्वारा भी रेलवे स्कूल मैदान में नमाज का आयोजन किया जाता है।

न्यूज गैलरी

चेट्रीचंड्र महोत्सव 30 को निकलेगी शोभायात्रा

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिंधी समाज 30 मार्च को चेट्रीचंड्र महोत्सव, भगवान झूलेलाल जयंती और नववर्ष धूमधाम से मनाएगा। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें धार्मिक झांकियां, भजन-कीर्तन प्रस्तुतियां होंगी। व सांस्कृतिक शोभायात्रा सुबह 11 बजे बुधवारी बाजार से शुरू होकर बंधवापारा, धानमंडी रोड, गुरुनानक चौक, तोरवा नाका, दयालबंद, गांधी चौक, जूना बिलासपुर, कंवरराम कपड़ा बाजार, गोल बाजार, सदर बाजार, प्रताप चौक, पुराना पुल होते हुए सरकंडा से नए पुल के रास्ते हेमू कालानी चौक, जरहाभाटा से सिंधी कॉलोनी भक्त कंवरराम नगर पहुंचेगी, जहां इसका समापन और प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। शोभायात्रा में लाल साईं झूलेलाल की विराट प्रतिमा, रंग-बिरंगी धार्मिक झांकियां, संत शिरोमणि कंवरराम की भजन-कीर्तन करती झांकी और सिंधी समाज की पारंपरिक सिंधी डंडियों की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहेंगी। मार्ग में जगह-जगह आतिशबाजी कर स्वागत किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों में पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, सिंधी युवक समिति, सिंधी महिला विंग, सिंधी युवा विंग और सभी वार्ड की पंचायतें जुटी हुई हैं।

सपा सांसद रामजी लाल की टिप्पणी पर आक्रोश, एफआईआर व कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

राणा सांगा को गद्दार कहने पर राजपूत क्षत्रिय समाज में आक्रोश, एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा महान देशभक्त और राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर योद्धा राणा सांगा को गद्दार कहने पर क्षत्रिय राजपूत समाज में आक्रोश फैल गया है। इस गंभीर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर समाज में तीव्र रोष उत्पन्न हो गया है। शुक्रवार दोपहर को सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज बिलासपुर ने इस अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया और सपा सांसद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

क्षत्रिय समाज ने ज्ञापन में कहा कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन की टिप्पणी न केवल राणा सांगा जैसे महान योद्धा का अपमान है बल्कि इससे समाज में जातीय विद्वेष फैलाने का कुत्सित प्रयास किया गया है। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि वीर क्षत्रिय समाज ने देश के लिए सर्वाधिक बलिदान दिए हैं और ऐसे गौरवशाली इतिहास को अपमानित करना सामाजिक सौहार्द्र को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया कि यदि सांसद के खिलाफ कठोर कार्यवाही नहीं की गई तो क्षत्रिय समाज के लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि महापुरुषों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन देने में प्रमुख रूप से बाटू सिंह, प्रियंक सिंह परिहार, चित्रसेन सिंह, विक्रम सिंह, प्रकाश सिंह, अतुल सिंह, अनिल सिंह चौहान, बसंत प्रताप सिंह, रौशन सिंह, बिंदु सिंह कछवाहा, नितेश सिंह, नीटू परिहार, कल्याण सिंह,धीरेन्द्र सिंह, रवि शंकर सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजेश सिंह, विपीन सिंह, सोनल सिंह, शिव सिंह, संजय सिंह, महेश सिंह, रंजीत सिंह, आशु सिंह, दीपक सिंह, आदित्य सिंह, पिंकू राणा, राजा सिंह,दिलीप सिंह,करण सिंह, गिरीश साहू,

नेताओं की अपरिपक्वता से बिगड़ता सामाजिक माहौल

सपा सांसद रामजी लाल सुमन की आपत्तिजनक टिप्पणी से देश के विभिन्न समुदायों में असंतोष उत्पन्न हो गया है। यह पहली बार नहीं है जब राजनीतिक नेताओं ने अपनी अपरिपक्व टिप्पणियों से सामाजिक सौहार्द्र को आघात पहुंचाया हो। समाज का कहना है कि राजनीति में जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए न कि विवादास्पद टिप्पणियों से सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करना। क्षत्रिय समाज के लोगों का कहना है कि ऐसे नेताओं पर कठोरतम कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी महापुरुषों का अपमान करने का साहस न करे। समाज ने चेतावनी दी है कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई तो विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

बीज मंत्र में ज्यादा शक्ति यह मूल मन्त्रों का सार है

बिलासपुर/नवप्रदेश। दुर्गा सप्तशती बीज मंत्र साधना बिलासपुर में लगाता पिछले 13 सालों से हो रही है, सिद्धों का कहना है की बीज मंत्र में ज्यादा शक्ति होती है क्योंकि यह मूल मन्त्रों का सार होता है जो ऋषियों द्वारा निकला गया है। यह साधना सामूहिक होती है और पूर्णतः निशुल्क है, कोई पंजीयन की आवश्यकता नहीं, जहाँ भी साधना होती है वहां भाग ले सकते हैं। बीजमन्त्रों से पूरे 13 अध्याय करने में मात्र 1 घंटा लगता है जबकि मूल मंत्र से 13 अध्याय को करने में 4 घंटा लग जाता है। ऋषि मुनि सिद्धों और संतों की कृपा जब हम पर होती है तक हम इस साधना का लाभले पाते हैं। माँ की कृपा हम पर तभी होती है जब हम शुरू से आखरी तक साधना में भाग लेते हैं और साधना से पहले मन को शांत रखते हैं ।

नवरात्री 30 मार्च से 6 अप्रैल तक यह साधना का अनुष्ठान मैडिटेशन हॉल, श्री साई कृपा हॉस्पिटल, सरजू बगीचा रोड, तेलीपारा में किया जा रहा है। साधना शाम 4.45 पर शुरू होगी और शाम 6.10 पर समाप्त हो जाएगी, साधना के बाद प्रसाद फलहारी का वितरण होगा। मैडिटेशन होल वर्तानाकुलित है और ठन्डे व सादे पानी की व्यवस्था माँ भगवती द्वारा की जा रही है। यदि साधक माँ के चरणों में समर्पित होकर पुरे तन मन से अपना 1 घंटा समर्पित करता है तो उसपर माँ भगवती की कृपा होती है।

मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती से दुष्कर्म, परिजनों ने गर्भपात कराने हाईकोर्ट में दायर की याचिका

बिलासपुर/नवप्रदेश। मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती की बहन ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बहन के अनचाहे गर्भ को गिराने की अनुमति मांगी है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने सिम्स प्रबंधन को विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम बनाकर पीड़िता की जांच करने और अबार्शन कराने की स्थिति में जोखिम को लेकर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सिम्स प्रबंधन को एक अप्रैल से पहले रिपोर्ट पेश करने कहा है। याचिकाकर्ता बहन ने अपनी याचिका में कहा है कि पीड़िता की उम्र 26 साल की है और वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है। दरिंदों ने उसकी बहन को अपनी हवस का शिकार बनाया। इसके चलते उसे गर्भ ठहर गया है। मानसिक रूप से विक्षिप्त के अनचाहे गर्भ को गिराने की अनुमति मांगी है। याचिका में बताया कि दुष्कर्म की घटना की जानकारी मिलने के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के ला अफसरों ने कोर्ट से कहा कि अबार्शन से पहले पीड़िता का स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक है। अबार्शन की स्थिति में जोखिम तो नहीं है, इसकी भी पूरी जांच की जानी चाहिए। इसके बाद ही आगे निर्णय लिया जाए।

सिम्स प्रबंधन स्थिति की रिपोर्ट पेश करे

राज्य शासन के अधिवक्ता की सलाह को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने सिम्स प्रबंधन को विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम बनाकर पीड़िता का हेल्थ चेकअप करने और साथ ही अबार्शन की स्थिति में जोखिम को लेकर भी रिपोर्ट पेश करने कहा है। मेडिकल रिपोर्ट में इस बात का भी साफतौर पर उल्लेख करने और सलाह देने कहा है कि क्या पीड़िता का स्वास्थ्य अबार्शन के लिए ठीक है। किसी तरह का कोई जोखिम तो नहीं। मेडिकल चेकअप के लिए पीड़िता और परिजनों को परिवहन सहित अन्य जरुरी सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश राज्य शासन को दिया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने दो अप्रैल की तिथि तय कर दी है। इसके पहले सिम्स प्रबंधन को पीड़िता का मेडिकल रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष पेश करना होगा।

सिंधी पंचायत का भूमिपूजन 30 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूज्य बिरादरी सिंधी पंचायत द्वारा जन सहयोग से विनोबा नगर गली नंबर-8 गार्डन के पास जमीन खरीदी गई है। इसका भूमि पूजन चेट्रीचंड महोत्सव के अवसर पर रविवार 30 मार्च को सुबह 6 बजे किया जाएगा। भूमिपूजन के बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा। भूमिपूजन की अतिथि महापौर पूजा विधानी, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के पदाधिकारी, सिंधी वार्ड पंचायत व सिंधी समाज की संस्थाओं के अध्यक्ष शामिल होंगे।

कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार का पुतला दहन किया

जीपीएम /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव भूपेश बघेल एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव तथा अन्य कार्यकर्ताओं के निवास एवं कार्यालय पर राजनीतिक दबाव में केंद्रीय एजेंसी सीबीआई द्वारा विद्वेष पूर्ण रूप से कार्यवाही से नाराज़ हो कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज जिलाध्यक्ष उत्तम वासुदेव के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा दुर्गा चौक पेंड्रा में

भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। इस अवसर सभा को संबोधित करते हुए उत्तम वासुदेव ने कहा किपूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधायक देवेंद्र यादव के घर सीबीआई छापे को भाजपा की विद्वेषपूर्ण राजनीति करार दिया उन्होंने कहा कि विपक्ष के खिलाफ ईडी सीबीआई आईटी का दुरुपयोग लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक कदम है। उन्होंने आरोप लगाए हैं कि ईडी सीबीआई आईटी जैसी केंद्रीय एजेंसियों का भाजपा सरकार लगातार विपक्ष के खिलाफ दुरुपयोग कर रही है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ हर नाकाम कोशिश के बाद सीबीआई ने उनके अलावा विधायक देवेंद्र यादव के घर पर दबिश दी है। सुबह से ही सीबीआई हमारे दोनों नेताओं के घर पर जमी हुई है यह सत्ता का अन्याय के सिवाय कुछ नहीं है। आज के कार्यक्रम में उत्तम वासुदेव जिलाध्यक्ष, डॉ के के ध्रुव पूर्व विधायक, मनोज गुप्ता प्रदेश संयुक्त महासचिव शामिल थे।

सरपंच संघ अध्यक्ष बोले-शैलेंद्र ने खुद को अध्यक्ष घोषित किया

कहा- 124 सरपंचों में 90 ने उन्हें अध्यक्ष घोषित किया

तखतपुर/नवप्रदेश। तखतपुर सरपंच संघ के अध्यक्ष श्याम सुंदर कश्यप ने शुक्रवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में एक-दूसरे सरपंच द्वारा खुद को स्वयंभू अध्यक्ष बताए जाने पर आपत्ति जाहिर की। उन्होंने बताया कि केकती के सरपंच शैलेंद्र सिंह ठाकुर होली मिलन के बहाने कुछ सरपंच के प्रतिनिधियों को बुलाकर स्वयं को अध्यक्ष घोषित कर लिया जबकि जिस दिन सरपंच के प्रतिनिधियों को बुलाया गया उस दिन 80 सरपंचों का प्रशिक्षण चल रहा था। इससे यह साफ है कि उस बैठक में सरपंच उपलब्ध नहीं हुए थे उनके प्रतिनिधियों के जरिए वे स्वयं को अध्यक्ष घोषित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि तखतपुर ब्लॉक में 124 सरपंच है जिनमें 90 सरपंचों ने उन्हें ही अध्यक्ष घोषित कर दिया है। शैलेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा खुद को अध्यक्ष घोषित किए जाने को उन्होंने

फर्जी अध्यक्ष करार दिया है। क्षेत्र के कई सरपंचों के साथ प्रेस क्लब पहुंचे श्री कश्यप ने बताया कि इसके पहले विधिवत रूप से उनका निर्वाचन संपन्न किया गया, जिसमें उन्हें सरपंच संघ का अध्यक्ष घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी के रूप में सचिव संघ तखतपुर के अध्यक्ष तुलसी कुमार ध्रुव, हर प्रसाद भास्कर, रुखसाना खान, शुभा साहू सरपंच संघ की ओर से संरक्षक लक्ष्मी कुमार जायसवाल की उपस्थिति में राष्ट्रीय प्रधान मुखिया सरपंच संघ तखतपुर के अध्यक्ष पद का लोकतांत्रिक प्रणाली से निर्वाचन सम्पन्न किया गया, जिसमें कुल चार प्रत्याशियों ने इस पद के लिए नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्रों के जांच पश्चात नाम वापसी के लिए समय दिया गया, लेकिन किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। उसके बाद मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई जिसमें कुल 90 सरपंचों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

रेल टिकिट काउंटर विकास भवन में खोलने तोखन साहू ने लिखा पत्र

■ केंद्रीय राज्य मंत्री ने रेल प्रशासन और कलेक्टर को दिए निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने बिलासपुर रेल मण्डल और कलेक्टर को पत्र लिखा है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने नेहरू चौक स्थित तहसील कार्यालय से टिकट आरक्षण काउन्टर बन्द किये जाने को लेकर नाराजगी जाहिर किया है।

पत्र में केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा है कि नेहरू चौक स्थित विकास भवन में पर्याप्त जगह हैं। इसलिए रेल प्रशासन शहर के मध्य स्थित विकास भवन में टिकट आरक्षण काउन्टर खोले। इससे जनता की भी परेशानी खत्म होगी। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने जिला कलेक्टर और बिलासपुर रेल मण्डल को पत्र लिखा है। पत्र में बताया गया है कि तहसील कार्यालय परिसर में संचालित रेलवे टिकट काउन्टर का संचालन किया जा रहा था।

सद्भाव

उसलापुर स्टेशन स्थित लोको पायलट ट्रेनिंग सेंटर के सामने छात्रा स्कूटी से गिरकर हुई घायल

रेलवे के सिविल डिफेंस टीम ने घायल छात्रा को पहुंचाया अस्पताल

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे सिविल डिफेंस की टीम द्वारा एक बार फिर अपनी तत्परता और मानवता का परिचय देते हुए एक घायल छात्रा को तुरंत प्राथमिक उपचार प्रदान करते हुये बिना किसी देरी किए अस्पताल पहुँचाया। 27 मार्च को रात्रि लगभग 9 बजे उसलापुर स्टेशन के समीप स्थित लोको पायलट ट्रेनिंग सेंटर के गेट के सामने एक कॉलेज छात्रा स्कूटी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के सिविल डिफेंस स्टाफ, जो उसलापुर स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात थे, ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए उस घायल छात्रा को निकटतम अस्पताल पहुंचाया एवं उनके परिजनों को सूचित किया। सिविल डिफेंस टीम की त्वरित प्रतिक्रिया एवं मानवीय संवेदनशीलता के चलते छात्रा को समय पर चिकित्सा सहायता प्राप्त हो सकी और फिलहाल वह खतरे से बाहर है। वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि सिविल डिफेंस की टीम आपातकालीन स्थितियों में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है और समाज में मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

बिलासपुर पार्सल आफिस में रखे सामानों की खुली नीलामी 8 अप्रैल को

रेलवे प्रशासन द्वारा पार्सल आफिस में रखे हुए असंबद्ध एवं गैरसुपुर्द उपयोगी सामानों की खुली नीलामी समय-समय पर की जा रही है। इसी संदर्भ में सामानों की अगली खुली नीलामी 8 अप्रैल को प्रात: 11 बजे से बिलासपुर स्टेशन के पार्सल आफिस में किया जाएगा। नीलामी की जाने वाली सामानों में डीप फ्रिजर, ट्रालीबैग, पुराने बैग, पुरानी साईकिल, पानी की बोतलें सहित 25 आइटम शामिल हैं । इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस खुली नीलामी में भाग ले सकते हैं। रेलवे प्रशासन इच्छुक व्यक्तियों से आग्रह करता है कि वे इस खुली नीलामी में भाग लेने हेतु निश्चित परिचय-पत्र (आईडी) के साथ 8 अप्रैल को समय 10.30 बजे से पहले बिलासपुर स्टेशन के पार्सल आफिस में उपस्थित हो सकते हैं ।

न्यूज गैलरी

एमएसपी से नीचे नहीं खरीदी जाएं फसलें, शिवराज ने राज्य सरकारों से किया आग्रह

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए केंद्र द्वारा घोषित एमएसपी से कम कीमत पर कृषि उपज की खरीद न हो। उन्होंने कहा कि अगले चार वर्षों (2028-29) तक तुअर (अरहर), उड़द और मसूर की उपज का 100 प्रतिशत एमएसपी पर खरीदा जाएगा, जिससे किसानों को अधिक आय सुनिश्चित हो सके और देश दालों में आत्मनिर्भरता हासिल कर सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसान हितैषी मोदी सरकार ने किसानों की बेहतरी के लिए लगातार काम करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से उपज खरीदने की घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खरीफ 2024-25 सीजन के दौरान एमएसपी के तहत आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश सहित राज्यों में तुअर (अरहर) की खरीद को मंजूरी दे दी गई है। इसके साथ ही किसानों के हित में कर्नाटक ने खरीद अवधि को 30 दिन बढ़ाकर 1 मई करने को भी मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में नैफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से एमएसपी पर खरीद जारी है और 25 मार्च 2025 तक इन राज्यों में कुल 2.46 लाख मीट्रिक टन तुअर (अरहर) की खरीद की जा चुकी है, जिससे इन राज्यों के 1,71,569 किसान लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में तुअर का भाव इस समय एमएसपी से ऊपर चल रहा है।

इसी तरह रबी मार्केटिंग सीजन 2025 के दौरान चना, सरसों और मसूर की खरीद को मंजूरी दी गई है। पीएम-आशा योजना को 2025-26 तक बढ़ा दिया गया है। इसके तहत किसानों से एमएसपी पर दलहन और तिलहन की खरीद जारी रहेगी। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि तमिलनाडु में खोपरा (मिलिंग और बॉल) की खरीद को भी मंजूरी दी गई है।

आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार कर रहा देश का कोयला क्षेत्र

नई दिल्ली। केंद्र सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, देश का कोयला क्षेत्र 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। 11 दौर में 125 कोयला खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है। इससे लगभग 40,900 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ है और 4 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। कोयला मंत्रालय ने घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने और भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के अपने निरंतर प्रयासों में अब वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी की 12वीं किस्त शुरू की है। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि 12वीं किस्त के साथ, अतिरिक्त 28 कोयला और लिग्नाइट ब्लॉकों की नीलामी की जा रही है, जिससे आयातित कोयले पर भारत की निर्भरता कम होगी और विदेशी मुद्रा का संरक्षण होगा। मंत्री ने कहा, नीलामी की पारदर्शी प्रक्रिया ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया है, जिससे सार्वजनिक क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों को प्राइवेट प्लेयर्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित किया गया है, परिणामस्वरूप अधिक दक्षता, सुधार को बढ़ावा मिला है। यह बदलाव भारत के कोयला क्षेत्र की वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता को भी बढ़ाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने सभी हितधारकों और इंडस्ट्री प्लेयर्स को नीलामी के 12वें चरण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे ऊर्जा-सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सामूहिक जिम्मेदारी को साथ मिलकर पूरा किया जा सके। अपने संबोधन में, केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री, सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि भारत ने 1 बिलियन टन कोयला उत्पादन को पार कर लिया है, वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 12वें दौर का शुभारंभ ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पारदर्शी नीलामी का मैकेनिज्म, उद्योग-अनुकूल नीतियां और निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी न केवल कोयला उत्पादन को बढ़ाएगी, बल्कि निवेश को आकर्षित करेगी, रोजगार के अवसर पैदा करेगी और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को गति देगी।

ईपीएफओ मई के अंत या जून 2025 की शुरुआत तक एक बड़ा बदलाव करने जा रहा

अब यूपीआई और एटीएम से भी निकाल सकेंगे पीएफ का पैसा

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) मई के अंत या जून 2025 की शुरुआत तक एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इस नए बदलाव के साथ ईपीएफओ के सदस्य यूपीआई और एटीएम के जरिए तत्काल अपना भविष्य निधि (पीएफ) निकाल सकेंगे।

इस अपडेट के साथ कर्मचारियों को अब अपनी पीएफ बचत तक पहुंचने के लिए लंबी और समय लेने वाली प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ेगा। इस पहल को श्रम और रोजगार मंत्रालय के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है और इसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से मंजूरी मिल गई है।

इस कदम से देशभर के लाखों ईपीएफओ सदस्यों को पहले से बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है। श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने कहा कि कर्मचारी

तत्काल 1 लाख रुपये तक निकाल सकेंगे।उन्होंने बताया कि सदस्य सीधे यूपीआई प्लेटफॉर्म पर अपना पीएफ बैलेंस भी देख सकेंगे और बिना किसी देरी के अपने पसंदीदा बैंक खातों में फंड ट्रांसफर कर सकेंगे। इससे कर्मचारियों के लिए जरूरत के समय अपने पैसे तक पहुंच आसान हो जाएगी। वर्तमान में, पीएफ फंड निकालने के लिए ऑनलाइन क्लेम जमा करने और अप्रूवल की प्रतीक्षा करने की जरूरत होती है, जिसमें कई दिन या सप्ताह भी लग सकते हैं। हालांकि, यूपीआई इंटीग्रेशन के साथ, निकासी तत्काल और परेशानी मुक्त हो जाएगी। कर्मचारी न केवल जल्दी से धन निकालने में सक्षम होंगे, बल्कि अपने शेष राशि की जांच भी कर सकेंगे और तुरंत लेनदेन भी कर सकेंगे। इसके अलावा, ईपीएफओ अपने सदस्यों के लिए पीएफ बचत निकालने के कारणों में भी विस्तार कर रहा है। चिकित्सा आपात स्थितियों के अलावा, कर्मचारी अब आवास, शिक्षा और विवाह के लिए धन निकाल सकेंगे। डावरा ने कहा, ईपीएफओ ने 120 से अधिक डेटाबेस को इंटीग्रेट कर अपने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा सुधार किया है। इन प्रयासों ने क्लेम प्रोसेसिंग समय को केवल तीन दिनों तक कम कर दिया है, अब 95 प्रतिशत क्लेम ऑटोमेटिकली प्रोसेस हो रहे हैं। सिस्टम को अधिक कुशल बनाने के लिए आगे के अपग्रेड पर काम चल रहा है।पेंशनभोगियों को भी ईपीएफओ की डिजिटल पहलों से लाभ हुआ है। दिसंबर 2024 से करीब 78 लाख पेंशनभोगी बिना किसी प्रतिबंध के किसी भी बैंक शाखा से अपने फंड का उपयोग करने में सक्षम हो गए हैं। इससे पहले, केवल विशिष्ट बैंक शाखाओं से ही निकासी की अनुमति थी।

वर्तमान (2025) में भारतीय सॉफ्टवेयर मार्केट की वैल्यू 20 अरब डॉलर है

भारतीय सॉफ्टवेयर मार्केट का आकार 2035 तक बढ़कर 100 अरब डॉलर का हो सकता है : रिपोर्ट

नई दिल्ली। भारत के घरेलू सॉफ्टवेयर मार्केट में आने वाले समय में तेज वृद्धि देखने को मिल सकती है और 2035 तक यह पांच गुना बढ़कर 100 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

सासबूमी और 1लैटिस की रिपोर्ट के मुताबिक, इंडस्ट्री के आकार में वृद्धि की वजह एआई के नेतृत्व वाला ऑटोमेशन, लागत प्रभावी सॉफ्टवेयर विकास, छोटे और मध्यम बिजनेस (एसएमबी) द्वारा सॉफ्टवेयर को बड़ी संख्या में अपनाना और सरकार की डिजिटल पहलों में वृद्धि होना है। वर्तमान (2025) में भारतीय सॉफ्टवेयर मार्केट की वैल्यू 20 अरब डॉलर है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2015 के बाद से भारत का सॉफ्टवेयर बाजार सात गुना बढ़ गया है। हालांकि, लगभग 75 प्रतिशत बाजार पर अभी भी वैश्विक कंपनियों के पास है। रिपोर्ट में कहा गया कि

विकास के अगले चरण में सफलता हासिल करने के लिए भारतीय स्टार्टअप्स को देश की व्यावसायिक और नियामक आवश्यकताओं के अनुरूप घरेलू समाधान विकसित करने की आवश्यकता होगी।भारत के सॉफ्टवेयर विकास को आगे बढ़ाने में एआई और क्लाउड की अहम भूमिका होगी। इस अवसर से बाजार का आकार 35 अरब डॉलर बढ़ सकता है।रिपोर्ट में आगे कहा गया कि आने वाले वर्षों में डिजिटल फर्स्ट बिजनेस के कारण सॉफ्टवेयर पर खर्च में इजाफा होगा। 2035 तक यह बढ़कर 26 अरब डॉलर होने की संभावना है।साइबर सुरक्षा एक अन्य हाई ग्रोथ वाला क्षेत्र है, जिसका बाजार आकार 2025 में 1.6 अरब डॉलर से बढ़कर 2035 तक 10 अरब डॉलर हो जाने की उम्मीद है।सॉफ्टवेयर पर सरकारी व्यय भी काफी हद तक बढ़ने वाला है, जो 2025 में 1.6 अरब डॉलर से बढ़कर 2035 तक 8 अरब डॉलर हो जाएगा।1लैटिस के सीईओ और सह-संस्थापक अमर चौधरी ने कहा, एसएएएस का भविष्य उन कंपनियों का होगा जो महत्वाकांक्षा का त्याग किए बिना दक्षता हासिल कर सकती हैं। सासबूमी के सीईओ अविनाश राघव ने कहा, भारत के सॉफ्टवेयर इकोसिस्टम पर लंबे समय से वैश्विक कंपनियों का प्रभाव रहा है, लेकिन अब हम एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। हमारे घरेलू बाजार में अवसर बहुत बड़ा और अप्रयुक्त है।

अब एटीएम से पैसे निकलवाना होगा महंगा, 1 मई से बढ़ सकता है चार्ज

नई दिल्ली। अक्सर हम कैश निकालने के लिए एटीएम मशीन का उपयोग करते हैं, जिससे 24म7 कभी भी पैसा निकाला जा सकता है। वर्तमान में, एक निर्धारित लिमिट तक एटीएम से कैश निकासी पर कोई शुल्क नहीं लगता। हालांकि, लिमिट पार करने पर आपके खाते से निश्चित शुल्क काटा जाता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 1 मई 2025 से यह शुल्क बढ़ाया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय बैंक, आरबीआई और एनपीसीआई ने मिलकर इस बदलाव का निर्णय लिया है। वर्तमान में, कैश निकासी पर लगभग 17 रुपये शुल्क लिया जाता है जिसे बढ़ाकर 19 रुपये कर दिया जाएगा। वहीं, मिनी स्टेटमेंट, बैलेंस चेक जैसे गैर-वित्तीय लेन-देन पर लगाया जाने वाला 6 रुपये का शुल्क बढ़ाकर 7 रुपये प्रति लेन-देन कर दिया जाएगा।केंद्रीय बैंक के निर्देशानुसार, सभी ग्राहक एक तय लिमिट तक एटीएम से बिना शुल्क के कैश निकाल सकते हैं। मेट्रो शहरों (जैसे मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बैंगलुरू) में हर महीने व्यक्ति तीन निशुल्क ट्रांजेक्शन कर सकता है। लिमिट पार करने पर बैंक अपने ग्राहकों से इंटरचेंज फीस के रूप में शुल्क वसूलते हैं, जो कि एक बैंक द्वारा दूसरे बैंक को उसके ग्राहक द्वारा एटीएम उपयोग पर दी जाती है। वर्तमान में, अधिकांश बैंक लगभग 17 रुपये प्रति ट्रांजेक्शन शुल्क लेते हैं। इस परिवर्तन से एटीएम से कैश निकासी की लागत में वृद्धि होने की संभावना है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार बढ़ सकता है।

टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने माइलस्टोन का जश्न मनाया

2 मिलियन से अधिक कार्ड जारी किए गए

मुंबई। टाटा न्यू और एचडीएफसी बैंक ने आज एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन घोषित किया: टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने 2 मिलियन से ज़्यादा कार्ड जारी किए हैं, जिससे भारत के पसंदीदा रिवॉर्ड क्रेडिट कार्ड में से एक के रूप में इसकी स्थिति मज़बूत हुई है। यह उपलब्धि देश भर के ग्राहकों को मूल्य और एक सहज रिवॉर्ड इकोसिस्टम प्रदान करने में कार्ड की उल्लेखनीय सफलता को रेखांकित करती है। टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने अगस्त 2022 में लॉन्च होने के बाद से महत्वपूर्ण प्रगति की है, भारतीय क्रेडिट कार्ड बाज़ार में सबसे सरल और पारदर्शी रिवॉर्ड इकोसिस्टम की पेशकश करने के लिए इसके उपयोगकर्ताओं द्वारा पसंद किया गया है। जारी किए गए नए कार्डों की एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी (क्यू-3 एफवाई-25-आरबीआई में जारी किए गए 13 प्रतिशत से ज़्यादा नए कार्ड) के साथ इसने देश भर के ग्राहकों का तेज़ी से विश्वास और वफ़ादारी हासिल की है।

मुख्य विशेषताएँ:

- 2 मिलियन से अधिक कार्ड जारी किए गए: बाजार में मजबूत स्वीकृति और ग्राहकों की पसंद को दर्शाता है।

- 13 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी: वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में उद्योग में जारी किए गए नए कार्डों में से 13 प्रतिशत से अधिक पर कब्जा (आरबीआई डेटा के अनुसार) जो भारत में किसी भी सह-ब्रांडेड कार्ड के लिए सबसे अधिक है।

भारतीय एयरलाइन गर्मियों के सीजन में प्रति सप्ताह 25,610 फ्लाइट्स ऑपरेट करेंगी

नई दिल्ली। भारत की कमर्शियल एयरलाइन आने वाले गर्मियों के सीजन में 25,610 फ्लाइट्स प्रति सप्ताह ऑपरेट करेंगी। इसमें पिछले साल के मुकाबले 5.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने यह जानकारी दी।गर्मियों का सीजन 30 मार्च से 25 अक्टूबर तक होगा। इस सीजन में फ्लाइट्स की संख्या सर्दियों के सीजन के मुकाबले 2.5 प्रतिशत अधिक है।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में प्रति सप्ताह 467 अतिरिक्त फ्लाइट्स संचालित करेगी, जो कि सालाना आधार पर 3 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।डीजीसीए के बयान के

अनुसार, इंडिगो सबसे अधिक साप्ताहिक घरेलू फ्लाइट्स संचालित करेगी। इस दौरान देश की सबसे बड़ी एयरलाइन प्रति सप्ताह 14,158 प्रस्थान करेगी।

इसके बाद एयर इंडिया (4,310) और एयर इंडिया एक्सप्रेस (3,375) का स्थान है। स्पाइसजेट के स्लॉट्स में 25 प्रतिशत की गिरावट हुई है और प्रस्थान की संख्या पिछले साल के 1,657 के मुकाबले इस साल 1,240 रह गई है।डीजीसीए ने यह भी बताया कि एलायंस एयर और फ्लाईबिग जैसी क्षेत्रीय एयरलाइनों की उड़ानों की संख्या में क्रमशः 41.96 प्रतिशत और 30.98 प्रतिशत की कमी आई है।नए शेड्यूल के मुताबिक, 129 हवाई अड्डों में से अंबिकापुर, दतिया, बीदर, पोरबंदर, पकयांग, रीवा और सोलापुर एयरलाइनों द्वारा प्रस्तावित नए हवाई अड्डे हैं, जबकि आजमगढ़ और रूपसी हवाई अड्डों से परिचालन 2025 में निलंबित कर दिया गया है।नवी मुंबई हवाई अड्डे और नोएडा हवाई अड्डे को इस शेड्यूल में शामिल नहीं किया गया है। इन हवाई अड्डों के अक्टूबर 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। भारत का एविएशन सेक्टर मजबूत बना हुआ है। फरवरी में घरेलू यात्रियों की संख्या में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 11.04 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।आईसीआरए की रिपोर्ट में कहा गया कि चालू वित्त वर्ष के 11 महीनों में घरेलू स्तर पर 15.51 करोड़ यात्रियों ने हवाई यात्रा की है। इसमें पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 7.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह आंकड़ा महामारी के पहले के वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 20) की समान अवधि के आंकड़ों से 12.9 प्रतिशत अधिक है।

बीसीसीआई का बड़ा फैसला, इंग्लैंड टूर से पहले इंडिया ए के लिए खेलेंगे रोहित-विराट

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के बीच में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बड़ा फैसला लिया है। जून में भारत के इंग्लैंड के महत्वपूर्ण दौरे से पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारतीय क्रिकेट में सुपरस्टार संस्कृति को समाप्त करने के लिए एक और बड़ा कदम उठाया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंग्लैंड के दौरे से पहले रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार भारतीय खिलाड़ियों के इंडिया ए टीम में भाग लेने की उम्मीद है।भारतीय टीम के जून में होने वाले इंग्लैंड दौरे से पहले इंडिया ए की टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट मैचों में हिस्सा लेगी। ये तैयारी मैच मई-जून की

अवधि के लिए निर्धारित हैं, जिन्हें विशेष रूप से इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ से पहले मूल्यवान मैच अभ्यास प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इंग्लैंड की धरती पर सीनियर भारतीय टीम का अभियान 20 जून को हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगा।इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला अनौपचारिक टेस्ट आईपीएल 2025 सीज़न के समापन के कुछ दिनों बाद 30 मई से खेला जाएगा। जबकि दूसरा चार दिवसीय मुकाबला 6 जून को नॉर्थम्प्टन के काउंटी ग्राउंड पर शुरू होने वाला है। ये मैच भारतीय टीम के लिए इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की शुरुआत से पहले अपनी तैयारियों को दुरुस्त करने का अंतिम अवसर होगा।

शुभमन गिल की कप्तानी पर भड़के सहवाग, बोले- अभी वो तैयार नहीं है

नईदिल्ली। शुभमन गिल और उनकी टीम गुजरात टाइटंस के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने पहले मैच में 244 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात को 11 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद कई क्रिकेट पंडितों ने शुभमन की कप्तानी पर सवाल उठाए। इसी कड़ी में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग ने भी पंजाब किंग्स के खिलाफ पहले मैच में शुभमन गिल की कप्तानी पर नाराज़गी जाहिर की। सहवाग ने कहा कि शुभमन ने बिल्कुल भी अच्छी कप्तानी नहीं की और वो बिल्कुल भी तैयार नहीं दिखे। सहवाग उनके द्वारा किए गए गेंदबाजी में बदलावों से नाखुश दिखे। खासकर मोहम्मद सिराज, जिनके पहले दो ओवरों में केवल 14 रन गए लेकिन इसके बावजूद उन्हें आक्रमण से हटा दिया गया। सहवाग ने क्रिकबज पर बोलते हुए कहा, मुझे लगा कि शुभमन गिल

की कप्तानी अच्छी नहीं थी। वो तैयार नहीं थे, वो सक्रिय नहीं थे। जब सिराज अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे, तो उन्होंने अरशद खान को लाया, जिन्होंने मुझे लगता है कि पावरप्ले में 21 रन दिए और उस ओवर ने मैच को पंजाब की तरफ मोड़ दिया। अगर सिराज नई गेंद से अच्छी गेंदबाजी कर रहा है, तो उसे डेथ ओवरों के लिए रोकने का कोई मतलब नहीं है और आप देख सकते हैं कि उसे अंत में मार भी पड़ी। इसलिए गेंदबाज़ का इस्तेमाल करते समय वो सक्रियता गायब थी। पंजाब के खिलाफ मैच में मिली हार पर गिल ने भी स्वीकार किया कि गुजरात के पास अपने मौके थे, लेकिन वो महत्वपूर्ण चरणों का फ़ायदा उठाने में विफल रहे। गिल ने मैच के बाद कहा, जब हम गेंदबाजी और बल्लेबाजी कर रहे थे, तब हमें मौके मिले। पारी के आखिरी छोर पर हमने बहुत ज़्यादा रन दिए। बीच के उन तीन ओवरों में, हमने लगभग 18 रन बनाए और हमारे पहले तीन ओवरों में हमने ज़्यादा रन नहीं बनाए। इससे हमें मैच में हार का सामना करना पड़ा।इसके अलावा, आज हमारे लिए कई सकारात्मक बातें रहीं। बेंच पर बैठे किसी खिलाड़ी के लिए यॉर्कर फेंकना आसान नहीं है।

5 सौ किलो गांजे के साथ राहुल गिरफ्तार..सरगना तक नहीं पहुंच पाई पुलिस, चल रही है जांच

कोरबा/नवप्रदेश। 5 सौ किलो गांजा के साथ राहुल गुप्ता को कोरबा पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित से पूछताछ के बाद भी सरगना तक पुलिस का हाथ नही पहुंचा है। पकड़े गए आरोपी से अभी पूछताछ की बात कही जा रही है।

बता दें कि कोरबा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार जिले में नशे के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विशिष्ट आसूचना इनपुट प्राप्त हुआ कि बिलासपुर मार्ग से होकर एक आइसर कंटेनर वाहन में गांजे की बड़ी खेप ले जाई जा रही है।

पुख्ता जानकारी मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर के मार्गदर्शन में, यातायात एवं साइबर प्रभारी रविंद्र कुमार मीना (भा.पु.से.) के नेतृत्व में कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी, कटघोरा थाना, पाली थाना प्रभारी विनोद सिंह एवं कटघोरा थाना पुलिस एवं साइबर सेल की टीम ने सुतर्रा नेशनल हाईवे 130 पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहनों की

जांच शुरू की।

इसी दौरान, देर शाम एक आइसर कंटेनर वाहन (क्रमांक DL 1 MA 8287) सुतर्रा-रापाखर्रा पुल के पास पहुंचा। वहां पहले से मौजूद कटघोरा पुलिस टीम ने वाहन को रोककर चालक से पूछताछ की। उसने अपना नाम राहुल गुप्ता (निवासी दिल्ली) बताया और स्वीकार किया कि वह उड़ीसा से उत्तर प्रदेश के वाराणसी गांजा लेकर जा रहा था।

जब वाहन की तलाशी ली गई, तो ब्राउन टेप से लपेटे गए 100 पैकेट बरामद हुए, जिनमें से प्रत्येक का वजन 5 किलोग्राम था। इस प्रकार कुल 500 किलो गांजा जब्त किया गया।

कानूनी कार्रवाई

कटघोरा पुलिस ने आरोपी राहुल गुप्ता को गिरफ्तार कर वाहन को जप्त कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 20/क्ष्ह्ष्क्ष् एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा रहा है।

आगे की जांच

- पुलिस इस तस्करी से जुड़े अन्य आरोपियों और पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है।
- यह भी पता लगाया जा रहा है कि गांजा किन लोगों तक पहुंचाया जाना था।

संक्षिप्त खबरें

तेज़ रफ्तार ट्रेलर ने स्कूटी सवारों को रौंदा, एक की मौत

रायगढ़-रायपुर/नवप्रदेश। लैलूंगा क्षेत्र के झरन के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक तेज़ रफ्तार ट्रेलर वाहन ने स्कूटी सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही लैलूंगा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल अस्पताल भेजा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रेलर चालक की तलाश जारी है। इस हादसे से स्थानीय लोगों में आक्रोश है और वे सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

भारी वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा-चांपा मार्ग पर सरगबुंदिया स्थित मड़वारानी मंदिर के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। भारी वाहन की चपेट में आने से मंगल सिंह यादव नामक राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने सड़क पर चक्का जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। चक्का जाम के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यातायात बाधित होने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक अमला स्थिति को नियंत्रित करने में जुटा हुआ है। स्थानीय लोगों की मांग है कि हादसे के लिए जिम्मेदार वाहन चालक पर कड़ी कार्रवाई की जाए और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए।

ट्रांसपोर्ट नगर मस्जिद में आग, जनहानि नहीं

कोरबा/नवप्रदेश। गत रात्रि लगभग 10.30 बजे ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मस्जिद के एक कमरे में अचानक वहां रखें रुई के गद्दे कंबल जैसे सामानों में अचानक आग लग गई आग लगता देख लोगों में अफरा तफरी मच गई किंतु मस्जिद में भारी मात्रा में भीड़ होने पर आग पर काबू भी पा लिया गया। सूचना मिलने पर फायर सर्विस की दो-दो गाड़ी मौके पर पहुंच गई फायर सर्विस की गाड़ी पहुंचने से पहले ही लोगों की भीड़ ने आग पर काबू पा लिया था जिससे कि किसी प्रकार की जन की हानि नहीं हुई।

गुल्लू स्थित शराब दुकान से लाखों रुपए पार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम गुल्लू स्थित शराब दुकान में प्रवेश कर अज्ञात चोर ने 29 पेटी देशी शराब और नकदी 13 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उबारन दास पुरैना 34 वर्ष ग्राम गुल्लू का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने ग्राम गुल्लू स्थित शासकीय देशी विदेशी मदिरा दुकान के गेट को उखाड़कर अंदर प्रवेश किया और 29 पेटी देशी मदिरा मशाला और नकदी 13 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 1 लाख 66 हजार 120 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कार का किस्त नहीं पटाया, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। आरोपी ने कार खरीदकर किस्त का रकम अदा नहीं किया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पूरन लाल साहू 60 वर्ष पेंड्रावन सरसींवा का रहने वाला है। प्राथ्र्री ने पुनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड से फायनेंस कराकर कार क्रमांक सीजी 23/ 2053 खरीदा था। जिसका 1 लाख 20 हजार रुपए शेष किस्त पटाना बाकी था। जिससे प्रार्थी ने अपनी कार को आरोपी दीपक वाधवानी को बेच दिया। आरोपी ने वाहन को खरीदने के समय शेष किस्त को स्वयं पटाने की बात कहीं, लेकिन नहीं पटाया। जब प्रार्थी के पास नोटिस आया तब उसे जानकारी मिली। जिससे प्रार्थी ने इसकी शिकायत राजेन्द्र नगर थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रक के टक्कर से एक्टिवा सवार की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम बंगोली कुरा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक चुम्मन लाल साहू 36 वर्ष ग्राम सेमराडीह सुहेला का रहने वाला था।

165 करोड़ से हसदेव प्रदूषण मुक्त होगा

एनटीपीसी हर दिन खरीदेगा 3.30 करोड़ लीटर पानी, निगम का 8 अरब 97 करोड़ 99 लाख का बजट पारित

कोरबा/नवप्रदेश। जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी को प्रदूषण के गाल से बाहर निकालने की दिशा में ठोस कार्य होंगे। इसके लिये केंद्र सरकार की योजना में 165 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। यह जानकारी महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत द्वारा गुरुवार को नगर निगम की सामान्य सभा में बजट प्रस्तुत करते हुए दी गई। महापौर द्वारा प्रस्तुत उनका प्रथम व निगम का 26 वां बजट (पुनरीक्षित बजट वर्ष 2024-25 एवं बजट वर्ष 2025-26) सदन द्वारा बहुमत से अंगीकृत किया गया। अन्य प्रस्ताव भी सर्वसम्मति व बहुमत के साथ पारित किए गए। सभापति नूतन सिंह ठाकुर की अध्यक्षता व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में निगम की साधारण सभा आयोजित हुई। सभा के दौरान कुछ विषयों पर सत्तापक्ष और विपक्ष में तीखी नोंक-झोंक भी हुई। उद्यान और अप्पू गार्डन कैफेटेरिया के मुद्दे पर लम्बी बहस हुई। इससे पहले सभा के प्रारम्भ में सभापति को पार्षद अशोक चावलानी द्वारा एक्सीडेंटल सभापति बोले जाने पर विपक्ष ने हंगामा किया।

कॉलेज विद्यार्थियों को सिटी बस में नि:शुल्क सुविधा

महापौर ने कहा कि कालेज के छात्र-छात्राओं को सिटी बस में निःशुल्क आवागमन की सुविधा प्रदान की जाएगी, खेल मैदानों की व्यवस्था होगी एवं आवश्यकतानुसार ओपनजिम की स्थापना के कार्य किए जाएंगे। कोरबा शहर के मुख्य मार्गों का पुनर्निर्माण एवं आवश्यकतानुसार ओव्हरब्रिज, फ्लाईओव्हर का निर्माण होगा तथा शहर के व्यस्ततम मार्गो के आवागमन हेतु बाईपास सड़कों के निर्माण भी किए जाएंगे। ट्रांसपोर्ट नगर का शीघ्र अनुमोदन एवं स्थापना को सुनिश्चित किया जाएगा।

11 बड़े नालों के दूषित पानी से हसदेव अभिशप्त

महापौर ने कहा कि कोरबा के लिए माँ गंगा स्वरूपा, जीवन रेखा हसदेव नदी के अस्तित्व के कारण ही एक छोटा सा गांव कोरबा आज एक समृद्ध, विकसित, औद्योगिक नगर का स्वरूप धारण कर सका है किन्तु यह दुर्भाग्य रहा है कि कोरबा शहर के 11 बड़े नालों का दूषित पानी हसदेव नदी में मिलकर इसके जल को दूषित करता आ रहा है। नगर निगम कोरबा के भगीरथ प्रयास के परिणाम स्वरूप भारत सरकार एवं राज्य सरकार के सहयोग से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एस.टी.पी.) का निर्माण कराया जाएगा, इस हेतु भारत सरकार से अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत 165 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। एस.टी.पी. की स्थापना कर उसे शहर के 11 बड़े नालों से जोड़ा जाएगा तथा प्रतिदिन 03 करोड़ 30 लाख लीटर दूषित पानी को साफकर इस पानी को एन.टी.पी.सी. को निर्धारित दर पर विक्रय किया जाएगा, इस हेतु एन.टी.पी.सी. एवं नगर निगम कोरबा के बीच एम.ओ.यू. भी किया जा चुका है। इसी प्रकार कोरबा शहर से उत्सर्जित होने वाले गीले कचरे का प्रसंस्करण कर बायो गैस बनाए जाने हेतु कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना भी निगम द्वारा कराई जा रही है, जिसके लिए छत्तीसगढ़ बायो गैस प्राधिकरण, गैस अथारिटी आफइंडिया एवं नगर निगम के मध्य एम.ओ.यू. सम्पन्न हो चुका है। इस निर्मित बायो गैस का उपयोग गैस अथारिटी ऑफइंडिया द्वारा अपने विभिन्न उत्पादों के लिए किया जा सकेगा।

25 करोड़ से सर्वसुविधायुक्त इंडोर स्टेडियम बनेगा

प्रस्तावित बजट में कोरबा शहर विकास योजना में 50 करोड़ रूपये तथा नगर उत्थान योजना के 50 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा गया है। अमृत मिशन 2.0 (टू प्वांइट जीरो) के लिए 10 करोड़ रूपये एवं टरसरी ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 10 करोड़ रूपये का प्रावधान समाहित है। निगम के सभी जोन अंतर्गत फल, सब्जी एवं स्नैक्स-स्वल्पाहार के पृथक-पृथक वेडिंग जोन बनाए जाएंगे। टी.पी. नगर स्थित इंदिरा स्टेडियम परिसर में 25 करोड़ से सर्वसुविधायुक्त इंडोर स्टेडियम निर्माण की योजना है, जिसके अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन कोर्ट, बास्केट बॉल कोर्ट, जूडो-कराटे कोर्ट, व्यू-गैलरी सहित अन्य इंडोर गेम की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

सीसीटीव्ही से सम्पूर्ण शहर की निगरानी, फ्री वाई-फाई भी

स्मार्ट शहरों की तर्ज पर कोरबा में आई.सी.सी.सी. (इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर) लागत 70 लाख रुपये, की स्थापना की जाएगी, जिसके तहत सी.सी. टी.व्ही. के माध्यम से सम्पूर्ण शहर की निगरानी होगी। इसी तरह स्मार्ट सिटी योजना अनुसार निगम की सेवाएं ऑनलाईन करने 10 लाख व निगम क्षेत्रांतर्गत बस स्टैण्ड, हॉस्पिटल, कॉलेज, चैपाटी एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर फ्री वाई-फाई की व्यवस्था हेतु 20 लाख रुपये व्यय का प्रावधान किया गया है। कोरबा शहर के सभी प्रवेश स्थलों पर थीम आधारित प्रवेश द्वारों का निर्माण कराया जाएगा।

खुद का पेट्रोल पंप खोलेगा निगम

बजट प्रावधान के अनुसार नगर निगम द्वारा स्वयं के पेट्रोल पंप की स्थापना की जाएगी। बरसाती नालों का सुदृढ़िकरण एवं निर्माण,ऑक्सीजोन निर्माण, उद्यानों का विकास, मुड़ापार साप्ताहिक बाजार का उन्नयन कार्य, जल उपचार संयंत्र में सोलर संयंत्र स्थापना कार्य, साकेत भवन एवं निगम के अन्य भवनों सोलर सिस्टम की स्थापना का प्रावधान किया गया है।

छट्ठी, वैवाहिक एवं दशगात्र में नि:शुल्क पानी टैंकर

बजट के अनुसार- महिला समूहों को लघु उद्योग हेतु कौशल परीक्षण का लाभ दिलाया जाएगा। शहर में लगने वाले ठेला, गुमटी वालों के लिए स्थाई जगह की व्यवस्था बनाई जाएगी। घंटाघर चैक सहित निगम क्षेत्र के सभी चैक-चैराहों, उद्यानों व तालाबों का सौदंर्गीकरण, धार्मिक स्थलों का आवश्यकतानुसार जीर्णोद्धार के कार्य भी किए जाएंगे। छट्ठी, वैवाहिक एवं दशगात्र कार्यक्रम में निःशुल्क पानी टैंकर की व्यवस्था की जाएगी।

यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी, कई ट्रेने रद्द

रायपुर/नवप्रदेश। उत्तर पूर्व रेलवे के लखनऊ रेल मंडल अंतर्गत गोरखपुर स्टेशन पर अधोसंरचना विकास कार्य के तहत गोरखपुर-गोरखपुर कैंट के बीच तीसरी रेलवे लाइन को जोड़ने के लिए 27 मार्च से 26 अप्रैल 2025 तक नॉन इंटरलोकिंग कार्य किया जाएगा. इस कार्य के पूर्ण होने के बाद ट्रेनों की समयबद्धता और गति में सुधार होगा. इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा. रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है और सहयोग की अपील की है.

रद्द रहने वाली ट्रेनें

- गाड़ी संख्या 18205 (दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस) ङ्क 24 अप्रैल व 01 मई 2025 को रद्द.
- गाड़ी संख्या 18206 (नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस) ङ्क 26 अप्रैल व 03 मई 2025 को रद्द.
- गाड़ी संख्या 18201 (दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस) ङ्क 25 अप्रैल व 03 मई 2025 को रद्द.
- गाड़ी संख्या 18202 (नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस) ङ्क 27 अप्रैल व 05 मई 2025 को रद्द.

बस्तर से उखड़े नक्सलियों के पैर

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा लगातार चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के बाद अब बस्तर में सक्रिय नक्सलियों ने भी स्वीकार करना शुरू कर दिया है कि सुरक्षाबलों की

कार्यवाही में माओवादियों को भारी नुकसान हो रहा है। साल 2025 में जनवरी से मार्च के महीने तक उनके कुल 78 साथी मारे गए हैं। इनमें 7 ग्रामीणों के मारे जाने की बात कही है। अलग-अलग मुठभेड़ों में उनके बड़े कैडर्स के साथी भी ढेर हुए हैं। कोर इलाके में हजारों फोर्स घुस रही है। इसी के विरोध में अब नक्सलियों ने 4 अप्रैल को बीजापुर बंद बुलाया है। नक्सलियों के प्रवक्ता मोहन ने एक पर्चा जारी कर पिछले 3 महीने में हुए एनकाउंटर में संगठन को हुए नुकसान का जिक्र किया है। मोहन के पर्चे में लिखा है कि 12 जनवरी को बंदेपारा के पास 5 साथी, 9 फरवरी को जालिपेरू के पास 31, 20 मार्च को गंगालूर क्षेत्र में 26, उसी दिन कांकेर में 4 और 25 मार्च को माड़ डिवीजन, इंद्रावती क्षेत्र में 3 साथी मारे गए हैं। जबकि 7 ग्रामीणों की भी मौत होने की बात पर्चे में लिखी है। नक्सल लीडर ने कहा कि, केंद्र और राज्य सरकारें दावा कर रही हैं कि वे 31 मार्च 2026 तक माओवादी आंदोलन को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। इस हमले को उसी का एक हिस्सा समझना होगा। केंद्र और राज्य सरकारें योजना के अनुसार दूसरे और तीसरे राज्य और चौथे और पांचवें जिलों के सशस्त्र बलों का इस्तेमाल कर रही है।

सार्वजनिक नहीं हुई निजी स्कूलों की फीस की जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। निजी स्कूलों की मनमानी फीस वसूली को लेकर एक साल पहले ही बाल संरक्षण आयोग ने भी सख्त रूख अपनाया था। निजी स्कूलों की फीस की जानकारी सार्वजनिक करने को कहा था। यानी स्कूलों के बाहर चार गुना आठ फीट का बोर्ड लगाकर तय की गई फीस की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी। साथ ही इसे स्कूल की वेबसाइट पर भी फीस की जानकारी दिखानी होगी। इसके लिए आयोग ने आदेश जारी कर सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर कहा था कि निजी स्कूलों की फीस की जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए, लेकिन इस आदेश का कहीं भी पालन नहीं हो रहा है।

अफसर भी निजी स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग नहीं कर रहे हैं। यही वजह से हर साल निजी स्कूल मनमाने ढंग से अभिभावकों को लूटने की कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में निजी स्कूल संचालक अपनी मर्जी से हर वर्ष फीस में बढ़ोतरी कर रही है।

तय मानक के अनुसार बढ़ा सकते हैं फीस : आयोग की ओर से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ अशासकीय फीस विनियमन और शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अनुसार फीस होगी। तय मानक के अनुसार ही फीस की बढ़ोतरी करनी होगी। आयोग ने सभी जिलों के कलेक्टर और जिला फीस समितियों को आदेश जारी किया था, ताकि फीस बढ़ोतरी की शिकायत पर लगाम कस सकें।

स्कूलों के मनमानी फीस बढ़ाने पर लगाम लगाने के लिए राज्य सरकार 2020 में फीस विनियमक अधिनियम लेकर आई थी

अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया पार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में संतोषी नगर बोरियाखुर्द निवासी भीमलाल साहू 43 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 ईए 4171 को तेलीबांधा मतस्य विभाग के बाहर खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में कुसुम विहार कालोनी कबीरनगर निवासी मोहम्मद साहरूख 28 वर्ष ने कबीरनगर थाना में शिकायत की, कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमयू 7562 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

चंदा वसूली ... मिश्रा चेम्बर रायगढ़ के सीनियर वकील अशोक कुमार मिश्रा

कुनबी समाज के फर्जी अध्यक्ष और उनके सहयोगियों के विरुद्ध अदालत ने जारी किया वारंट

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की राजधानी रायपुर में कुनबी समाज संगठन के पदाधिकारी बन कर संगठन चलाने वाले देवराज पारधी पुरूषोत्तम टोण्डरे और श्याम देशमुख के विरुद्ध न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी रायपुर माननीया अंकिता यदु की अदालत ने भारतीय दण्ड विधान की धारा का अपराध दर्ज कर उनकी उपस्थिति के लिये वारंट जारी कर दिया है ।

इन आरोपियों के विरुद्ध संगठन के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर नाकतोड़े ने मिश्रा चेम्बर रायगढ़ के सीनियर एडवोकेट अशोक कुमार मिश्रा - आशीष कुमार मिश्रा के मार्फत न्यायालय में आपराधिक प्रकरण पेश कराया था एवं आरोप लगाया था कि इन अपराधियों ने संस्था भवन का ताला तोड़कर स्वयं को कुनबी समाज का पदाधिकारी घोषित कर दिया एवं लोगों को ठग-ठग कर चंदा वसूल कर रहे हैं तथा संगठन की रकम का बैंक से आहरण कर रहे हैं जबकि छत्तीसगढ़ शासन ने भी इनकी कार्यकारिणी को अवैध घोषित कर दिया है ।

इन आरोपियों की ठगी का शिकार होने वाले सतीश रावते, विजय बेन्द्रे और रामेश्वर नाकतोड़े ने न्यायालय में अपना बयान दर्ज कराया एवं इनके अपराधों के सबूत के रूप में कुल 10 दस्तावेजी प्रमाण अदालत में पेश किया ।

ज्ञात हो कि कुनबी समाज संगठन का बैंक खाता सील करने के लिये वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्रा द्वारा नोटिस दिये जाने पर बैंक ने इस संस्था का खाता वर्ष 2023 में फ्रीज कर दिया था लेकिन इसके बाद भी आरोपीगण आम

जनता को इस संस्था का पदाधिकारी होना बताकर चंदा वसूलते रहे ।

संस्था के इस फर्जीवाड़ा की अपील मिश्रा चेम्बर द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के समक्ष की गई थी जिस पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने देवराज पारधी की समूची कार्यकारिणी को अवैध होना पाया एवं 15 मार्च 2024 को पंजीयक को निर्देशित किया कि 6 माह के भीतर संस्था का चुनाव कराया जाए परंतु शासन का यह फैसला आने के बाद भी शासन के इस फैसले को न तो आरोपीगण ने महत्व दिया, न ही पंजीयक ने महत्व दिया, जिसके कारण राजधानी में यह फर्जीवाड़ा बेखौफ फलता-फूलता रहा एवं अपराधीगण कानून को अंगूठा दिखा कर चिढ़ाते रहे लेकिन जब यह मामला अदालत में पहुंचा, तब इन अपराधियों की सभी चालाकी धरी की धरी रह गई एवं वे कानून की गिरफ्त में आ गए ।

यहां यह उल्लेखनीय है कि न्यायालय द्वारा इन अपराधियों के विरुद्ध आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डनीय धाराओं का अपराध पंजीबद्ध किया गया है जबकि पंजीयक फर्म्स एण्ड सोसायटी का कार्यालय इन आरोपियों का मददगार बनकर इन्हें भरपूर सहयोग देता रहा एवं शासन का आदेश होने के बाद भी इनके हाथ से संस्था की बागडोर छीनने में नाकामयाब रहा ।

न्यायालय में आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्य और दस्तावेज पेश करने के बाद 5 फरवरी को इस मामले में रायगढ़ के सीनियर वकील अशोक कुमार मिश्रा और उनकी सहयोगी श्रीमती शीलू त्रिपाठी द्वारा तर्क प्रस्तुत किया गया, जिसके पश्चात न्यायालय ने संपूर्ण प्रकरण का अध्ययन करने के बाद आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दण्ड विधान की धारा 417, 420, 466, 467, 468, 471, 120 बी का अपराध दर्ज कर लिया एवं उनकी उपस्थिति के लिये वारंट जारी कर दिया है।

न्यायालय के आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए परिवादी रामेश्वर नाकतोड़े ने कहा कि आज उन्हें यह महसूस हुआ है कि कानून जिन्दा है वरना इन आरोपियों को देख कर उन्हें ऐसा लगने लगा था कि कानून का अस्तित्व ही नहीं है।

प्रकरण की पैरवी करने वाले अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्रा और श्रीमती शीलू त्रिपाठी ने कहा कि न्यायालय का यह आदेश बाहुबली अपराधियों के लिये यह संदेश है कि अपराध करने के बाद उसके परिणाम से बचना नामुमकिन है क्योंकि न्यायालय की नजर में कोई बाहुबली नहीं है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com